@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
रविवार, 9 नवंम्बर 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 5 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## आरएसएस पूरे विश्व का सबसे अनोखा संगठन : मोहन भागवत

**● भारत समेत कई देशों में कर रहा समाजसेवी कार्यः सरसंघचालक**

**एजेंसी**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के दो दिवसीय व्याख्यानमाला के पहले दिन शनिवार को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने संघ को पूरे विश्व का सबसे अनोखा संगठन बताया है। उन्होंने कहा कि आज संघ भारत समेत कई देशों में समाजसेवी कार्य कर रहा है। आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बेंगलुरु में 'संघ की यात्रा के 100 वर्ष पूरे होने पर नए क्षितिज व्याख्यान श्रृंखला का उद्घाटन किया। विश्व संवाद केंद्र कर्नाटक द्वारा आयोजित इस सत्र में संघ के विकास और अपनी शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ते भविष्य की दिशा के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा, 'आरएसएस के समर्थन या विरोध में आपकी जो भी राय हो, वह तथ्यों पर



आधारित होनी चाहिए, धारणा पर नहीं, इसलिए जब हमने अपने सौ वर्ष पूरे किए तो सोचा गया कि देश में चार जगहों (दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, कलकत्ता) पर ऐसी व्याख्यान श्रृंखला आयोजित की जाए।'

उन्होंने कहा, 'इसी जरूरत को देखते हुए संघ की कल्पना की गई और संघ को लागू किया गया। हमारे पास आक्रमणों का एक लंबा इतिहास रहा है और युद्ध के माध्यम से स्वतंत्रता प्राप्त करने का अंतिम प्रयास 1857 में हुआ था। यह एक अखिल भारतीय प्रयास था।'डॉ. मोहन भागवत ने कहा, ÷कुछ लोगों ने कहा कि यह समय की बात है, इस लड़ाई में हम असफल रहे, हमें फिर से लड़ना होगा। हमें युद्ध जारी रखना होगा। हम इस लड़ाई में असफल रहे, हमें तैयारी करनी होगी और फिर से लड़ना होगा। यह सिलसिला 1945 तक चलता रहा और सुभाष बाबू कथित तौर पर विमान में लगी आग की दुर्घटना में मारे गए। दो साल में हमें आजादी मिल गई।'उन्होंने कहा, 'सबसे पहले हमें संघ के बारे में जानना चाहिए। संघ के कई शुभचिंतक भी संघ को किसी विशेष परिस्थिति की प्रतिक्रिया बताते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। संघ का जन्म प्रतिक्रिया या विरोध से नहीं हुआ है। संघ हर समाज की एक अनिवार्य आवश्यकता को पूरा करने के लिए है।' डॉ. मोहन भागवत ने कहा, 'भारत तभी विश्व गुरु बनेगा जब वह दुनिया को यही अपनेपन का सिद्धांत सिखाएगा। हमारी परंपरा 'ब्रह्म' या 'ईश्वर' कहती है, उसे आज विज्ञान 'यूनिवर्सल कॉन्शसनेस' कहता है।'

## कांग्रेस ने मान लिया कि बिहार में एनडीए की सरकार बनने जा रही है : सुधांशु त्रिवेदी

*इस जीत के बाद नीतीश कुमार फिर से सीएम की कुर्सी पर विराजमान होने जा रहे हैं।*

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को कहा कि बिहार में पहले चरण के मतदान संपन्न होने के बाद कांग्रेस ने यह मान लिया है कि प्रदेश में एनडीए की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनने जा रही है। इस जीत के बाद नीतीश कुमार फिर से सीएम की कुर्सी पर विराजमान होने जा रहे हैं। बातचीत में सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पहले चरण के मतदान से पहले कांग्रेस मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) को हवा दे रही थी और अब जब पहले चरण का मतदान संपन्न हो चुका है, तो कांग्रेस की तरफ से यह कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कट्टे के दम पर नीतीश कुमार को सीएम पद की जिम्मेदारी सौंपेंगे। कांग्रेस की इस थ्योरी से यह साफ जाहिर हो रहा है कि अब इस पार्टी ने मान लिया है कि सूबे में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। प्रदेश की जनता का मिजाज पूरी तरह से एनडीए के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से अपने बयान में कहा था कि राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर बंदूक रखवाकर सीएम पद के उम्मीदवार की घोषणा करवाई। कांग्रेस के इस रुख के बाद प्रधानमंत्री का यह बयान पूरी तरह से सार्थक प्रतीत होता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मैं इस बात को समझ सकता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी के बयान के बाद कांग्रेस की भावना आहत हुई होगी कि कैसे उन्हें कट्टे से जोड़ दिया गया। कट्टा तो राजद की पहचान है, न कि कांग्रेस की। वैसे पूरा देश जानता है कि कांग्रेस की पहचान देश के बड़े-बड़े खूंखार अपराधियों को संरक्षण देने की रही है। कांग्रेस के लोगों ने तो ओसामा को ओसामा जी और हाफिज को हाफिज साहब कहकर संबोधित किया। अफजल को हालात का मारा हुआ बता दिया और याकूब मेमन के मामले को 'ज्यूडिशरी किलिंग' की संज्ञा दी गई। जाकिर नाइक को शांति का मसीहा कहा गया। उन्होंने कहा कि मैं निश्चित तौर पर समझ सकता हूं कि जिन लोगों ने आतंकियों का महिमामंडन किया हो, आतंकियों का समर्थन करने में सारी हदें पार कर दी हों, ऐसी स्थिति में अगर हम उनकी तुलना कट्टे से करेंगे, तो उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचेगी ही। ये लोग निश्चित तौर पर अपने मन में कह रहे होंगे कि हम लोग थोड़ी न कट्टे वाले लोगों के बराबर हैं, हम तो इनसे बढ़कर हैं।



## 'वंदे मातरम' के नाम पर विरासत चुराने की कोशिशः अशोक गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर केंद्र सरकार की तरफ से विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर कहा कि यह हमारी विरासत को चुराने की कोशिश है। उन्होंने समाचार एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा कि अतीत खुद इस बात की तस्दीक करता है कि वंदे मातरम का भाजपा से कोई सरोकार नहीं है। कभी इन लोगों ने इसे वरीयता नहीं दी। हमारे कांग्रेस के वरिष्ठ और दिग्गज नेताओं ने जितना सम्मान इस गीत को दिया, उतना यह लोग कभी नहीं दे पाएंगे। इस गीत को सबसे पहले बंकिमचंद्र चटर्जी ने लिखा और रविंद्रनाथ टैगोर ने गाया था। ऐसी स्थिति में इस गीत का इन लोगों से तो कोई सरोकार नहीं बनता है। ऐसी स्थिति में मुझे समझ नहीं आ रहा है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 से 12 नवंबर तक दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच मैत्री एवं सहयोग के विशेष संबंधों को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की जा रही है तथा दोनों देशों के बीच नियमित उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय संवाद की परंपरा का प्रतीक है। शनिवार को विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक से भेंट करेंगे। दोनों नेता संयुक्त रूप से 1020 मेगावाट पनात्सांगचू-II जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन करेंगे, जिसे भारत सरकार और भूटान की राजशाही सरकार ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। इसके साथ प्रधानमंत्री भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के 70वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों में भी भाग लेंगे।

## इसरो को चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से एडवांस डेटा प्रोडक्ट्स मिले

**चांद के ग्लोबल एसप्लोरेशन की दिशा में एक बड़ा कदम**

**एजेंसी**
**नई दिल्ली ।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से एडवांस डेटा प्रोडक्ट्स प्राप्त करने की जानकारी दी। इसमें चंद्रमा के पोलर रीजन के फिजिकल और डाइइलेक्ट्रिक प्रॉपर्टीज पर नए पैरामीटर्स भी शामिल हैं। इसरो का कहना है कि यह भविष्य में ग्लोबल एक्सप्लोरेशन की दिशा में एक बड़ा डेवलपमेंट है। संगठन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'इसरो को चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से एडवांस डेटा प्रोडक्ट्स प्राप्त हुए हैं, जो कि लूनर पोलर रीजन को लेकर गहरी समझ के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।' इसरो ने आगे बताया कि इसमें चंद्रमा के सतह की फिजिकल और डाइइलेक्ट्रिक प्रॉपर्टीज को लेकर जानकारी देने वाले महत्वपूर्ण पैरामीटर्स



शामिल हैं। संगठन ने कहा, 'यह चंद्रमा को लेकर भविष्य के ग्लोबल एक्सप्लोरेशन की दिशा में भारत का एक बहुत बड़ा योगदान होगा।' लूनर ऑर्बिट में चंद्रयान-2 ऑर्बिटर अपने डुअल फ्रीक्वेंसी सिंथेटिक अपर्चर रडार (डीएफएसएआर) से 2019 से लगभग 1400 रडार डेटासेट और हाई-क्वालिटी डेटा उपलब्ध करवा चुका है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह पहला ऐसा इंस्ट्रूमेंट है, जो 25 मीटर/ पिक्सल के रेजोल्यूशन पर चंद्रमा को एल बैंड फुल-पोलरिमेट्रिक मोड में मैप करता है। यह एडवांस्ड रडार मोड वर्टिकल और हॉरिजॉन्टल दोनों दिशाओं में सिग्नल को भेजने के साथ-साथ रिसीव भी करता है। यह चंद्रमा की सतह से जुड़ी प्रॉपर्टीज को स्टडी करने के लिए एक अच्छा तरीका बनता है। अहमदाबाद में स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर के साइंटिस्ट ने इन डेटा सेट्स का इस्तेमाल कर वॉटर-आईस की संभावित मौजूदगी, सतह का खुरदरापन और डाईइलेक्ट्रिक कॉन्स्टेंट पर एडवांस डेटा प्रोडक्ट्स डेवलप किए हैं।

## अब न्याय सबके लिए पहुंच योग्य हो गया : मोदी

*'ईज ऑफ डूइंग' और 'ईज ऑफ लिविंग' बिना 'ईज ऑफ जस्टिस' के संभव नहीं : प्रधानमंत्री*

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजधानी दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट में कानूनी सहायता वितरण तंत्र को मजबूत करने पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कानूनी सहायता वितरण तंत्र की मजबूती और कानूनी प्रक्रिया देश से जुड़ा ये कार्यक्रम हमारी न्यायिक व्यवस्था को नई मजबूती देगा। मैं 20वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस की आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि अब न्याय सबके लिए पहुंच योग्य हो गया है। अब समय से न्याय होता है और किसी भी तरह की सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि देखे बिना हर व्यक्ति तक पहुंचता है। तभी वह सामाजिक न्याय की नींव बनता है। कानूनी सहायता इस बात में बहुत बड़ी भूमिका निभाती है कि न्याय सभी के लिए पहुंच योग्य हो। पीएम मोदी ने कहा कि 'ईज ऑफ डूइंग'



और 'ईज ऑफ लिविंग' तभी संभव है जब 'ईज ऑफ जस्टिस' भी सुनिश्चित हो। पिछले कुछ सालों में 'ईज ऑफ जस्टिस' को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं और आगे भी हम इस दिशा में तेजी लाएंगे। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता (मीडिएशन) हमेशा हमारी सभ्यता का हिस्सा रही है। नया मीडिएशन एक्ट इसी परंपरा को आगे बढ़ा रहा है, उसे आधुनिक स्वरूप दे रहा है। मुझे विश्वास है कि इस प्रशिक्षण मॉड्यूल के माध्यम से सामुदायिक मध्यस्थता के लिए ऐसे रिसोर्स तैयार होंगे, जो विवादों को सुलझाने, सद्भाव बनाए रखने और मुकदमेबाजी को कम करने में मदद करेंगे।उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी आज समावेशन और सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है। न्याय वितरण में ई-कोर्ट परियोजना भी इसका एक शानदार उदाहरण है। जब लोग कानून को अपनी भाषा में समझते हैं तो इससे बेहतर अनुपालन होता है और मुकदमेबाजी कम होती है। इसके साथ ही ये भी आवश्यक है कि निर्णय और कानूनी दस्तावेज को स्थानीय भाषा में उपलब्ध कराया जाए। पीएम मोदी ने कहा कि यह वाकई बहुत सराहनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 80 हजार से अधिक जजमेंट्स को 18 भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की पहल की है।

## प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत के सपने को पूरा करने में अग्रसर : ओम बिरला

**● लोकसभा अध्यक्ष का टोंक में किया भाजपाईयों ने भव्य स्वागत**

**एजेंसी**
**टोंक।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को टोंक आगमन पर शहर सहित जिले भर में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा एवं सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत अभिनंदन किया। भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक अजीतसिंह मेहता के नेतृत्व में पुरानी टोंक काला बाबा चौराहा क्षेत्र में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के टोंक आगमन पर भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज दुनिया में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए और कठिन मेहनत करने की जरूरत है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक व सामाजिक परिवर्तन हो रहा है। पूरे विश्व की नजर भारत पर है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कठिन परिश्रम एवं नीतियों से भारत प्रगति के पथ पर आर्थिक सामाजिक परिवर्तन के कारण मोदी के नेतृत्व में परिकल्पना कर दुनिया देश का नाम रोशन हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान जगदीश गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष लोकसभा अध्यक्ष बिरला का अपने-अपने अंदाज में बनाये चित्र भेंट किये, वही विभिन्न समाजों के पंच पटेलों व कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया।



श्यामलाल जैन, सतीश चन्देल, महेन्द्र चौधरी, मनीष बंसल, पांचू लाल माली, रमेश गढ़वाल, सत्यनारायण सैन, लेखराज महावर सहित सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर कला पर्व पर रूस से आये 18 कलाकारों जिसमें रसिया, भारत, नेपाल सहित 15 राज्यों से आये चित्रकारों ने इस अवसर पर उने साथ काबिना मंत्री हीरालाल नागर भी उपस्थित थे। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ गर्मजोशी से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत किया।

## हैदराबाद में शेखावत का दमदार रोड शो जुबली हिल्स उपचुनाव में जनता से मांगा समर्थन

**एजेंसी**
**हैदराबाद/जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने हैदराबाद के एर्रागड्डा क्षेत्र में आयोजित जुबली हिल्स उपचुनाव के प्रचार अभियान में भाजपा प्रत्याशी लंकला दीपक रेड्डी के समर्थन में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित किया और रोड शो में भाग लिया। इस अवसर पर शेखावत के साथ केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी गारू एवं विधायक पायल शंकर गारू भी उपस्थित रहे। रोड शो के दौरान जनता का उत्साह देखने योग्य था। शेखावत ने जनता से सीधे संवाद करते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया और राज्य की कांग्रेस सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि ÷यह निश्चित है कि यहाँ की कांग्रेस सरकार ने जनता को अत्यंत निराश किया है। भाजपा ही वह विकल्प है जो जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतर सकती है।' हैदराबाद प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने 'कोटि दीपोत्सव' के भव्य समारोह में भी भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि 'रात्रि का वह दृश्य, जब लाखों दीपकों का प्रकाश चारों ओर फैला था, अविस्मरणीय और



आत्मा को स्पर्श करने वाला था।' उन्होंने इस अद्भुत आयोजन के सफल संचालन पर भक्ति टीवी के प्रमुख थुम्मला नरेंद्र चौधरी और श्रीमती रमा देवी को हार्दिक बधाई दी। शेखावत ने कहा कि इस दीपोत्सव ने यह सिद्ध कर दिया कि सनातन धर्म की आस्था और शक्ति अटूट है तथा भक्तिभाव से प्रकाशित यह आयोजन भव्यता और श्रद्धा का अनोखा संगम रहा।

## हरित ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करेगा भारतः मनोहर लाल

**● आने वाले वर्षों में एनएचपीसी हरित ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करेगा**

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में एनएचपीसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री के वर्ष 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को पूरा करने में एनएचपीसी जैसी संस्थाओं की भूमिका निर्णायक होगी। आने वाले वर्षों में एनएचपीसी हरित ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करेगा और भारत को आत्मनिर्भर बनाने में अहम योगदान देगा। फरीदाबाद में राष्ट्रीय जलविद्युत निगम लिमिटेड (एनएचपीसी लिमिटेड) ने अपना 51वां स्थापना दिवस मानते हुए 50 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का भव्य उत्सव आयोजित किया। इस अवसर पर एनएचपीसी के कॉर्पोरेट कार्यालय सहित सभी क्षेत्रीय कार्यालयों, विद्युत परियोजनाओं और पावर स्टेशनों में विविध कार्यक्रम हुए। मुख्य समारोह 'अचीवमेंट बुक' का विमोचन किया। भारत सरकार के डाक विभाग ने एनएचपीसी की 50 वर्ष की उपलब्धियों को यादगार बनाने के लिए 12 प्रतिष्ठित बांधों और बैराजों



में केंद्रीय विद्युत, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा जारी एनएचपीसी पर आधारित 'कस्टमाइज्ड माई स्टैम्प' तथा 50 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाने वाली पर आधारित 'माई स्टैम्प' जारी किया, जो देश की जलविद्युत क्षमता और इंजीनियरिंग कौशल का प्रतीक है। साथ ही 'अचीवमेंट बुक' में वर्ष 1975 से अब तक की प्रगति, तकनीकी उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण में योगदान को विस्तार से दिखाया गया।

## संसद का शीतकालीन सत्र 1 से 19 दिसंबर तक, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र इस साल 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। संसद के दोनों सदनों की कुल मिला कर इस सत्र में 15 बैठकें आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को संसद के शीतकालीन सत्र को बुलाने की मंजूरी दे दी है। शनिवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर जानकारी दी कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मुने 1 दिसंबर 2025 से 19 दिसंबर, 2025 तक (संसदीय कार्य की अनिवार्यताओं के अधीन) संसद का शीतकालीन सत्र आयोजित करने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सत्र रचनात्मक और सार्थक सत्रहोगा जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत करे और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करे। वहीं संसद के शीतकालीन सत्र की घोषणा



होते ही इस राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता, सांसद जयराम रमेश ने इस सत्र के छोटे और देर से बुलाए जाने पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा यह शीतकालीन सत्र इतनी देर से क्यों बुलाया गया। यह आमतौर पर 20 से 23 नवंबर और 24 दिसंबर के बीच आयोजित होता है और तीन से चार हफ्ते तक चलता है।

## आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के बिना सच्चा विकास संभव नहीं: वीके सिंह

**● डॉ. सिंह ने कहा कि चीन के दौर को देखें, उन्होंने आर्थिक रूप से क्रांतिकारी बदलाव किया।**

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** मिजोरम के राज्यपाल जनरल (रि.) डॉ. वीके सिंह ने शनिवार को कहा कि जब तक हम आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं होंगे, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं है।राज्यपाल डॉ. सिंह अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में विकसित भारत 2047 विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों के कल्याण को बढ़ावा देना तथा राष्ट्रीय विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर विचार-विमर्श करना था। सेमिनार में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राम माधव भी उपस्थित रहे। सेमिनार में वक्ताओं ने आर्थिक आत्मनिर्भरता, समाजवादी सोच से मुक्ति, महिला सशक्तिकरण



और हरित विकास जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की। डॉ. सिंह ने कहा कि चीन के दौर को देखें, उन्होंने आर्थिक रूप से क्रांतिकारी बदलाव किया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग चीजों पर बात करने के बजाय उद्योग और मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस करें। जब तक हम अपनी जरूरतों को समझकर काम नहीं करेंगे, तब तक कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने एमएसएमई सेक्टर का उल्लेख कर कहा कि गाजियाबाद जैसे क्षेत्रों में दो प्रमुख उद्योग स्थापित हो चुके हैं। कृषि क्षेत्र में भी बदलाव पर जोर देते हुए सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया में अपनी प्राकृतिक उपज को बेचें। प्राकृतिक खेती पर धीरे-धीरे जोर दिया जा रहा है, लेकिन लोगों में विश्वास जगाना जरूरी है कि इससे नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि लक्ष्य बड़ा होना चाहिए, तभी कुछ बड़ा किया जा सकता है। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हवाले से कहा कि आज के समय में पैसे की कमी नहीं है। ई-गवर्नेंस से देश को भारी लाभ मिल रहा है। पारदर्शिता आने पर भ्रष्टाचार समाप्त हो जाता है।डॉ. सिंह ने कहा कि कोई भी देश तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक वह आर्थिक रूप से सशक्त न बन जाए। समाज समावेशी और न्यायपूर्ण न होने पर प्रगति असंभव है। उन्होंने 1947 की समाजवादी सोच का जिक्र करते हुए कहा कि समाजवाद ने सबको काम देने का वादा किया, लेकिन अब लोगों को समझने का समय आ गया है। समाजवादी सोच से बाहर आना होगा। पिछले 11 वर्षों में गरीबी की दर में उल्लेखनीय कमी आई है।महिला सशक्तिकरण पर सिंह ने कहा कि आज 14 प्रतिशत कार्यबल महिलाओं का है, लेकिन 2047 तक इसे 35-40 प्रतिशत तक पहुंचाना होगा।

## बिहार चुनाव पर बोले मल्लिकार्जुन खड़गे- महागठबंधन को मिल रही मजबूती

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि महागठबंधन आत्मविश्वास से भरा है और सक्रियता से काम कर रहा है। हमारे सभी लोग मैदान में हैं। शनिवार को भी प्रियंका गांधी 3 सभाएं कर रही हैं। खड़गे ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने शुक्रवार को 3 सभाएं की थीं, मैंने दो सभाएं कीं, और रविवार को राहुल गांधी फिर जाएंगे। इसके साथ ही तेजस्वी यादव भी पूरी ऊर्जा के साथ प्रचार कर रहे हैं। उनके अलावा वीआईपी पार्टी और हमारे कई सहयोगी भी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। यह तय है कि महागठबंधन मजबूत हो रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए के 160 सीटों की जीत का दावा किया, जिसे लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वे हमेशा झूठे दावे करते हैं और ईमानदारी से कहूं तो उनके झूठ का एक ही जवाब दोहराना अब सही नहीं लगता। उन्होंने कहा कि गनीमत है कि उन्होंने ये नहीं बोला कि 243 सीटें आएंगी। वे इससे पहले भी ऐसे झूठ बोल चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग देश के संविधान को खत्म करना चाहते हैं। अगर आप इनके झूठ में फंसे तो खुद का बहुत बड़ा नुकसान कर बैठेंगे। केंद्र सरकार कहती है, हमने महिलाओं को सम्मान दिया, उन्हें जागृत किया, लेकिन असलियत यह है कि आज महिलाओं और दलितों के साथ अत्याचार किया जा रहा है।

## माली में पांच भारतीयों का अपहरण

नई दिल्ली (एजेंसी)। अफ्रीकी देश माली में पांच भारतीय नागरिकों को किडनैप कर लिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। पश्चिमी माली के कोबरी इलाके में गुरुवार को कुछ हथियारबंद लोगों ने भारतीयों को अगवा कर लिया। ये सभी एक बिजली कंपनी में काम करते थे। कंपनी के एक प्रतिनिधि ने बताया कि 5 भारतीयों का अपहरण कर लिया गया है। कंपनी के बाकी भारतीय कर्मचारियों को सुरक्षित राजधानी बमाको पहुंचा दिया गया है। अभी तक किसी समूह ने अपहरण की जिम्मेदारी नहीं ली है। माली में सैन्य शासन है और 2012 से ही देश में अस्थिरता, तख्तापलट और जिहादी हमले बढ़ते जा रहे हैं। अल-कायदा से जुड़ा छुह्हुरू समूह ईंधन की सप्लाई रोककर आर्थिक संकट बढ़ा रहा है।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर के कुकी-जोसमुदाय के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 6 और 7 नवंबर 2025 को मणिपुर के कुकी-जोसमुदाय के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक पहले से चल रहे शांति समझौते (एसओओ-संचालन निलंबन समझौता) के तहत हुई, जिसमें सरकार और कुकी-ज़ो समूहों के बीच जारी संवाद का हिस्सा है। बैठक में कुकी-जो प्रतिनिधियों ने केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा मांग की, जिसमें एक विधानमंडल भी शामिल हो। उन्होंने अपनी मांग को संवैधानिक और ऐतिहासिक आधार बताया। लेकिन केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साफ कहा कि भारत सरकार उनकी कठिनाइयों को समझती है, लेकिन वर्तमान नीति नई केंद्र शासित प्रदेशों के निर्माण का समर्थन नहीं है। गृह मंत्रालय ने कहा कि किसी भी फैसले से पहले मणिपुर के अन्य समुदायों से भी व्यापक परामर्श ज़रूरी है। मंत्रालय ने फिर कहा कि राज्य में स्थायी शांति और आपसी विश्वास स्थापित करना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है, इसलिए संवाद जारी रहेगा। यह वार्ता पिछले समझौते का हिस्सा है, जो 2008 में हुआ था। तब से वार्ता जारी है, और इस बार भी सभी पक्ष शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमत हैं। कुकी-ज़ो समुदाय की मांग को लेकर सरकार ने साफ कर दिया कि नई नीति की वजह से नया केंद्र शासित प्रदेश बनाने का समर्थन फिलहाल संभव नहीं है। केंद्र सरकार चाहती है कि सभी समुदायों की सहमति से ही कोई बड़ा कदम उठाया जाए।

## दिल्ली में बढ़ रहा वायु प्रदूषण, सरकारी कर्मचारियों के कार्य समय में हुआ बदलाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने वायु प्रदूषण समस्या के चलते सरकारी कर्मचारियों के कार्य समय में बदलाव करने की घोषणा की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह नया शेड्यूल 15 नवंबर से लागू किया जाएगा और 15 फ़रवरी 2026 तक लागू रहेगा। नए समय के मुताबिक दिल्ली सरकार के कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 6:30 बजे तक खुलेंगे। वहीं नगर निगम के कार्यालय सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे। अभी तक दिल्ली सरकार के दफ्तर सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक और एमसीडी के दफ्तर सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुलते थे। रिपोर्ट के मुताबिक बयान में कहा गया है कि वर्तमान समय-सारणी में सिर्फ 30 मिनट का अंतर है, जिसकी वजह से पीक टाइम में भारी ट्रैफिक जाम लगता है और शहर की वायु गुणवत्ता खराब हो जाती है। नई समय-सारणी 15 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार सुबह राजधानी की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' थी, जहां एक्युआई 312 रहा। गुरुवार को यह 600 तक पहुंच गया था। अधिकारियों का कहना है कि नई व्यवस्था से ट्रैफिक दबाव कम करने और प्रदूषण घटाने में मदद मिलेगी। दिल्ली और एनसीआर के शहरों में ठंड बढ़ने के साथ वायु गुणवत्ता बिगड़ गई है। एक्युआई के आंकड़ों के मुताबिक शनिवार सुबह 7 बजे दिल्ली का एक्युआई 566 दर्ज किया गया है, जो 'खतरनाक' श्रेणी में आता है। सुबह के दृश्य में पूरे शहर पर गहरी स्मॉग चादर दिखी और सड़कों व इलाकों में दृश्यता काफी घट गई।

## गोरखधाम एक्सप्रेस का इंजन फेल, देर रात ठंड में यात्री हुए परेशान

हाथरस (एजेंसी)। कानपुर-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर गोरखधाम एक्सप्रेस का इंजन फेल हो गया। शुक्रवार देर रात इसकी वजह से ट्रेन करीब 3 घंटे तक हाथरस जंक्शन पर खड़ी रही। रेलवे अधिकारियों ने दूसरे इंजन की मदद से ट्रेन को शनिवार सुबह 5:30 बजे अलीगढ़ रवाना किया। इंजन फेल होने के कारण जहां ट्रैक पर आने वाले कई ट्रेन प्रभावित हुईं, वहीं ठंड में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गोरखपुर से बठिंडा की तरफ जा रही गोरखधाम एक्सप्रेस हाथरस जंक्शन स्टेशन को पार कर रही थी, इसी दौरान उसका इंजन फेल हो गया। शुक्रवार रात ढाई बजे ट्रेन हाथरस जंक्शन स्टेशन पर खड़ी हो गई। ट्रेन के चालक ने इंजन फेल होने की सूचना कंट्रोल रूम को दी। जानकारी मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे। 3 घंटे बाद सुबह 5:30 बजे ट्रेन में दूसरा इंजन लगाया गया और ट्रेन को अलीगढ़ रवाना किया। इस दौरान अप ट्रैक की करीब 10 ट्रेनों को लूप लाइन में डाला गया जहां से धीमी गति के साथ अलीगढ़ की तरफ रवाना किया गया।

## भूत भगाने की रस्म के नाम पर युवती को बीड़ी पीने और शराब पीने के लिए किया मजबूर

कोट्टायम (एजेंसी)। केरल के कोट्टायम जिले से हैरान कर देने वाला मामला आया है, जहां एक युवती को उसके साथी और परिवारवालों ने काला जादू के नाम पर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी। इस दौरान बीड़ी और शराब पिलाकर अमानवीय तरीके से भूत भगाने की रस्म के तहत प्रताड़ित किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक अखिल दास (26), उसके पिता दास (54) और एक तांत्रिक शिवदास (54) को मामले में गिरफ्तार किया। घटना पिछले हफ्ते की है, जब युवती के साथी के परिवार ने एक तांत्रिक को घर बुलाकर झाड़-फूंक करने की योजना बनाई। आरोप है कि उन्होंने कहा कि युवती के शरीर में उसके मृत रिश्तेदारों की आत्मा प्रवेश कर गई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि यह झाड़-फूंक सुबह 11 बजे शुरू होकर देर रात तक चलती रही। इस दौरान मुझे बीड़ी पीने और शराब पीने के लिए मजबूर किया। साथ ही भस्म (सिंदूर मिश्रित राख) खिलाई गई और जलते धूप से शरीर पर जलाने के निशान दिए गए। इसके बाद अंत में युवती बेहोश हो गई।

# भारत की आपत्ति के बाद भी रूसी सेना में हो रही भारतीयों की भर्ती

### जायसवाल ने रुसी अधिकारियों से जल्द कार्यमुक्त करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत आपत्ति के बाद भी रूसी सेना में भारतीयों को लगातार भर्ती किया जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब भी रूस की सेना में कम से कम 44 भारतीय हैं। भारत सरकार ने रूस से उन्हें तत्काल कार्यमुक्त करने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने इस मामले को उठाया है और उनसे रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती रोकने का आग्रह किया है।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हमें कई भारतीय नागरिकों के रूसी सेना में भर्ती होने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि हमारी जानकारी के मुताबिक वर्तमान में 44 भारतीय नागरिक रूस की सेना में हैं। भारतीय अधिकारियों ने सितंबर में कहा था कि रूसी सेना में 27 भारतीय हैं। जायसवाल ने कहा कि भारत ने इस मामले को रूसी अधिकारियों के साथ उठाया है और उनसे भारतीयों को 'जल्द से जल्द कार्यमुक्त करने और इस प्रथा को खत्म करने' का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि हम रूसी पक्ष और सेना में भर्ती किए लोगों के परिवारों के भी संपर्क में हैं और उन्हें मामले की जानकारी दे रहे हैं। ऐसी खबरें सामने आई हैं कि छात्र और व्यावसायिक वीजा पर कुछ भारतीयों को यूक्रेन में युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर तैनात रूसी सैन्य इकाइयों में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया है। भारत बार-बार रूस से रूसी सैन्य इकाइयों में रसोइये और सहायक जैसे सहायक कर्मचारियों के रूप में कार्यरत सभी भारतीयों को छोड़ने का अनुरोध करता रहा है।

पीएम मोदी ने भी पिछले साल अपनी रूस यात्रा के दौरान यह मुद्दा उठाया था। जायसवाल ने भारतीयों से रूसी सेना में सेवा करने के प्रस्तावों से दूर रहने का आह्वान किया क्योंकि ये 'जान के लिए खतरा' हैं। उन्होंने कहा कि हमने यह कई बार कहा है। हमारे बार-बार कहने के बावजूद लोगों की भर्ती की जा रही है। अगर कोई ऐसा करना चाहता है, तो हम उसे रोक नहीं सकते, लेकिन हम इस बात पर जोर देते रहेंगे कि इन नौकरियों के लिए आवेदन करने के बाद आपको इन खतरों के बारे में पता होना चाहिए। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक रूसी सेना द्वारा भर्ती किए गए भारतीयों की संख्या अब करीब 170 है। रूसी अधिकारियों ने 96 लोगों को कार्यमुक्त कर दिया है, जबकि 16 अन्य को लापता घोषित किया है। यूक्रेन में संघर्ष के अग्रिम मोर्चे पर लड़ते हुए कम से कम 12 भारतीय मारे गए थे।

## भारतीय जवानों ने सीमा पर घुसपैठ को किया नाकाम, 2 आतंकियों को कर दिया ढेर

**जम्मू (एजेंसी)।** भारतीय सीमा पर तैनात बहादुर जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर जवानों ने 2 अज्ञात आतंकवादियों को मारा गिराया है। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने बताया कि खुफिया एजेंसियों से इनपुट मिला था। इसके आधार पर कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को रोकने के लिए अभियान शुरू किया गया। सेना ने एक्स पर पोस्ट में कहा, सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी और चुनौती दी। इस दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। फिलहाल इलाके की तलाशी जारी है। वहीं, श्रीनगर में पुलिस ने शुक्रवार को तीन संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद जब्त कर आतंकी साजिश नाकाम कर दी गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ममता चौक, कोनाखान डलगेट के पास नियमित वाहनों की जांच चल रही थी। इस दौरान पुलिस की टीम ने बिना पंजीकरण संख्या वाली काले रंग की मोटरसाइकिल को रोका। रुकने का इशारा करने पर मोटरसाइकिल सवार और पीछे बैठे दो लोगों ने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने उन्हें तुरंत पकड़ लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान शाह मुतैयब और कामरान हसन शाह के रूप में हुई है। ये दोनों कुलीपोरा खानयार श्रीनगर के निवासी हैं। मोहम्मद नदीम उत्तर प्रदेश के मेरठ का निवासी है और वर्तमान में कावा मोहल्ला, खानयार में रह रहा है। पुलिस ने बताया कि इनके पास से एक देसी कट्टा और 9 जिंदा कारतूस बरामद हुए। शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि आरोपी बरामद हथियार और गोला-बारूद का इस्तेमाल करके इलाके में किसी आतंकी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

## तुष्टिकरण के आरोप पर रेवंत रेड्डी बोले- फोटो भेजूंगा, पीएम मोदी ने भी पहनी थी टोपी



**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दावा करते हुए कहा कि जो लोग बार बार मुस्लिम तुष्कीकरण की बात करते हैं उन्हे पता होना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अतीत में टोपी पहनी है। यदि यकीन न हो तो मैं फोटो भी भेज दूंगा। जुबली हिल्स विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दौरान टोपी पहनने को लेकर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी निशाने पर हैं। इस पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि वे सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। टोपी वाले विवाद पर उन्होंने इशारा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अतीत में ऐसा किया है। केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार की टिप्पणियों का जवाब देते हुए सीएम ने कहा, नरेंद्र मोदी जी ने टोपी पहनी थी। मैं फोटो भेजूंगा। नरेंद्र मोदी जी की नीति क्या है, पहले वह (संजय कुमार) स्पष्ट करें।

रेवंत रेड्डी ने कहा, अगर भाजपा नेता मानते हैं कि देश में मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं रहने चाहिए, तो यह उनके विचारों की गरीबी है। बंडी संजय की सोच में खोट है। मैं उन्हें भाजपा नेताओं के टोपी पहनने की जानकारी भेजूंगा। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक स्थल पर जाने पर उसकी परंपराओं का सम्मान करना है। उनकी सरकार सभी धर्मों में समानता बनाए रखती है और सभी धर्मों का सम्मान करती है।कांग्रेस मतलब मुस्लिम और मुस्लिम मतलब कांग्रेस कहने के बाद सीएम रेड्डी पर मुस्लिम तुष्टिकरण के आरोप लगे हैं। इस पर जवाब देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों को कांग्रेस की दो आंखें बताया था। कांग्रेस सभी धर्मों और 140 करोड़ आबादी को समान मानती है। कांग्रेस पार्टी ने जब-जब सत्ता में रही, अल्पसंख्यकों को अवसर दिए। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन, सलमान खुरशीद और कई अन्य के उदाहरण भी दिए।

## एक लाख रुपए के लालच में शादीशुदा महिलाएं बन गईं कुंवारी !

**बागपत (एजेंसी)।** पश्चिमी यूपी के बागपत जिले में शादीशुदा महिलाओं के कुंआरी लड़की बनने का एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। ये महिलाएं एक-दो नहीं, बल्कि 69 हैं। मामला यह है कि यूपी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए आवेदन मांगे गए थे। जब जांच की तो पता चला कि ऐसी 69 महिलाओं ने सामूहिक विवाह योजना के तहत आवेदन किया है, जो पहले से शादीशुदा हैं। ये पूरा खेल एक लाख रुपए के लालच में किया गया, जो कैश और सामान के रुप में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत दुल्हन को मिलता है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन शादीशुदा महिलाओं ने लालच के लिए सरकारी सिस्टम को ही धोखा दिया। बता दें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए जिले की 593 युवतियों ने आवेदन किया था लेकिन, विभाग की तरफ से की गई जांच में पोल खुली तो 6 ब्लॉक की 69 महिलाएं शादीशुदा निकली जो झूठे दस्तावेज पेश कर योजना के पैसे लेने कुंआरी कन्या बन गईं। अब इनके आवेदन रद्द करते हुए मामले की जांच की जा रही है।

बागपत जिले के सभी ब्लॉक से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत ये आवेदन 1 अक्टूबर तक किए गए थे। योजना का लाभ देने से पहले जिला अधिकारी ने सभी आवेदकों का सत्यापन के निर्देश दिए। इसके बाद समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग और विकास भवन की टीम ने सत्यापन की कार्यवाही की। अधिकारियों ने ग्राउंड जीरो पर जाकर देखा, तो उनके होश उड़ गए। अधिकारियों के सत्यापन में 69 युवतियां ऐसी पाई गईं, जिनकी शादी पहले ही हो चुकी थी। इनमें ज्यादातर ऐसी महिलाएं थी जिनकी शादी दो महीने के अंतराल में ही हुई थी।

अधिकारियों ने तुरंत एक्शन लेते हुए ऐसे सभी आवेदन निरस्त कर दिए। फर्जीवाड़ा कर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ लेने के लिए सबसे ज्यादा आवेदन बागपत शहर और बिनौली ब्लॉक से आए। बागपत शहर से आवेदन करने वाली ऐसी 16, बिनौली ब्लॉक से 12 और छपरौली ब्लॉक में 10 युवतियां शादीशुदा मिलीं। बता दें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार बेटियों की शादी के लिए एक लाख रुपए देती है। इसी रकम के लालच में इन युवतियों ने शादीशुदा होने के बाद भी आवेदन किए। अब इनकी जांच की जा रही है। इन युवतियों के खिलाफ विभाग एक्शन लेता है या नहीं यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा।

## अगर बिहार में घुसपैठिए मौजूद हैं... इसके लिए पीएम मोदी, शाह और नीतिश जिम्मेदार

**-एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद औवेसी ने एनडीए पर बोला हमला**

**सीवान (एजेंसी)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विपक्ष के आरोप को सिरे से खारिज किया है कि विपक्षी दल घुसपैठियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) पर आरोप लगाया कि वह मुसलमानों की प्रगति को नजरअंदाज करने के बाद अब उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। सांसद ओवैसी ने तर्क दिया कि घुसपैठ के आरोपों को तब स्वीकार करते है, जब बिहार में सोने की खदान जैसा कोई कोई बड़ा आकर्षण होता। औवेसी ने कहा, क्या यहां सोने की खान मिल गई है? अगर तेल के भंडार खोजे जाते, तब मैं समझता कि लोग इस राज्य की ओर भाग रहे हैं। युवा भारतीय पूरे देश में प्रवास करते हैं, लेकिन आप उन्हें रोकने के बजाय घुसपैठिया कहकर उन्हें बदनाम कर रहे हैं। सीमांचल के मुसलमानों ने विभाजन के दौरान बांग्लादेश जाना पसंद नहीं किया और भारत को अपना देश चुना।



ओवैसी ने कहा कि अगर घुसपैठिए मौजूद भी हैं, तब इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दोषी ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि वे कई सालों से केंद्र और बिहार की सत्ता में हैं। ओवैसी ने कहा, मुख्यमंत्री आपके हैं, नीतीश, केंद्रीय गृह मंत्री आपके हैं शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। आपकी निगरानी में घुसपैठिए कैसे आ रहे हैं? अगर घुसपैठिए हैं, तब इसका मतलब है कि आप विफल रहे हैं। आपके पास बीएसएफ और सीमा सुरक्षा बल है। आप राज्य सरकार की आलोचना करते हैं, लेकिन वह भी आपकी ही है।

## बीजेपी को बिहार विधानसभा चुनाव बाद मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष कब चुना जाएगा अब इससे पर्दा उठ चुका है। दरअसल रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार विधानसभा चुनावों के बाद मिलने जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी में किसी तरह की अंदरूनी कलह नहीं है और सभी नेता संगठन के निर्णयों के प्रति एकजुट हैं। राजनाथ सिंह ने इस आशय की जानकारी मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में दी है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष पद का चयन भाजपा की परंपरा और संगठनात्मक प्रक्रिया के अनुसार ही किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा, कि भाजपा एक अनुशासित राजनीतिक संगठन है। यहां फैसले सामूहिक रूप से होते हैं, किसी व्यक्ति विशेष के आधार पर नहीं। रक्षा मंत्री राजनाथ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि संघ पार्टी के राजनीतिक फैसलों में कोई हस्तक्षेप नहीं करता। उन्होंने कहा, आरएसएस राजनीति में दखल नहीं देता, बल्कि देशभक्ति, अनुशासन और सेवा की भावना सिखाता है। भाजपा और संघ का संबंध वैचारिक है, राजनीतिक नहीं।

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनाथ सिंह ने आत्मविश्वास जताया कि एनडीए गठबंधन एक बार फिर से सत्ता में लौटेगा। उन्होंने कहा कि जनता का रुझान स्पष्ट रूप से एनडीए के पक्ष में है और गठबंधन को दो-तिहाई बहुमत मिल सकता है। उन्होंने यह भी दोहराया कि चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है और नतीजों के बाद भी वे ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे।

इसी दौरान उन्होंने चुनावी रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी जन सुराज पर भी निशाना साधा। राजनाथ ने कहा, प्रशांत किशोर कोई बड़ा फैक्टर नहीं हैं। जनता समझती है कि कौन वोट काटने के लिए चुनाव लड़ रहा है और कौन सरकार बनाने के लिए। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि जन सुराज पार्टी शायद एक भी सीट न जीत पाए।

राजनाथ सिंह के इस बयान से यह भी स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा संगठनात्मक बदलाव पर विचार कर रही है, लेकिन इसे बिहार चुनावों के बाद तक टालने का फैसला किया गया है, ताकि पूरा ध्यान चुनावी रणनीति पर केंद्रित रहे।

## जब आप इन कुत्तों को हटाएंगे, तो आप इन्हें कहां पर रखेंगे?

### बीजेपी नेता मेनका गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बीजेपी की वरिष्ठ नेता और प्रसिद्ध एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट मेनका गांधी ने आवारा कुत्तों के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जब जस्टिस पारदीवाला की तरफ से आवारा कुत्तों को हटाने संबंधी फैसला दिया गया था, इसकी पूरे देश में आलोचना हुई थी। सभी ने फैसले पर सवाल उठाए थे। लेकिन अब जिस तरह का फैसला आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया है, वह जस्टिस पारदीवाला से भी ज्यादा हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें यह समझना होगा कि हमारा ध्येय क्या है? हमारा एकमात्र ध्येय सिर्फ आवारों कुत्तों की संख्या में कमी लाना है, ताकि काटने के मामलों में कमी आए, लेकिन सवाल यह है कि हमने इस दिशा में अब तक क्या कदम उठाया है? वैज्ञानिक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि जब हम कुत्तों को एक जगह से उठाकर दूसरे जगहों पर स्थानांतरित करते हैं, तो वह कुत्ते निश्चित तौर पर काटेंगे। 90 फीसदी लोगों को वह कुत्ते काटते हैं, जिन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाता है। हमें समझना होगा कि आज सुप्रीम कोर्ट की तरफ से क्या फैसला आया है? कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अस्पताल, बस स्टॉप और कॉलेज से कुत्ते हटाएं, लेकिन, सवाल यह है कि जब आप इन कुत्तों को हटाएंगे, तो आप इन्हें कहां पर रखेंगे?

मेनका गांधी ने कहा कि जब आप इन कुत्तों को यहां से हटाएंगे, तो निश्चित तौर पर उन्हें सड़क पर रखेंगे, क्योंकि आज भी कुत्तों के लिए कोई आश्रय नहीं है। उन्होंने कहा कि हास्यास्पद स्थिति यह है कि इस पूरे मामले के संदर्भ में आरा और अररिया जैसे शहरों की बात कर रहे हैं। जब हमारे पास आश्रय नहीं है, तो भला उनके पास कहां से आएंगे? लेकिन जब इन शहरों के स्कूलों और अस्पतालों से कुत्तों को निकाला जाएगा, तो उन्हें कहां रखा जाएगा? निसंदेह ये कुत्ते सड़क पर ही रहेंगे। ऐसी स्थिति में लोग उन्हें डंडों से मारेंगे। ये कुत्ते फिर से सड़कों पर घूमेंगे। ऐसे में इस बात की प्रबल संभावना है कि कुत्ते सड़क पर आने-जाने वाले लोगों को काटेंगे। फैसले पर फिर से विचार करना होगा।

# सरकारी जमीन के घोटाले में फंसे अजीत पवार के बेटे पार्थ, अन्ना बोले- ये दोनों जिम्मेदार

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार एक सरकारी जमीन घोटाले के मामले में फंस गए है। करीब 300 करोड़ की यह बेचे जाने का मामला है और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता अन्ना हजारे साफ शब्दों में कह दिया कि ये घोटाले के लिए बाप यानी अजीत पवार और बेटा पार्थ पवार दोनों जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि अगर मंत्रियों के बच्चे गलत काम करते हैं, तो इसके लिए मंत्रियों को ही दोषी ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने यह टिप्पणी पवार के बेटे की कंपनी से जुड़े जमीन सौदे को लेकर की। बता दें कि मुंधवा में 40 एकड़ सरकारी जमीन की बिक्री के लिए अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी के साथ तीन सौ करोड़ रुपये का सौदा हुआ था, जबकि यह जमीन सरकार की अनुमति के बिना नहीं बेची जा सकती थी। इस कंपनी में पार्थ पवार भी साझेदार हैं। इस लेन-देन पर स्टांप शुल्क माफ करने का भी आरोप है। राज्य सरकार ने मामले में अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खड़गे की अगुवाई में उच्च स्तरीय समिति गठित की है।

महाराष्ट्र के जॉइंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन राजेंद्र मुथे ने शुक्रवार को कहा कि पुणे में 40 एकड़ जमीन राज्य सरकार की है और इसे किसी भी कीमत पर बेचा नहीं जा सकता है। इसी जमीन की बिक्री में कथित गड़बड़ियों की जांच चल रही है। मुथे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा घोषित एक जांच समिति की मदद कर रहे हैं। यह जमीन पुणे निवासी और पावर ऑफ अटॉर्नी धारक शीतल तेजवानी द्वारा राज्य के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार और दिग्विजय पाटिल के स्वामित्व वाली एक लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप को जमीन बेचने की जांच कर रही है।मुथे ने बताया, 7/12 दस्तावेज (जमीन के मालिकाना हक का दस्तावेज) में मुंबई सरकार (पहले की बॉम्बे सरकार) को मालिक दिखाया गया है। 2018 के बाद जारी किए गए प्रॉपर्टी कार्ड में भी यही दिखाया गया है। पावर ऑफ अटॉर्नी रखने वाला व्यक्ति किसी भी कीमत पर जमीन नहीं बेच सकता है। हम हर चीज की जांच कर रहे हैं और सात दिनों में राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंप देंगे। उनका ऑफिस प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट्स के रजिस्ट्रेशन और स्टाम्प ड्यूटी जमा करने के लिए जिम्मेदार है।

40 एकड़ जमीन की इस पूरी कहानी से पता चलता है कि पवार-पाटिल पार्टनरशिप वाली कंपनी अमाडिया एंटरप्राइजेज एलएलपी को 24 अप्रैल, 2024 को पुणे के डिस्ट्रिक्ट इंडस्ट्रीज सेंटर से लेटर ऑफ इंटेंट मिलने के 13 महीने से भी कम समय में उसने 19 मई, 2025 को तेजवानी के साथ 300 करोड़ रुपये की बिक्री का एग्रीमेंट किया। तेजवानी के पास महार समुदाय की 40 एकड़ जमीन के 272 मूल मालिकों की ओर से पावर ऑफ अटॉर्नी है। आजादी से पहले राज्य के गांवों में वतन सिस्टम चलता था, जिसके तहत कुछ खास जातियों या परिवारों को कुछ सेवाओं के बदले नकद के बजाय जमीन या रेवेन्यू के अधिकार मिलते थे।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी से जुड़े 300 करोड़ रुपये के भूमि सौदा घोटाले मामले में शुक्रवार को एक और प्राथमिक दर्ज की गई है। पुलिस ने पार्थ पवार के व्यावसायिक साझेदार दिग्विजय पाटिल, शीतल तेजवानी और निलंबित तहसीलदार सूर्यकांत येवाले के खिलाफ केस दर्ज किया है। इससे पहले मामले में गुरुवार को महानिरीक्षक रजिस्ट्रार कार्यालय ने दिग्विजय पाटिल, शीतल तेजवानी और उप-रजिस्ट्रार आर बी तारू के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। जिला कलेक्टर जितेंद्र डूडी ने बताया कि मामला आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को स्थानांतरित कर दिया गया है। इसी एफआईआर में पुणे के पास बोपोडी में जमीन से जुड़े एक अन्य विवादास्पद सौदे में छह अन्य लोगों के नाम भी दर्ज हैं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि उनके बेटे पार्थ और उनके व्यापारिक साझेदार को जानकारी नहीं थी कि उनकी कंपनी द्वारा खरीदी गई जमीन सरकारी थी। अब पता चलने के बाद उन्होने यह सौदा रद्द कर दिया है। जांच के लिए गठित समिति एक माह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिलने के बाद उन्होंने यह बात कही।



उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे से जुड़ी एक कंपनी के अवैध जमीन सौदे में शामिल होने के आरोपों के एक दिन बाद शुक्रवार को वह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिले। एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे भी उनके साथ थे। हालांकि, मुलाकात में हुई बातचीत की जानकारी नहीं मिली।

# आम लोगों के जरिए रिश्वत ले रहा था एएसआई, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। महरौली थाने में तैनात एएसआई पप्पू राम मीणा आम नागरिक मोहम्मद शाकिब के जरिए रिश्वत ले रहा था। पुलिस की सतर्कता इकाई (विजिलेंस यूनिट) ने एएसआई पप्पू राम मीणा और आम नागरिक महरौली निवासी मोहम्मद शाकिब को शिकायतकर्ता से 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि नेब सराय निवासी और भर्ती एवं प्लेसमेंट कंपनी में कार्यरत शिकायतकर्ता ने 18 सितंबर को सतर्कता शाखा में शिकायत दर्ज कराई। बताया कि 10 सितंबर को प्रॉपर्टी डीलर के साथ मामूली विवाद के बाद एएसआई पीआर मीणा उसका दोपहिया वाहन महरौली थाने ले गया। आरोप है कि एएसआई पप्पू राम मीणा ने शिकायतकर्ता से बाइक छोड़ने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी। झगड़े के संबंध में एक पीसीआर कॉल महरौली पुलिस थाने में 10 सितंबर को प्राप्त हुई थी। महरौली थाने में तैनात एएसआई पीआर मीणा को जांच सौंपी गई। एएसआई पीआर मीणा ने शिकायतकर्ता की बाइक का ताला तोड़कर उसके घर से पुलिस स्टेशन ले आया। शिकायत के बाद महरौली पुलिस थाने में सतर्कता इकाई ने ट्रैप लगाया। एएसआई पप्पू राम मीणा ने शिकायतकर्ता को रिश्वत की पहली किस्त 5000 रुपये एक आम नागरिक मोहम्मद शाकिर को सौंपने का निर्देश दिया। मोहम्मद शाकिर को एएसआई ने महरौली थाने में बुलाया था। सतर्कता टीम ने मोहम्मद शाकिर और एएसआई पप्पू राम मीणा दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एएसआई पप्पू राम मीणा के पास से रिश्वत में ली गई रकम बरामद कर ली गई।

## युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

नई दिल्ली। कालकाजी थाना इलाके में बृहस्पतिवार सुबह युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और न ही खुदकुशी के कारणों का पता लगा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने बताया कि कालकाजी थाना पुलिस को 18 सितंबर को सुबह लगभग 7.31 बजे पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि डीडीए जनता फ्लैट, कालकाजी में एक लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस को ग्राम हरोई, जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश निवासी आशी ठाकुर (24) फंदे पर लटकी मिली।

# एमएसएमई से बनेगा देश सोने की चिड़िया, अर्थव्यवस्था को गति देने में युवा निभाएं भूमिका

आगरा। देश को फिर से सोने की चिड़िया बनाना है तो एमएसएमई का महत्व समझना होगा। युवा अब नौकरी करने वाले नहीं, बल्कि देने वाले बनें। कुछ ऐसी ही विचार शनिवार को अमर उजाला की ओर से एमएसएमई फॉर भारत कॉन्क्लेव आगरा में सामने आए। कॉन्क्लेव का आयोजन डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पॉलीवाल कैंपस स्थित जुबली सभागार में किया गया। रोजगार सृजन और एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए मंथन किया गया। एमएसएमई, केंद्र व राज्य वस्तु एवं सेवाकर, जिला व पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ ही उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी। कॉन्क्लेव का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके बाद मुख्य अतिथि केंद्रीय मत्स्य एवं पशुपालन राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि नौ साल की उम्र में पहला पहला राजनीतिक भाषण चौधरी चरण सिंह का सुना था। देश की आत्मा गांव में रहती है। दूसरी पीढ़ी में उनके बेटे को उद्योगपति बनाया गया। तीसरी पीढ़ी वाला एमएसएमई में मंत्री है। स्किल जरूरी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पंजाब से आया हूं। हर दूसरा बच्चा कनाडा जाना चाहता है। पिछले दिनों उड़ता पंजाब फिल्म भी आई है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि खेती की एक सीमा है और उत्पादन की एक सीमा है। जींस पहनने वाली पीढ़ी अब हल नहीं चला रही। एमएसएमई की संभावना क्यों जरूरी है, इस ओर क्यों आना पड़ेगा? इसका कारण बताते हुए कहा कि अब जमीन भाइयों में बंटकर छोटी हो गई है। जमीन अब बढ़ नहीं सकती है। ऐसे में एमएसएमई का महत्व समझना होगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि सबसे बड़ी समस्या ये है कि हमने सरकारी नौकरी को ही रोजगार मान लिया। बच्चे कभी एमएसएमई नहीं गए। इतनी योजनाएं है कि उनके नाम राजनेताओं को भी नहीं मालूम। उन्होंने कहा कि विदेशियों की किताबें क्यों पढ़ते हो। हमारे पास तो रियल हीरो हैं, जिनकी सफलता की कहानियां पढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई बड़ा परिवर्तन आ सकता है तो व्यापार से आ सकता है। प्रो. बघेल ने कहा कि टीटीजेड सिर्फ आगरा के लिए है। एनजीटी ने नुकसान किया है, लेकिन हम पैरवी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगरा के कारोबारी सजग हैं, जो जन प्रतिनिधियों से अर्जी लगाते रहते हैं। उन्होंने आजादी के बाद हुए कुछ सबसे बड़े काम भी बताए। उन्होंने कहा कि घर में नल, नल में जल, आयुष्मान कार्ड, गैर-राजपत्रित नौकरियों में इंटरव्यू समाप्त करना सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग ने कहा कि एमएसएमई से ही हमारा देश सोने की चिड़िया बन सकता है। उन्होंने कहा कि व्यापार में हम हजारों साल टॉप पर रहे। गांव-गांव में कुछ न कुछ बनता था। व्यापारी इनको इकट्ठा कर विदेश ले जाते थे। इसके बदले में सोना आता था। विशिष्ट अतिथि कुलपति प्रो. आशु रानी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ाने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि वह कभी खुद को कमजोर न समझें। कॅरियर के लिए बहुत सारी फील्ड हैं। वह किसी भी फील्ड को चुन सकते हैं। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने कहा कि अब देश बदल रहा है। वर्ष 2014 के बाद से देश में संपन्नता की स्थिति बनी है। देश और राज्य में कारोबार करने का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि अब छात्र अपने दिमाग में नौकरी करने वाले नहीं, बल्कि एमएसएमई योजनाओं का लाभ उठाते हुए नौकरी देने वाले बनें। ये लेकर लक्ष्य निर्धारित करते हुए आगे बढ़ें। राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने कहा कि जब एमएसएमई की स्थापना हुई, लेकिन उस वक्त काम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद इस पर काम शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ही विजन है कि एमएसएमई के जरिए छोटे उद्योगों को बढ़ावा दे सकते हैं। आज देश में एमएसएमई की पहचान बन चुकी है। वेडिंग इंडस्ट्री एसोसिएशसन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को हम एक अलग तरीके से प्रमोट करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शादियों के लिए उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश है, इस तरह प्रमोट करने का कई राज्यों में प्रयास किया गया।

## फैक्टरी में लिफ्ट गिरने से कर्मचारी की मौत

नई दिल्ली। बवाना औद्योगिक क्षेत्र में सोमवार दोपहर फैक्टरी की लिफ्ट टूट कर गिरने से कर्मचारी की मौत हो गई। घटना के समय कर्मचारी राजेश (32) पांचवीं मंजिल पर लिफ्ट में सवार हुआ था। परिवार वालों ने फैक्टरी के सामने शव रखकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया। पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है और लिफ्ट गिरने के कारणों की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर निवासी राजेश बवाना पत्नी नीतू देवी, बेटा और बेटी के साथ रहते थे। वह सात साल से बवाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित एमसीसी बॉक्स बनाने की फैक्टरी में काम करते थे। राजेश के बहनोई अनोज शाह ने बताया कि सोमवार करीब साढ़े तीन बजे उन्हें पुलिस से राजेश के घायल होने की जानकारी मिली। वाल्मीकि अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया है। घटनास्थल पर पता चला कि काम करने के दौरान राजेश पांचवीं मंजिल पर थे। इसी दौरान नीचे मौजूद कर्मचारियों ने लिफ्ट से सैंपल भेजने की बात कही। लिफ्ट के खुलते ही वह सैंपल निकालने लगे। इसी दौरान राजेश सहित लिफ्ट अचानक नीचे गिर गया। शुरुआती जांच में पता चला कि लिफ्ट का तार टूटने की वजह से हादसा हुआ है। उधर शव मिलने के बाद परिवार वाले उसे लेकर फैक्टरी के बाहर रखकर हंगामा करने लगे। परिवार वालों ने मुआवजे की मांग की। मालिक ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की बात कही है। उसके बाद परिवार वालों ने शव का अंतिम संस्कार किया।

# क्रेटा कार चालक नाबालिग ने मारुति वैन को मारी टक्कर, एक की मौत

नई दिल्ली। शाहदरा जिला के जीटीबी अस्पताल की लालबत्ती पर मंगलवार तड़के क्रेटा कार चालक नाबालिग ने मारुति वैन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन



के साथ-साथ क्रेटा के भी परखच्चे उड़ गए। हादसे में वैन में पिछली सीट पर बैठे एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त चंदन कुमार (48) के रूप में हुई है। हादसे में उसके साथ वैन में मौजूद साथी नीरज, सुमित और हिमांशु मामूली रूप से जख्मी हो गए। इनको जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने चंदन का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने जीटीबी एन्क्लेव थाने में मामला दर्ज कर आरोपी 17 वर्षीय नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। देर रात उसके साथ क्रेटा में उसके चार दोस्त भी मौजूद थे। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं लगी। पुलिस नाबालिग की सही उम्र का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस बात का भी पता किया जा रहा है कि नाबालिग ने शराब तो नहीं पी हुई थी। जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया के चंदन कुमार अपने परिवार के साथ गांव साहिबाबाद, गाजियाबाद में रहते थे। इनके परिवार में पिता महेश कुमार के अलावा छोटा भाई, पत्नी और एक बेटा व बेटी है। चंदन कौशांबी के एक सिनेमा हॉल में काम करते थे। अक्सर उनकी नाइट शिफ्ट होती थी। सिनेमा हॉल की ओर से घर पहुंचाने के लिए देर रात को स्टाफ के लिए मारुति वैन उपलब्ध करवाई जाती थी। चंदन ड्यूटी खत्म करने के बाद बाकी स्टाफ नीरज, सुमित और हिमांशु के साथ देर रात घर के लिए निकले थे। चारों स्टाफ को लेकर चालक जीटीबी अस्पताल की लालबत्ती पर पहुंचा। इसी दौरान लालबत्ती तोड़कर क्रेटा कार ने वैन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वैन के अलावा क्रेटा के भी परखच्चे उड़ गए। राहगीरों ने घायलों को निकालकर जीटीबी अस्पताल भेजा, जहां चंदन को मृत घोषित कर दिया गया। उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। बाकी स्टाफ को मामूली चोटें थीं। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेटा कार को कब्जे में ले लिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की छानबीन कर रही है।

## साइबर सिटी में फायरिंग, कई राउंड हुई गोलीबारी... जांच में जुटे पुलिस अधिकारी

गुरुग्राम। सेक्टर-45 में बृहस्पतिवार रात को मोटरसाइकिल पर आए नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने एमएनआर बिल्डर के कार्यालय पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। हमलावरों ने 20 से 25 गोलियां चलाईं। कार्यालय में खड़ी लग्जरी गाड़ियों तक को निशाना बनाते हुए उन पर गोलियां बरसाई गईं। इससे कार्यालय में मौजूद लोगों में हड़कंप मंच गया। वह इधर-उधर छिपने की कोशिश करते रहे। गनीमत यह रही कि इस दौरान गोली किसी भी व्यक्ति को गोली नहीं लगी। पुलिस की विभिन्न टीमें आरोपियों को गिरफ्तार करने में जुट गई हैं। आसपास के क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। वारदात के कुछ देर बाद सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग करवाने वाले गैंगस्टर दीपक नांदल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट जारी करते हुए हमले की जिम्मेदारी ली। पोस्ट में दीपक नांदल ने दावा किया है कि एमएनआर बिल्डर के कार्यालय पर गोलियां उसने चलवाई हैं। कहा कि रोहित रहेजा के रिश्तेदार नितिन तलवार पर 2019 से रुपये बकाया हैं। नांदल ने पोस्ट में कहा कि रकम न चुकाने के लिए नितिन तलवार अपना परिवार लेकर न्यूजीलैंड भाग गया। उसने सभी को चेतावनी देते हुए कहा कि जिसने पैसे देने हैं वह मत उलझो, जितनी जल्दी हो सके हिसाब कर दो वरना जो फंसेगा उसी को मारूंगा। बाद में इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया।

## कंपनी परिसर में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, पेड़ से लटका मिला शव

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र स्थित एक कंपनी में शनिवार सुबह को एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान दीपक सदा निवासी थाना भरवरिया समस्तीपुर बिहार के रूप में हुई है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि सुबह करीब छह बजे सूचना मिली थी कि हबीवपुर में स्थित एक निजी कंपनी के परिसर में पेड़ से फंदा लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल का मुआयना कराया। मृतक के शव को देखकर प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हुआ कि उसने आत्महत्या की है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई और उनके सहयोग से शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता चलेगा। मामले की जांच जारी है। जांच में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आत्महत्या का कारण क्या था।

# स्ट्रोक और दिल के दौरे से उबारने में मददगार है फिजियोथेरेपी

दिल्ली। स्ट्रोक और दिल के दौरे से उबारने में फिजियोथेरेपी मददगार है। सर्जरी, चोट और बीमारी के बाद शरीर की रिकवरी में भी फिजियोथेरेपी से सहायता मिलती है। यह दावा फिजियोथेरेपिस्ट का है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की फिजियोथेरेपी विभाग प्रमुख डॉ. पूजा सेठी ने बताया कि दिल का दौरा पड़ने के बाद जब मरीज उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती होता है तो सर्जरी के बाद शारीरिक तौर पर सक्रिय करने के लिए फिजियोथेरेपी की जरूरत होती है। कार्डियक रिहैब कार्यक्रम के तहत हृदय को मजबूत बनाने और सहनशक्ति बढ़ाने के लिए व्यायाम प्रशिक्षण दिया जाता है। बाईपास, एंजियोप्लास्टी, हार्ट ट्रांसप्लांट की सर्जरी कराने वाले मरीजों की भी फिजियोथेरेपी होती है। तीन-चार हफ्ते मरीज को सामान्य होने में लगते हैं। मल्टीपल स्कारलेसिस, स्पाइनल कॉर्ड इंजरी और स्ट्रोक होने पर भी फिजियोथेरेपी की मदद से मरीज को चलने-फिरने के काबिल बनाया जा सकता है। उसके लिए मरीज को अलग-अलग व्यायाम कराएं जाते हैं। उन्होंने बताया कि फिजियोथेरेपिस्ट आपकी शक्ति, संतुलन, समन्वय और लचीलापन बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत व्यायाम कार्यक्रम तैयार करने में विशेषज्ञ होते हैं। इसमें कुछ व्यायाम ऐसे होते हैं जिन्हें घर पर भी आसानी से किया जा सकता है। इसमें कुर्सी से बैठने और खड़े होने के व्यायाम में स्क्वैट्स करना, खड़े होकर वस्तुओं तक पहुंचना, विभिन्न दिशाओं में कदम उठाना, अलग-अलग गति और परिस्थितियों में चलना शामिल है। इसके अलावा जमीन से उठना, चलना, योग और संतुलन बढ़ाने वाले व्यायाम भी लाभदायक होते हैं।

## ठगी करने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड प्रेमिका सहित गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तरी जिले की साइबर थाना पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर मास्टरमाइंड व उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह व्हाट्सएप के जरिए संपर्क कर लोगों को ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित अन्य देशों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करता था। जालसाज ठगी के लिए मलयेशिया और वियतनाम के मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के एटा स्थित गांव नंगला गालू निवासी सहदेव सिंह और एटा के गांव पिलुआ उसकी प्रेमिका के रूप में हुई है। पुलिस ने इनसे 2 मोबाइल, 3 पासबुक, 3 चेकबुक, 2 डेबिट कार्ड, 5 भारतीय और 3 वियतनाम के सिम कार्ड्स बरामद किए हैं। पुलिस ने इनके बैंक खाते फ्रीज करा दिए और पीड़ित के 78,920 रुपये भी होल्ड करा दिए हैं। बुराड़ी निवासी धर्मेंद्र ने 6 सितंबर को पुलिस को शिकायत दी थी कि उन्होंने सिंगापुर से टूरिज्म मैनेजमेंट का कोर्स किया था। इसके बाद धर्मेंद्र ने एक व्हाट्सएप ग्रुप वर्क इंफॉर्मेशन के जरिए नौकरी की तलाश शुरू की। इसी ग्रुप में मयंक पांडे नाम के व्यक्ति ने उन्हें वियतनाम के रास्ते ऑस्ट्रेलिया में नौकरी दिलाने के लिए कहा। आरोपी ने पीड़ित से वियतनाम के वीजा के लिए 10 हजार रुपये ले लिए। पीड़ित वीजा मिलने पर वियतनाम पहुंचा। इसके बाद आरोपियों ने ऑस्ट्रेलियाई वीजा के लिए बैंक बैलेंस दिखाने का बहाना बनाकर पीड़ित से 3 हजार डालर यानि (करीब 3.12 लाख रुपये) की मांग की। पैसे ट्रांसफर होते ही आरोपियों ने धर्मेंद्र को ब्लॉक कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर व्हाट्सएप चैट, जीपीएस लोकेशन और बैंक खातों की जांच की। पुलिस को जांच में आरोपियों की लोकेशन एटा की मिली। इसके बाद सहदेव सिंह व उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार किया।

## विकास यादव पर शादी की झूठी तारीख बताने का आरोप

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी विकास यादव के खिलाफ कथित तौर पर अपनी शादी की तारीख के बारे में झूठ बोलने के लिए झूठी गवाही (पर्जरी) की कार्यवाही शुरू करने की मांग पर सुनवाई की। कटारा की मां नीलम कटारा ने आरोप लगाया कि विकास ने अपनी शादी 5 सितंबर को होने का दावा किया, जबकि शादी जुलाई में हुई थी और उसने जमानत का लाभ लेने के लिए अदालत में झूठे सबूत पेश किए। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने विकास यादव, जो हत्या के लिए 25 साल की सजा काट रहा है, से जवाब मांगा। अदालत ने दिल्ली पुलिस को नीलम के आवेदन और उनके द्वारा पेश की गई तस्वीरों की सामग्री की जांच कर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 9 दिसंबर को होगी। नीलम की ओर से वकील ने दलील दी कि विकास ने झूठी और मनगढ़ंत जानकारी दी और दो तस्वीरें पेश कीं, जो दर्शाती है कि उनकी शादी जुलाई में नोएडा के सेक्टर 74 में हुई थी। विकास के वकील ने दावा किया कि जुलाई की तस्वीरें उनकी सगाई समारोह की थीं और इसकी जानकारी सुप्रीम कोर्ट को भी दी गई थी। 9 सितंबर को हाईकोर्ट ने विकास की अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका खारिज कर दी थी। विकास को अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली थी। उन्होंने हाल ही में शादी होने के आधार पर अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग की थी।

## मोबाइल कार्यालय विधानसभा में घूमेगा और आमजन की समस्याओं का समाधान करेगा: सीएम रेखा गुप्ता

प्रथम पृष्ठ का शेष

इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली के कैबिनेट मंत्री श्री आशीष सूद ने मोबाइल कार्यालय की परिकल्पना की है। उन्होंने बताया कि इस मोबाइल कार्यालय के माध्यम से अब क्षेत्र की जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। गाड़ी पूरे विधानसभा क्षेत्र में जाकर सीधे लोगों तक पहुंचेगी और उनकी शिकायतों को दर्ज करके संबंधित विभाग तक भेजेगी। इसमें एक लैपटॉप, स्टेनो और क्लर्क की व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों की समस्याएं सही ढंग से संकलित होकर तत्काल कार्रवाई के लिए विधायक तक पहुंच सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोबाइल कार्यालय का सबसे बड़ा लाभ उन माताओं-बहनों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को होगा जिन्हें आने-जाने में कठिनाई होती है। अब यह गाड़ी उनके घर तक पहुंचकर उनसे संवाद करेगी और उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एमएलए ऑन व्हील्स- रेखा सरकार आपके द्वार' पहल दिल्ली में शासन और जनता के बीच की दूरी को पाटते हुए सेवा को सीधे लोगों के द्वार तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कदम साबित होगी और निश्चित रूप से देशभर में एक मिसाल बनेगा। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री श्री आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा दिल्ली की पहली मोबाइल ऑफिस की शुरुआत वास्तव में जनता को सरकार आपके द्वार की भावना से जोड़ने वाला अभिनव प्रयोग है। उन्होंने उल्लेख किया कि इस पहल के लिए काफी रिसर्च की गई और पाया गया कि पूरे देश में इस तरह की कोई मोबाइल ऑफिस व्यवस्था अभी तक नहीं है। इस मोबाइल ऑफिस में कंप्यूटर ऑपरेटर, वाई-फाई और माइक की सुविधाओं के साथ 10 लोगों को बैठाकर कहीं भी जाकर जनता की समस्याएं सुनी जा सकती हैं। श्री आशीष सूद ने कहा कि कई महिलाएं और बुजुर्ग अपनी समस्याओं को लेकर विधायक कार्यालय तक नहीं पहुंच पाते थे, लेकिन अब यह मोबाइल कार्यालय सीधे उनके द्वार तक जाकर उनकी समस्याएं सुनेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार निरंतर लोगों को सुलभ और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए कार्यरत है।

# दिल्ली में महिला कामगारों की हिस्सेदारी बढ़ी पर मजदूरी पुरुषों से कम

दिल्ली। दिल्ली में बीते कई साल के मुकाबले महिला कामगारों की आबादी में इजाफा हुआ है लेकिन मजदूरी पुरुषों से कम है। दिल्ली सरकार की दिल्ली राज्य फ्रेमवर्क इंडिकेटर रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं की श्रम बल भागीदारी बढ़ी है लेकिन उनकी दैनिक मजदूरी पुरुषों से कम बनी हुई है। यह रिपोर्ट सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (एसडीजी) की प्रगति पर नजर रखने के लिए डायरेक्टोरेट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिस्टिक्स ने जारी की है। दिल्ली राज्य फ्रेमवर्क इंडिकेटर रिपोर्ट सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स की स्थिति पर आधारित है और हाल ही में अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय ने इसे जारी किया है। रिपोर्ट दिखाती है कि 2017-18 में महिलाओं और पुरुषों की श्रम बल भागीदारी दर का अनुपात 0.19 था। यह आंकड़ा 2023-24 में बढ़कर 0.28 हो गया। यह वृद्धि सकारात्मक है लेकिन 0.28 का अनुपात यह भी दिखाता है कि लैंगिक असमानता अभी बनी हुई है। इसके अतिरिक्त रिपोर्ट दिखाती है कि महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 11.2 फीसदी थी, 2023-24 में बढ़कर 14.5 फीसदी हो गई। यह 2018-19 में 13.7 फीसदी, 2019-20 में 12.8 फीसदी, 2020-21 में 10.7 फीसदी, 2021-22 में 9.4 फीसदी और 2022-23 में 11.3 फीसदी थी। गैर-सार्वजनिक कामों में 2017-18 की जुलाई-सितंबर तिमाही में पुरुषों को 403 रुपये हर दिन और महिलाओं को 300 रुपये मिल रहे थे। 2017-18 की अप्रैल-जून तिमाही में पुरुषों को 376 रुपये हर दिन व महिलाओं को 400 हर दिन, 2023-24 में पुरुषों को 556 रुपये हर दिन व महिलाओं को 500 रुपये हर दिन मिल रहे थे। 2023-24 में यह 548 और 500 रुपये मिल रहा था। इसमें दिखता है कि महिलाओं की मजदूरी बढ़ी लेकिन मजदूरी का अंतर 48 से 100 रुपये का बरकरार है। पेशेवर और तकनीकी क्षेत्र में महिला कामगारों की संख्या घटी है। इस क्षेत्र में 2020-21 में महिलाओं का अनुपात 28.5 फीसदी था, जोकि 2022-23 में 21.3 फीसदी रह गया है। रिपोर्ट में महिलाओं के आर्थिक संसाधनों में हिस्सेदारी का मूल्यांकन किया गया है। इसमें जमीन, संपत्ति, बैंक सेवाएं, उत्तराधिकार और प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण को शामिल किया है। लेकिन इसमें ये भी कहा गया है कि महिला कामगारों के लिए दिल्ली सरकार कानूनों में सुधार कर रही है।

## पिता ने दो बेटों के साथ मिलकर तीसरे को पीटकर मार डाला

फरीदाबाद। आदर्श नगर थाना क्षेत्र के हरी विहार में धनीराम हलवाई ने अपने दो बेटों सुदामा और सूरज के साथ मिलकर तीसरे बेटे कृष्ण की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को फंदे से लटकाकर पुलिस को आत्महत्या की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद बीके अस्पताल में रखवा दिया। वहीं, जांच के दौरान पड़ोसियों ने बताया कि पिता और दोनों भाइयों ने ही युवक की हत्या की है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी तुषाकांत शर्मा ने बताया कि धनीराम के तीनों बेटे मेहनत मजदूरी करते हैं। इनमें से कृष्ण शराब का आदी था। 15 सितंबर को कृष्ण ने शराब पी रखी थी। इसी बात का लेकर पिता धनीराम और दोनों बेटे सुदामा और सूरज ने उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान कृष्ण की मौत हो गई।

# कभी मुंह में डाली नाल तो कभी कनपटी पर सटाया तमंचा

कन्नौज। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। छिबरामऊ इलाके में सिरफिरे युवक ने शुक्रवार को अपनी पत्नी को बुलवाने के लिए उसके दो बच्चों को तमंचे के बल पर बंधक बना लिया। कभी खुद को तो कभी बच्चों को गोली मारने की धमकी देते हुए आठ घंटे तक पुलिस को छकाया। पुलिस ने किसी तरह बच्चों को मुक्त कराया। इसके बाद मुठभेड़ में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। सिरफिरे के फायर झोंकने से हाथ में गोली लगने से एसओजी प्रभारी भी घायल हो गए। तालग्राम क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी दीपू चक ने छिबरामऊ निवासी महिला से चार माह पहले कोर्ट मैरिज की थी। महिला के पहले पति की मौत हो चुकी है। उसकी 13 साल की बेटी और आठ साल का बेटा नानी के घर में रहते हैं। कुछ दिन पहले महिला दीपू को छोड़कर कहीं चली गई। एएसपी अजय कुमार के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 11ः30 बजे दीपू पत्नी की तलाश में उसके मायके पहुंचा। दीपू ने उसके दोनों बच्चों को कमरे में तमंचा सटाकर बंधक बना लिया। लोगों की सूचना पर 12ः30 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाने लगी। मौका देखकर बेटी बाहर आ गई। एएसपी अजय कुमार दरवाजा खुलवाने के लिए घंटों दीपू से बात करते रहे लेकिन वह पत्नी को बुलवाने की जिद पर ही अड़ा रहा। एसओजी प्रभारी देवेश पाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शाम करीब 7ः13 बजे एसओजी ने पत्नी को बुलवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद बेटे को कमरे से बाहर निकलवाया। एसओजी प्रभारी दीपू को पकड़ने लगे तो उसने तमंचे से फायर कर दिया। गोली एसओजी प्रभारी के हाथ को छूते हुए निकल गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली दीपू के पैर में लगी। शाम करीब 7ः15 बजे पुलिस उसे गिरफ्तार कर सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि वीडियो कॉल से दीपू की पत्नी से बात कराई गई। इसके बाद युवक और आक्रोशित हो गया और उसने बच्चे के सिर पर तमंचा लगा दिया। पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित बाहर



निकाल लिया है। दीपू के पास से सात कारतूस बरामद हुए हैं। खुद की कनपटी पर तमंचा रखे दीपू और पास में ही मौत के खौफ की दहशत में बैठा मासूम सिसक रहा था। एएसपी व सीओ युवक के समझाने में जुटे थे। युवक ने बताया कि उसने चार माह पहले बच्चे की मां के साथ कन्नौज में कोर्ट मैरिज की थी। इसके बाद दोनों दिल्ली चले गए। वहां से महिला बिना बताए कहीं लापता हो गई। फोन भी बंद कर लिया। युवक बार-बार अफसरों को धमका रहा था कि महिला को मौके पर बुलाओ। उसके आने में चाहे कितना भी समय लग जाए। न तो खुद की कनपटी से तमंचा हटाएगा और न ही बच्चे को छो?गा। किशोरी और उसके को तमंचे की दम पर बंधक बनाने के बाद काफी देर तक दीपू कभी बच्चे की मुंह में तमंचे की नाल डालता तो कभी कनपटी पर लगाकर उनकी मां को बुलाने के लिए धमकाता। इस बीच किशोरी सूझबूझ दिखाते हुए फोन लाकर मां से बात कराने की बात कहकर कमरे से बाहर निकल गई। दूसरी तरफ भाई के मौत के मुंह में होने पर वह आसपास के लोगों से चीख-चीख कर उसे बचाने के लिए हाथ-पैर जो?ती रही। करीब 7ः13 बजे सिरफिरे दीपू के चंगुल से छूटा आठ वर्षीय बच्चा इस कदर दहशत में था कि उसके मुंह से बोल नहीं निकल रहे थे। करीब आठ घंटे तक भूखे और प्यासे रहे बच्चे के लिए लोगों ने आनन-फानन भोजन और पानी की व्यवस्था की। उसकी आंखों के सामने मौत का मंजर घूम रहा था। किसी भी चीज को हाथ लगाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। पुलिस कर्मियों के साथ लोगों ने उसे ढांढ़स बंधाया।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## अवैध निर्माण पर सख्ती, एसएमडीए ने दो कमरे गिराए

**सोनीपत।** सोनीपत उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देश पर अवैध निर्माणों पर महानगर विकास प्राधिकरणकी टीम ने गांव बड़वासनी की राजस्व संपदा में नियंत्रित क्षेत्र के अंतर्गत सोनीपत बाईपास पर बनाए जा रहे दो कमरे और एक शौचालय सहित लगभग 100 वर्ग गज में चल रहे अवैध जिला नगर योजनाकार नीलम शर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही समाप्त करना है ताकि अनधिकृत कॉलोनियों का फैलाव रोका जा सके। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में भूखंड न खरीदें, क्योंकि ऐसी जगहों पर सड़क, पानी, सीवरेज और बिजली जैसी कोई भी मूलभूत सुविधा सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जाती। इससे खरीदार की मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। शर्मा ने कहा कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण प्रारंभ करने से पहले प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना स्वीकृति के निर्माण पाए जाने पर संबंधित ढांचे को नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत बिना किसी पूर्व सूचना के गिराया जा सकता है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट सचिन कुमार, पंचायत राज विभाग के उपमंडल अधिकारी, प्राधिकरण की प्रवर्तन इकाई और पुलिस टीम की मौजूदगी में संपन्न हुई। नागरिक संबंधित जानकारी के लिए प्राधिकरण कार्यालय, सेक्टर-12, सोनीपत में संपर्क कर सकते।

## नारनौल में नपा ने पूर्व डिप्टी स्पीकर के भाई का मॉल किया सील

**नारनौल।** नगर परिषद ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महेंद्रगढ़ रोड पर चल रहे शहर के एक मॉल को सील कर दिया। इस मॉल को यहां के एक व्यापारी ने किराए पर लिया हुआ था। इस भवन में जैसे ही सील लगाने के लिए नगर परिषद की टीम पुलिस के साथ पहुंची तो वहां हड़कंप मच गया। पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव के भाई लाजपत यादव ने शहर के महेंद्रगढ़ रोड़ पर दो हिस्सों में चार मंजिला मॉल बनाया हुआ है। इस मॉल को बनते हुए करीब सात साल हो गए हैं। 20 अक्टूबर से इस मॉल में पहली बार एक बड़ा शोरूम भी खुला था।इस मॉल को नगर परिषद की टीम ने बिना सीएलयू के निर्माण करने पर सील कर दिया। नगर परिषद की टीम शुक्रवार दोपहर बाद मॉल में पहुंची। जिसके बाद टीम ने सिलिंग की कार्रवाई शुरू की। वहीं इस मॉल में करीब 200 कर्मचारी काम कर रहे थे। मॉल के सील होने पर सभी कर्मचारियों की छुट्टी कर दी गई, वहीं सील होने के कारण लाखों रुपये का सामान मॉल के अंदर ही रह गया। नगर परिषद के ईओ सुशील कुमार ने बताया कि इस मॉल को पहले भी सील किया गया था। जिसके बाद मॉल के मालिक ने कोर्ट का सहारा लिया था। कोर्ट ने मालिक को दो साल का समय देकर इसकी सीएलयू लेने के लिए कहा था। मगर निर्धारित समय में मॉल के मालिक ने सीएलयू नहीं ली। जिसके कारण इनको नोटिस दिया गया था। इसी के तहत यह पूरी कार्रवाई हुई है।

## जनसेवा को समर्पित भाव से निभाएं अपनी जिम्मेदारी : राज नेहरू

**पलवल।** मुख्यमंत्री के ओएसडी एवं जिला पलवल के फीडबैक और आउटरीच समन्वयक राज नेहरू ने जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सड़क अवसंरचना, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और खेल सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जनता को सुलभ और पारदर्शी तरीके से सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ओएसडी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार सभी जिलों में फील्ड विजिट की जा रही है, ताकि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी अपनी जिम्मेदारी जनसेवा को समर्पित भाव से निभाए और जनता को योजनाओं का लाभ समय पर मिले।राज नेहरू ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए विद्यालयों में आधारभूत ढांचे, शिक्षकों की उपलब्धता और विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल सुविधाओं, प्रयोगशालाओं और पुस्तकालयों को और सुदृढ़ किया जाए। विद्यालयों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय व्यवस्था और सेनेटरी पैड जैसी सुविधाओं पर भी फोकस करने को कहा।

## कुकर्म केस में फंसा करोड़ों ठगने वाली वकील, पति व एक अन्य काबू

**गुरुग्राम।** स्थानीय पुलिस ने कुकर्म के केस में फंसाकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के आरोप में एक महिला वकील, उसका पति व एक अन्य व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से डेढ़ करोड़ रुपये नकद, ढाई करोड़ रुपये की कीमत के जेवर बरामद हुए हैं। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि आरोपियों में तीसरा व्यक्ति गुब्बारे बेचता है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार एक महिला वकील ने अपने पति व एक अन्य व्यक्ति को साथ लेकर अमीर बनने के लिए शॉर्ट एवं अपराधिक तरीका अपनाया। वह रईसों से मोटी रकम ठगने के लिए झूठे पॉक्सो एक्ट में फंसाने की धमकी देकर ठगी करते थे। डीसीपी साउथ हितेश यादव के मुताबिक सेक्टर-65 पुलिस थाना में एक पॉक्सो एक्ट में केस आया था। हनुमान नामक व्यक्ति गुरुग्राम में सड़कों किनारे गुब्बारे बेचता था। उसने एक बिजनेसमैन पर अपने बेटे के साथ कुकर्म करने का आरोप लगाया गया था। पिता हनुमान की ओर से केस दर्ज कराया गया था। पुलिस को यह बात गले नहीं उतरी। पुलिस की शक की सुई घूमी कि कहीं यह मामला फर्जी तो नहीं है। पुलिस ने इस मामले में जांच-पड़ताल शुरू की। परत-दर-परत भेद खुलता गया।

# 'वंदे मातरम्' राष्ट्र की आत्मा, पहचान और गौरव का प्रतीक है : नायब सिंह सैनी

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा, धड़कन और पहचान है। मुख्यमंत्री मां अम्बा की पावन धरती अम्बाला में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान नई दिल्ली में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित मुख्य उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में वंदे मातरम् की अमर भावना को नमन किया। उन्होंने राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाले समारोह का शुभारंभ किया तथा स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी



जारी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत के स्वराज्य आंदोलन की चेतना का उद्गार है। इस गीत ने गुलामी की बेड़ियों में जकड़े भारतवासियों में आत्मबल, अनुशासन और त्याग की भावना जगाई थी। उन्होंने कहा कि यह गीत वह दिव्य शक्ति है जिसने ब्रिटिश साम्राज्य को हिला दिया था और युवाओं के भीतर क्रांति की ज्योति प्रज्वलित की। अंग्रेज़ इस गीत से डरते थे क्योंकि इसमें हथियारों से करोड़ गुना अधिक शक्ति थी।मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है, सन् 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की पहली चिंगारी अम्बाला की पवित्र भूमि से ही उठी थी। यह वही धरती है जिसने वीरता को न केवल लिखा बल्कि जिया भी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इन वीर सपूतों की स्मृति में अम्बाला छावनी में शहीदी स्मारक का निर्माण किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह को पाँच संकल्प लेने की अपील की। इनमें भारत प्रथम यानि हर कार्य में राष्ट्र सर्वोपरि है। इसी प्रकार तुष्टिकरण नहीं के जरिये समग्र एवं संतुलित विकास का मार्ग अपनाने का आह्वान किया। साथ ही तीसरे संकल्प के तहत मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक न्याय व अवसर, सम्मान यानि समाज के हर वर्ग को समान सम्मान मिले। वहीं, स्वदेशी और नवाचार के आह्वान के रूप में आत्मनिर्भरता की तेज यात्रा का चौथा संकल्प तथा साथ ही पांचवे संकल्प के रूप में राष्ट्र विरोधी शक्तियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की बात कही।

## बंद पड़ी प्लास्टिक दाना फैक्टरी में लगी आग

**एजेंसी**
**फरीदाबाद।** सेक्टर 22 की संजय कालोनी में बंद पड़ी प्लास्टिक दाना तैयार करने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। जिस समय आग लगी उस समय गैस कटर से लोहे को काटने का काम चल रहा था। आग लगते ही काम करने वाले दोनों कारीगर बाहर निकल आए। सूचना पाकर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया लिया।

संजय चौकी कालोनी पुलिस के अनुसार, सेक्टर 22 की संजय कालोनी में रिहायशी क्षेत्र में एक फैक्ट्री बनी है। जिसमें प्लास्टिक का दाना तैयार करने का काम किया जाता था। पिछले कुछ समय से यह बंद पड़ी हुई थी। दोपहर उसमें अचानक से आग लग गई। पुलिस ने बताया कि अंदर गैस कटर से लोहे को काटने का काम चल रहा था। इस दौरान केवल दो ही कारीगर अंदर काम कर रहे थे। जैसे ही आग लगी वो तुरंत वहां से बाहर निकल आए। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आग की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस के मुताबिक, फैक्ट्री में गैस कटर का काम चल रहा था। जिससे लोहे की कटिंग का काम किया जा रहा था। उसी दौरान फैक्ट्री में आग लग गई। जिसमें अंदर प्लास्टिक के दानों का सामान रखा हुआ था।

जिसमें आग लग गई। फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया लिया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई थी। इस हादसे में सभी कर्मचारी सुरक्षित है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## देश के शहरी भविष्य को नई सोच के साथ दिया जा रहा है नया आकार: तोखन साहू

**एजेंसी**
**गुरुग्राम।** केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि वर्ष 2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में यह सम्मेलन एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम देश के शहरी भविष्य को नई सोच, नई ऊर्जा और नई प्रतिबद्धता के साथ आकार दे रहे हैं। यह सम्मेलन हमारी सांस्कृतिक विरासत और विकास के संकल्प दोनों को एक साथ जोड़ता है। यह बात उन्होंने 18वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन एवं प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर कही। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन, शहरी एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि भारत इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के एक परिवर्तनकारी युग से गुजर रहा है, जहां शहरी परिवहन केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि आर्थिक विकास, पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक समानता का सशक्त साधन बन चुका है। साहू ने कहा कि इस वर्ष का सम्मेलन शहरी विकास और परिवहन



का आपसी संबंध जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण और सामयिक विषय पर केंद्रित है। गतिशील और समावेशी परिवहन प्रणाली ही नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवश्यक सेवाओं तक आसान पहुँच प्रदान करती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन, मिशन अमृत, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मेट्रो रेल विस्तार, इलेक्ट्रिक बस सेवा, सार्वजनिक साइकिल प्रणाली और ट्रांजिट उन्मुख विकास जैसी योजनाओं ने देश में शहरी परिवहन को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ऐसा परिवहन तंत्र बनाना है जो समावेशी, पर्यावरण के अनुकूल और सभी वर्गों की आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

## शिक्षा तभी सार्थक होती है जब उसका जुड़ाव समाज से होः डा. कृष्ण कुमार

**एजेंसी**
**सिरसा।** रेवाड़ी के बावल से विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि वैज्ञानिक, अध्यापक या विद्यार्थी की शिक्षा तभी सार्थक होती है जब उसका जुड़ाव समाज से हो। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के छोटे-छोटे प्रयोग भविष्य के समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। डा. कृष्ण कुमार चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में दो दिवसीय साइंस कॉन्क्लेव 'उड़ान 2025' का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि मनुष्य एक तर्कशील प्राणी है और उसके चार वर्ग होते हैं- आशावादी, निराशावादी, भाग्यवादी और यथार्थवादी। उन्होंने न्यूटन के नियमों का उदाहरण देते हुए कहा कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है और विज्ञान का उद्देश्य समाज की आवश्यकताओं को सृजनात्मक रूप से पूरा करना है। उन्होंने न्यूटन की भौतिकी की पुस्तक के अनुभव सांझा करते हुए कहा कि आज की डिजिटल लाइफ ने जीवन के हर क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन किए हैं। उन्होंने कहा कि यह संगोष्ठी अत्यंत




सार्थक है, जो युवाओं को विचारशीलता, नवाचार और जिम्मेदारी के साथ समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा देती है। विद्यार्थियों का जीवन राष्ट्र को सशक्त करने वाला है, और विज्ञान के माध्यम से भारत को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य तक पहुंचाने का यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे विज्ञान के माध्यम से भारत को सशक्त करने का संकल्प लें। सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि यह विज्ञान संगोष्ठी सभी के सपनों को उड़ान देने वाली है। यह न केवल विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी, बल्कि उन्हें साकार करने की दिशा भी दिखाएगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन भविष्य के वैज्ञानिकों को तैयार करने, नवाचार को बढ़ावा देने और भारत को विश्व स्तर पर अग्रणी बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

# सीएम फ्लाइंग ने हांसी में खाद बिक्री दुकानों पर मारा छापा, मिली अनियमितताए

**एजेंसी**
**हिसार।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता (सीएम फ्लाइंग) टीम ने हांसी में खाद विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी कर स्टॉक और गोदाम के रिकॉर्ड की गहन जांच की। जांच के दौरान दुकान पर कई अनियमितताएं पाई गईं, जिसके चलते कृषि विभाग ने संबंधित विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।छापे का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। टीम में एएसआई सुरेंद्र, एचसी विजय और उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. प्रीति वर्मा शामिल रहे। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि हांसी क्षेत्र में कुछ खाद विक्रेता स्टॉक, गोदाम रिकॉर्ड और खाद वितरण में अनियमितताएं कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर कृषि विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए चौधरी कृषि भंडार पर छापा मारा। दुकान और गोदाम की जांच के दौरान मालिक विशाल की मौजूदगी में रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक का मिलान



किया गया। जांच में पाया गया कि गोदाम में डीएपी खाद के 248 बैग रखे थे, जबकि पीओएस मशीन के रिकॉर्ड में 238 बैग दर्ज थे, यानी 10 बैग अतिरिक्त पाए गए। यूरिया के 3750 बैग स्टॉक में सही मिले। टीम ने यह भी पाया कि गोदाम में गेहूं के साथ खाद का स्टॉक भी एक साथ रखा गया था, जो नियमों के विपरीत है। इसके अलावा दुकान पर स्टॉक डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगा हुआ था, और स्टॉक रजिस्टर अधूरा व अपूर्ण पाया गया। कृषि विभाग ने इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार सभी खाद विक्रेता अपनी दुकानों के बाहर स्टॉक बोर्ड लगाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें और जिस गोदाम में खाद रखी गई है, उसका विवरण कृषि विभाग के लाइसेंस में दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसानों को खाद वितरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो। कोई भी विक्रेता खाद निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर न बेचे। यदि किसी भी विक्रेता द्वारा ब्लैक मार्केटिंग या ओवरचार्जिंग की शिकायत मिलती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. प्रीति ने कहा कि अगर किसी खाद विक्रेता की दूसरे जिलों के किसानों को खाद बेचने की शिकायत मिलती तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पानीपत में अवैध खनन करने वालों की ड्रोन से होगी निगरानीः विरेंदर कुमार दहिया

**पानीपत।** पानीपत में उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में अवैध खनन रोकथाम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने साफ शब्दों में कहा कि जिले में किसी भी सूरत में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर सख्त कार्रवाई होगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खनन स्थलों का नियमित निरीक्षण किया जाए और यमुना नदी क्षेत्र में किसी भी तरह की माइनिंग गतिविधि पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से आने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की सघन जांच की जाए और दोषी पाए जाने पर चालान करने में किसी भी तरह की ढिलाई न बरती जाए। डॉ.दहिया ने निर्देश दिए कि ड्रोन की मदद से निगरानी बढ़ाई जाए ताकि किसी भी अवैध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान में कृषि विभाग सहित सभी संबंधित विभागों का सक्रिय सहभागिता




जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रहा है। यमुना क्षेत्र और सीमावर्ती इलाकों में दिन-रात निगरानी रखी जा रही है इस कार्य में और गंभीर होने की जरूरत है। खनन माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज, एसडीएम पानीपत मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवनीत नैन, डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी, जिला खनन अधिकारी विनय शर्मा सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अपने ही देश में पराधिनता की पीड़ा कष्टदायक : अनुराग रस्तोगी

**एजेंसी**
**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने का स्मरणोत्सव आज पूरे हरियाणा में पूरी गरिमा और शालीनता से मनाया गया। चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रस्तोगी ने कहा कि अपने ही देश में पराधीनता की पीड़ा कितनी कष्टदायी होती है, इसकी कल्पना ही बड़ी मुश्किल है। सन 1857 में स्वतंत्रता के पहले संग्राम का बिगुल बजा और प्रबुद्ध नागरिकों ने अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ बोलना शुरू किया। उन्होंने कहा कि गीत-संगीत, की हमारे देश में एक लंबी परम्परा रही है। ऐसा ही एक गीत है-वंदे मातरम। इस अमर गीत ने अंग्रेजी शासन के अत्याचारों से ग्रस्त और त्रस्त जनमानस को उद्वेलित कर जन-जन में देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित की, राष्ट्रीय चेतना को स्वर प्रदान किया और भारत के स्वाधीनता संग्राम को दिशा दी। मुख्य सचिव ने कहा कि जो देश-प्रदेश अपने इतिहास को याद नहीं रखते, उनका अस्तित्व भी ज्यादा समय तक नहीं रहता। इसी दौरान हरियाणा विधानसभा में सुबह राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150वें स्मरणोत्सव के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का




आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा विधान सभा के सचिव राजीव प्रसाद और विधान सभा अध्यक्ष के सलाहकार राम नारायण यादव ने कार्यक्रम को संबोधित किया। विधान सभा सचिव राजीव प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम् गीत की रचना को आज 150 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह गीत स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज रहा और आज भी मातृभूमि के प्रति प्रेम और समर्पण का प्रतीक बना हुआ है। वंदे मातरम् का पहली बार 7 नवंबर 1875 को बंगदर्शन पत्रिका में प्रकाशन हुआ था, जबकि 1882 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने इसे अपने प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ में प्रकाशित किया। बाद में रवींद्रनाथ टैगोर ने इसे संगीतबद्ध कर इसे जन-जन तक पहुंचाया। विस सचिव राजीव प्रसाद ने कहा कि उन्होंने कलम के माध्यम से भारतीयों के हृदय में स्वदेश प्रेम की भावना जगाई। उनका साहित्य और जीवन आज भी भारतीय राष्ट्रवाद की प्रेरणा बना।

## पलवल में रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथों गिरफ्तार



**एजेंसी**
**पलवल।** फरीदाबाद विजिलेंस टीम ने शाम को पलवल जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए हलका पटवारी नवीन डागर को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पटवारी प्लॉट की म्यूटेशन चढ़ाने के नाम पर शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, सल्लागढ़ निवासी मुकेश ने विजिलेंस फरीदाबाद को शिकायत दी थी कि उसे अपने प्लॉट की पुरानी म्यूटेशन चढ़वानी थी, जिसके लिए पटवारी नवीन डागर ने एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी। बाद में सौदा 30 हजार रुपये में तय हुआ। शिकायत पर विजिलेंस डीएसपी अर्जुन राठी ने एक टीम गठित कर ट्रैप की योजना बनाई। विजिलेंस टीम ने शिकायतकर्ता को रंग लगे हुए 30 हजार रुपये दिए और जैसे ही मुकेश ने यह रकम पटवारी को दी, टीम ने मौके पर ही नवीन डागर को रंगेहाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी पटवारी को विजिलेंस टीम पूछताछ के लिए फरीदाबाद ले गई। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे शनिवार को अदालत में पेश किया जाएगा। विजिलेंस अधिकारियों का कहना है कि सरकारी कर्मचारियों द्वारा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आम जनता को पारदर्शी प्रशासनिक सेवाएं मिल सकें।

## सोनीपतः चरित्र, अनुशासन और समाजसेवा ही सच्ची डिग्रीः उपराष्ट्रपति

**एजेंसी**
**सोनीपत।** एसआरएम विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने स्नातक, परास्नातक व शोधार्थी विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान कर समाज के प्रति उत्तरदायित्वनिभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि नैतिक आचरण, अनुशासन और समाजसेवा का संस्कार है। डिग्री जीवन का अंत नहीं, नई यात्रा की शुरुआत है। असफलताओं से सीखना और सफलता में समाजहित को सर्वोपरि रखना ही सच्चा ज्ञान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा को लचीला, बहुविषयी और अनुसंधानमुखी बनाया है, जिससे विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विषय चुन सकते हैं पत्रकारिता प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हिंदी व्याकरण पुस्तकें नौसेना इतिहास पुस्तकें और आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति व जनजाति विद्यार्थियों का नामांकन 2018 के 15 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 27 प्रतिशत हो गया है, जबकि महिलाओं की भागीदारी 24.5 प्रतिशत से बढ़कर 28.1 प्रतिशत हुई है। ग्रामीण विद्यार्थियों की विश्वविद्यालय विश्व रैंकिंग में थे, जो अब बढ़कर 54 हो गए हैं। यह शिक्षा की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धी क्षमता का प्रमाण है। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान से अधिक महत्त्वपूर्ण चरित्र, मूल्य और संतुलन हैं। जब



संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वंचित वर्गों को समान अवसर देने की दिशा में जारी दिशा-निर्देश समावेशी भारत, सशक्त भारत की दिशा में सार्थक कदम हैं। उन्होंने कहा कि भारत के विश्वविद्यालय अब विश्व स्तर पर पहचान बना रहे हैं। 2016 में मात्र 21 भारतीय स्वास्थ्य खोता है, तो कुछ खोता है; धन खोता है, तो बहुत कुछ नहीं खोता; पर जब चरित्र खोता है, तो सब कुछ खो जाता है। समारोह की शुरुआत शैक्षणिक शोभायात्रा और राष्ट्रगान से हुई। कुलपति प्रो. परमजीत सिंह जसवाल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। चांसलर डॉ. रवि पचमुथु ने दीक्षांत की घोषणा की।

# भाजपा की राजनीति चमकाने के लिए काम कर रहे हैं अभय चौटाला : गीता भुक्कल

**एजेंसी**
**झज्जर।** हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री और झज्जर की कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने प्रेस वार्ता में अभय चौटाला के बयान का जवाब देते हुए उन पर भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बेशक अभय चौटाला व उनकी पार्टी विपक्ष में हैं, लेकिन आज भी वह केवल और केवल भाजपा की राजनीति चमकाने के लिए ही काम कर रहे हैं। भुक्कल अपने विस क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करने के दौरान मीडिया के सवालों का जवाब दे रही थी। उन्होंने कुलदीप बिश्नोई के उस बयान पर भी कटाक्ष किया जिसमें बिश्नोई ने कांग्रेस के नए अध्यक्ष को भ्रष्टाचारी बताया है। भुक्कल ने कहा कि यह कुलदीप बिश्नोई नहीं बल्कि उनका दर्द बोल रहा है। कारण कि कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेन्द्र यादव पहले कुलदीप बिश्नोई के साथी रह चुके हैं और अब वह कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। पूर्व मंत्री ने उम्मीद जताई कि कांग्रेस के नए अध्यक्ष कांग्रेस की मजबूती के लिए काम कर रहे हैं और आने वाले समय में वह कांग्रेस पार्टी और संगठन को मजबूती व बेहतरी की ओर अग्रसर करेंगे। कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी द्वारा कांग्रेस को बीमार और कमजोर बताए जाने के बयान का जवाब देते हुए भुक्कल ने कहा कि जब किसी की भाषा बदल जाती है तो उसकी जुबान भी बदल जाती है। सभी को पता है कि श्रुति चौधरी और उनकी मां किरण चौधरी को किस प्रकार से सम्मानीय पद दिए गए थे। लेकिन अब चूंकि वह भाजपा में हैं तो फिर भाषा भी भाजपा वाली ही बोलेंगी। पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता बृजेन्द्र द्वारा हरियाणा में निकाली जा रही सदभावना यात्रा में कांग्रेस के किसी बड़े नेता के शामिल न होने के सवाल का जवाब देते हुए भुक्कल ने कहा कि बृजेन्द्र पूर्व सांसद हैं और पार्टी की मजबूती के लिए ही वह सदभावना यात्रा निकाल रहे हैं। लेकिन यह भी सच्चाई ही है कि कांग्रेस की यह आधिकारिक यात्रा नहीं है।

# नई फ्लैगशिप डिवाइस एक्स300 अल्ट्रा लॉन्च करेगा वीवो

**नईदिल्ली ।**

वीवो अपनी नई फ्लैगशिप डिवाइस एक्स300 अल्ट्रा जल्द लॉन्च करने जा रही है। हाल ही में वीवो ने एक्स300 और एक्स300प्रो मॉडल्स को पेश किया था, और अब इस सीरीज का सबसे प्रीमियम वर्जन पेश किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, यह फोन मोबाइल फोटोग्राफी को नई ऊंचाई पर ले जाएगा, क्योंकि इसमें दो 200 मेगापिक्सल कैमरे दिए जाने की संभावना है। टिपस्टर डिजिटल चैट स्टेशन के अनुसार, वीवो एक्स300 अल्ट्रा में कुल तीन रियर कैमरे होंगे, जिनमें से दो 200 एमपी सेंसर होंगे एक मेन लेंस और दूसरा टेलिफोटो लेंस के रूप में।

कैमरे के सेंसर बड़े और अपग्रेडेड होंगे, जिससे लो-लाइट और डिटेल्ड फोटोग्राफी में बेहतरीन रिजल्ट मिलेंगे। इसका प्राइमरी लेंस 35 एमएम फोकल लेंथ के साथ आ सकता है, जो पोर्ट्रेट, स्ट्रीट और डेली फोटोग्राफी के लिए आदर्श होगा। फोन के डिज़ाइन और परफॉर्मेंस के लिहाज से भी कंपनी कोई समझौता नहीं करने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस स्मार्टफोन में 6.8 इंच का 2के ओलेड डिस्प्ले दिया जाएगा। इसमें स्नैपड्रेगन 8 इलाइट जेन 5 चिपसेट का इस्तेमाल किया जाएगा, जो इसे बेहद पावरफुल और स्मूद परफॉर्मेंस देगा।




सॉफ्टवेयर के मोर्चे पर यह डिवाइस एंड्राएड 16 पर आधारित ओरिजीन ओएस 6 पर चलेगा। इसके कैमरा, डिस्प्ले और प्रोसेसर फीचर्स को देखते हुए यह फोन आने वाले समय में फोटोग्राफी प्रेमियों और हाई-एंड यूज़र्स के लिए एक शानदार विकल्प साबित हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फोन को आईएमईआई डेटाबेस में मॉडल नंबर वी2562 के साथ देखा गया है, जिससे संकेत मिलता है कि यह फोन सिर्फ चीन ही नहीं, बल्कि ग्लोबल मार्केट में भी लॉन्च हो सकता है। संभावना है कि वीवो एक्स300 अल्ट्रा को साल 2026 की दूसरी तिमाही में लॉन्च किया जाएगा।

# नई ऑफ-रोड बाइक एक्सपल्स 210 डाकर एडिशन पेश



**नईदिल्ली ।**

हीरो मोटोकॉर्प ने इटली के मिलान में आयोजित ईआईसीएमए 2025 मोटर शो में अपनी नई ऑफ-रोड बाइक एक्सपल्स 210 डाकर एडिशन पेश की है। कंपनी के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन पवन मुंजाल ने इसे लॉन्च करते हुए बताया कि यह मॉडल एक्सपल्स 210 एडिशन का अपग्रेडेड और ज्यादा पावरफुल वर्जन है, जिसमें 'डकार डीएनए' झलकता है। नई एक्सपल्स 210 डाकर एडिशन को विशेष रूप से कठिन और रोमांचक रास्तों के लिए डिजाइन किया गया है। इसका आक्रामक डिजाइन, रैली-स्टाइल बॉडी और व्हाइट, रेड तथा ब्लैक कलर स्कीम इसे रेसिंग लुक देती है।

बाइक में 210सीसी का सिंगल-सिलेंडर, डीओएचसी, 4-वाल्व लिक्विड-कूल्ड इंजन दिया गया है, जो करीब 24.2 बीएचपी पावर और 20.7 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। इसमें 6-स्पीड गियरबॉक्स, स्लिपर क्लच, डुअल-चैनल एबीएस और दोनों पहियों पर डिस्क ब्रेक का सेटअप दिया गया है। ऑफ-रोड राइडिंग को और बेहतर बनाने के लिए इसमें एडजस्टेबल सस्पेंशन सिस्टम और मैक्सिस नॉबी टायर्स दिए गए हैं, जो ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर बेहतरीन ग्रिप प्रदान करते हैं। बाइक का टीएफटी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन फीचर इसे और आधुनिक बनाते हैं। कंपनी के अनुसार,एक्सपल्स 210 डाकर एडिशन को भारत में नवंबर 2025 के अंत तक लॉन्च किया जाएगा।

# फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी जुटाएगी 10,000 करोड़

**- आईपीओ से पहले मजबूत करेगी वित्तीय स्थिति**




**मुंबई ।** बेंगलुरु की फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी ने घोषणा की कि उसके बोर्ड ने 10,000 करोड़ रुपये तक की फंडिंग जुटाने की मंजूरी दे दी है। कंपनी यह पूंजी पब्लिक या प्राइवेट ऑफरिंग्स (आईपीओ) के माध्यम से जुटाएगी। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट या अन्य वैध वित्तीय तरीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। स्विगी ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को फाइलिंग में बताया कि यह फंडिंग एक या एक से अधिक चरणों में की जाएगी, जिसके लिए शेयरधारकों और रेगुलेटरी मंजूरियों की आवश्यकता होगी। कंपनी के अनुसार यह कदम विकास योजनाओं और रणनीतिक लचीलेपन को बढ़ावा देगा। स्विगी ने शेयरधारकों को भेजी चिट्ठी में कहा कि वर्तमान बाजार परिस्थितियों और प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अतिरिक्त फंडिंग जरूरी हो गई है। कंपनी का लक्ष्य है कि वह इस पूंजी का उपयोग व्यवसाय विस्तार और तकनीकी सुधारों में करे, जिससे वह भविष्य के संभावित पब्लिक लिस्टिंग के लिए तैयार हो सके। फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स सेगमेंट में इस समय कड़ी प्रतिस्पर्धा है। हाल ही में स्विगी की प्रतिद्वंद्वी जेप्टो ने 450 मिलियन डॉलर (करीब 4,000 करोड़ रुपए) की फंडिंग जुटाई, जिससे उसकी वैल्यूएशन 7 बिलियन डॉलर पहुंच गई है। इससे क्विक कॉमर्स बाजार में दबाव बढ़ा है। स्विगी ने बताया कि रैपिडो में हिस्सेदारी बेचने के बाद उसके पास फिलहाल 2,400 करोड़ रुपए कैश रिजर्व हैं। बावजूद इसके, कंपनी का मानना है कि तेजी से बदलते बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए पूंजी का भंडार बढ़ाना जरूरी है। इस फंडिंग से स्विगी को न सिर्फ ऑपरेशनल मजबूती, बल्कि भविष्य की ग्रोथ और नवाचार योजनाओं को भी गति मिलेगी।

# पाइन लैब्स आईपीओ का पहले दिन 13 फीसदी ही सब्सक्रिप्शन रहा

**नई दिल्ली ।**

फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स का आईपीओ शुक्रवार को खुला, लेकिन पहले दिन निवेशकों का उत्साह कम रहा। कुल 9.78 करोड़ शेयरों में से केवल 1.29 करोड़ शेयरों के लिए बिड हुई, यानी सब्सक्रिप्शन केवल 13 फीसदी रहा। आईपीओ का ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) लगातार घट रहा है। 3 नवंबर को जीएमपी 60 रुपए था, जो अब केवल 5 रुपए रह गया है। इससे संकेत मिलता है कि लिस्टिंग पर शेयर का प्राइस ऑफर प्राइस से ज्यादा नहीं बढ़ेगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 210-221 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। निवेशक 11 नवंबर तक इसमें पैसे लगा सकते हैं। पीक एक्सवी पार्टनर्स की 20 फीसदी हिस्सेदारी की वैल्यू अब 4,775 करोड़ रुपए हो गई है। कंपनी के अधिकारी की हिस्सेदारी की वैल्यू 584 करोड़ रुपए और को-फाउंडर लोकवीर कपूर की हिस्सेदारी लगभग 461 करोड़ रुपए हो गई।




# एसबीआई और बड़े निजी बैंक 2030 तक वैश्विक शीर्ष-10 में शामिल होने के लक्ष्य पर

**नई दिल्ली।**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि आने वाले वर्षों में एसबीआई और दो बड़े निजी क्षेत्र के बैंक 2030 तक बाजार पूंजीकरण के आधार पर दुनिया के शीर्ष-10 बैंक बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि एसबीआई का बाजार पूंजीकरण वर्तमान में 100 अरब डॉलर से ऊपर पहुंच चुका है। हालांकि अधिकारी ने निजी क्षेत्र के दो बैंकों के नाम नहीं बताए, लेकिन वर्तमान में एचडीएफसी बैंक बैंक 15.11 लाख करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक 9.59 लाख करोड़ रुपये के बाजार मूल्यांकन के साथ देश के सबसे मूल्यवान निजी बैंक हैं। एसबीआई का बाजार मूल्यांकन फिलहाल 8.82 लाख करोड़ रुपये है। संपत्तियों के आधार पर एसबीआई अभी भी भारत का सबसे बड़ा बैंक है और वैश्विक स्तर पर यह 43वें स्थान पर है। एसबीआई का यह बयान ऐसे समय आया है जब केंद्र सरकार बड़े और विश्वस्तरीय बैंक बनाने के लिए विलय की प्रक्रिया पर जोर दे रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि भारत को मजबूत वैश्विक बैंक की आवश्यकता है। एसबीआई 25,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटा रहा है। अधिकारी ने बताया कि यह पूंजी जुटाना विस्तार के लिए नहीं बल्कि बैंक की पूंजी स्थिति मजबूत करने के लिए है। वर्ष के अंत तक बैंक का कैपिटल एडिक्वेसी रेशियो 15 फीसदी से ऊपर और कैपिटल 12 फीसदी से अधिक रखने का लक्ष्य है। एसबीआई में इंजीनियरिंग स्नातकों में नौकरी के प्रति बढ़ती रुचि ने बैंक को नई तकनीक अपनाने और डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करने में मदद की है।




# पेट्रोल-डीजल के भाव में मामूली बढ़ोतरी



**नई दिल्ली ।** पेट्रोलियम कंपनियों ने शनिवार को नए भाव जारी कर दिए हैं। पटना में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 106.11 रुपए प्रति लीटर हो गई, जबकि शुक्रवार को यह 105.23 थी। डीजल भी 92.32 रुपए प्रति लीटर हो गया, जो शुक्रवार को 91.49 रुपए प्रति लीटर था। पिछले 10 दिनों में कीमतों में हल्का उतार-चढ़ाव देखा गया। देश के विभिन्न राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अलग-अलग हैं। आंध्र प्रदेश में पेट्रोल 109.37 और डीजल 97.22 रुपए प्रति लीटर सबसे महंगा है, जबकि अंडमान और निकोबार में पेट्रोल 82.46 और डीजल 78.05 रुपए सबसे सस्ता है। दक्षिण भारत में ईंधन की कीमतें अधिक और उत्तर भारत व कुछ केंद्र शासित प्रदेशों में कम हैं। इस बीच, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में दैनिक उतार-चढ़ाव बना हुआ है।




## आरबीआई ने चांदी पर भी लोन की अनुमति दी

**- सुविधा 1 अप्रैल 2026 से लागू**

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चांदी पर लोन लेने की अनुमति दे दी है। अब लोग अपने पास रखी चांदी के गहने और सिक्के गिरवी रखकर कर्ज ले सकते हैं। इससे आर्थिक आपातकालीन जरूरतों को पूरा करना आसान होगा। यह सुविधा 1 अप्रैल 2026 से सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों में लागू होगी। कमर्शियल बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक, रीजनल रूरल बैंक (आरआरबी), शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंक, नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियां (एनबीएफसी) और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां यह सुविधा उपलब्ध कराएंगी। गिरवी रखने की सीमा और लोन राशि इस प्रकार रहेगी- चांदी के गहने- अधिकतम 10 किलोग्राम और चांदी के सिक्के अधिकतम 500 ग्राम। लोन राशि लोन टू वैल्य रेशो के आधार पर तय होगी, यानी चांदी के मूल्य के अनुपात में कितनी रकम मिल सकती है।

## यूग्रो कैपिटल का दूसरी तिमाही में मुनाफा 19 फीसदी बढ़कर 43 करोड़ पहुंचा

**मुंबई ।** गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी यूग्रो कैपिटल का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफा 19 प्रतिशत बढ़कर 43 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 36 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। यूग्रो कैपिटल ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 461 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 343 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी ने 322 करोड़ रुपये की ब्याज आय अर्जित की, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 208 करोड़ रुपये थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के संबंध में, सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मामूली रूप से बढ़कर 2.4 प्रतिशत हो गईं, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2.1 प्रतिशत थी।

## श्नाइडर इलेक्ट्रिक का मुनाफा दूसरी तिमाही में घटकर 52 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली ।** श्नाइडर इलेक्ट्रिक इन्फ्रास्ट्रक्चर ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 52.32 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया, जो पिछले साल की समान तिमाही के 54.27 करोड़ रुपए के मुकाबले 3.54 फीसदी कम है। कंपनी की कुल आय इस तिमाही में बढ़कर 654.58 करोड़ रुपए हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 608.64 करोड़ रुपए थी। आय में यह 7.48 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाती है कि कंपनी के कारोबार में वृद्धि जारी है। समीक्षाधीन तिमाही में कुल व्यय भी बढ़कर 584.61 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के 544.12 करोड़ रुपए के मुकाबले लगभग 7.44 फीसदी अधिक है।

## भारत की 30 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लिए वित्तीय सुधार जरूरी- वर्ल्ड बैंक




**मुंबई ।**

वर्ल्ड बैंक की ताज़ा फाइनेंस सेक्टर असेसमेंट (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि भारत अगले 20 वर्षों में 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना चाहता है, तो उसे वित्तीय क्षेत्र में सुधारों की गति तेज करनी होगी। रिपोर्ट ने निजी पूंजी जुटाने और वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत का वर्ल्ड क्लास डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकारी कार्यक्रमों ने महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच में सुधार किया है। हालांकि महिलाओं के बैंक खातों के वास्तविक उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई है। 2017 के बाद से भारत का वित्तीय तंत्र अधिक मजबूत, विविध और समावेशी बन गया है। कैपिटल मार्केट तेजी से बढ़ा, और जीडीपी के 144 फीसदी से बढ़कर लगभग 175 फीसदी तक पहुंच गया। वित्त मंत्रालय ने आईएमएफ-वर्ल्ड बैंक की संयुक्त टीम के मूल्यांकन का स्वागत किया और आगे के सुधारों पर काम जारी रखने की बात कही।

# विदेशी बिकवाली और वैश्विक अनिश्चितता से सेंसेक्स-निफ्टी में गिरावट रही

**- मुनाफावसूली और विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने शेयर बाजार पर बनाया दबाव**

**मुंबई ।**

भारत का शेयर बाजार 7 नवंबर को समाप्त हुए सप्ताह में लगातार उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन दिखाने के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। पिछले सप्ताह गुरुनानक जंयती के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहने की वजह से बाजार में एक दिन कम कारोबार हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार, मिश्रित कॉर्पोरेट परिणाम, विदेशी निवेशकों की निरंतर बिकवाली और अमेरिका के साथ टैरिफ वार्ता में अनिश्चितता ने निवेशकों की सतर्कता बढ़ाई और बाजार को कमजोर किया। सप्ताह की शुरुआत मुनाफावसूली और विदेशी फंडों की निकासी के कारण नकारात्मक रही। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 261.39 अंक गिरकर 83,677.32 पर खुला, लेकिन दिन के अंत में 83,978.49 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 62.9 अंक गिरकर 25,659.20 पर खुला और 25,763.35 पर बंद हुआ। निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति, दूसरी तिमाही के कमजोर नतीजे और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर सतर्क रहे।

सेंसेक्स 55 अंक गिरकर 83,923.48 पर खुला और 519.24 अंक गिरकर 83,459.15 पर बंद हुआ। निफ्टी 40.95 अंक गिरकर 25,722.40 पर खुला और 25,597.65 पर बंद हुआ। वहीं बुधवार को गुरुनानक जयंती के कारण बाजार बंद रहा। गुरुवार को वैश्विक बाजारों में तेजी और ब्लू-चिप शेयरों में खरीदारी के बावजूद सेंसेक्स 376.89 अंक बढ़कर 83,836.04 पर खुला, लेकिन दिन के अंत में 83,311.01 पर बंद हुआ। निफ्टी 81.5 अंक बढ़कर 25,679.15 पर खुला और 25,509.70 पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और वैश्विक कमजोर रुख के कारण शुक्रवार को समाप्त सप्ताह में सेंसेक्स 631.93 अंक गिरकर 82,679.08 पर खुला और 83,216.28 पर बंद हुआ। निफ्टी 184.55 अंक गिरकर 25,325.15 पर खुला और 25,492.30 पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक अनिश्चितता के बीच निवेशक सतर्क बने हुए हैं। आने वाले हफ्तों में अमेरिकी ब्याज दर नीति और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता बाजार की दिशा तय करेंगे।



## गोल्डमैन सैक्स ने भारत से रिकॉर्ड 49 प्रबंध निदेशक बनाए

**नई दिल्ली ।** गोल्डमैन सैक्स ने भारत से 49 लोगों को प्रबंध निदेशक (एमडी) पद पर पदोन्नत किया, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इस कदम से बेंगलूरु के प्रौद्योगिकी केंद्र की वैश्विक महत्वता और बैंक के भारतीय संचालन में उसकी प्राथमिकता का संकेत मिलता है। पदोन्नति में बेंगलूरु से 38, मुंबई से 6 और हैदराबाद से 5 लोग शामिल हैं। 2023 में यह संख्या 35 थी। मुंबई कार्यालय बैंक के भारतीय व्यवसाय का संचालन करता है, जबकि बेंगलूरु कार्यालय फर्म का प्रमुख वैश्विक तकनीकी केंद्र है। गोल्डमैन सैक्स ने दुनिया भर के 638 लोगों को एमडी बनाया। अमेरिका के कर्मचारियों की हिस्सेदारी 56 फीसदी (358 लोग) और ईएमईए क्षेत्र की 25 फीसदी (159 लोग) है। भारत से 94 नागरिक एमडी बने हैं। गोल्डमैन भारत के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में कदम रखने वाली शुरुआती कंपनियों में से एक रही है, जिसने 2004 में आईटी और अन्य बैक ऑफिस सहायता से जुड़ी गतिविधियों के लिए बेंगलूरु में कार्यालय स्थापित किया था। पिछले दो दशक में उसके संचालन में कई गुना वृद्धि हुई है और अब इसमें कॉरपोरेट नकदी प्रबंधन, तरलता प्रबंधन जैसे बैंकिंग कार्यों की व्यापक श्रृंखला शामिल है।

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसदी से अधिक रहने का अनुमान: सीईए



**नई दिल्ली ।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसदी से ऊपर रहने की संभावना है। जनवरी में पेश आर्थिक समीक्षा में 6.3 से 6.8 फीसदी के बीच वृद्धि का अनुमान लगाया गया था। नागेश्वरन ने बताया कि जीएसटी कटौती और आयकर राहत से खपत में तेजी आई है। इसके अलावा कृषि, व्यापार, होटल, वित्तीय सेवाएँ और रियल एस्टेट क्षेत्रों की मजबूती ने वृद्धि को बढ़ावा दिया। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.8 फीसदी रही। पिछली तिमाही में यह 8.4 फीसदी थी। चीन की समान अवधि में वृद्धि 5.2 फीसदी रही। भारत अब भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए निवेश दर बढ़ाना जरूरी: नीति आयोग सीईओ

**- अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता सकारात्मक दिशा में**

**मुंबई ।**

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता महीने के अंत तक सफल हो सकती है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया कि वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ रही है और उम्मीद है कि जल्द ही इसमें ठोस परिणाम सामने आएंगे। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत को 8-9 प्रतिशत की विकास दर बनाए रखने के लिए अपनी निवेश दर को जीडीपी के 35-36 प्रतिशत तक बढ़ाना होगा, जो वर्तमान में लगभग 30-31 प्रतिशत है। निवेश दर बढ़ाने से देश की आर्थिक वृद्धि में स्थिरता आएगी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती मिलेगी। उन्होंने नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि यह नवंबर तक चालू होगा। मिशन के तहत 15 प्रमुख सेक्टर्स पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा और 75 स्थानों पर सेक्टोरल क्लस्टर बनाकर भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धी मैन्युफैक्चरिंग हब बनाया जाएगा। सुब्रह्मण्यम ने मानव पूंजी को आर्थिक विकास का आधार बताया। यदि केवल 1 रुपया निवेश करना हो तो उसे कौशल विकास और शिक्षा पर लगाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में छात्र औसतन 6-7 साल की स्कूली शिक्षा प्राप्त करते हैं, जबकि दक्षिण कोरिया में यह अवधि 13-14 साल है। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर खुली अर्थव्यवस्था बनाए रखना चाहिए। विदेशी निवेशक भारत के बाजार और लागत प्रतिस्पर्धात्मकता की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। इसके लिए नौकरशाही को कम करना और न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के सिद्धांत पर ध्यान देना जरूरी है।



# अमीरी में अभिवृद्धि विद्रोह एवं संकट का बड़ा कारण



ललित गर्ग

**सन् 2000 से 2024 के बीच विश्व अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, तकनीकी विकास हुआ, उत्पादन बढ़ा और वैश्वीकरण के नाम पर बाजारों का विस्तार हुआ, लेकिन इस विकास का लाभ समान रूप से नहीं बंटा। अमीर और अमीर होते गए, गरीब और गरीब। सन 2000 में जहां विश्व की कुल संपत्ति का पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा शीर्ष एक प्रतिशत लोगों के पास था, वहीं 2024 तक यह बढ़कर तिरेसठ प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। इसी अवधि में आधी से अधिक आबादी के हिस्से की संपत्ति घटकर केवल एक प्रतिशत रह गई।**

विश्व अर्थव्यवस्था पर किए गए हालिया अध्ययन विशेषकर जी-20 पैनल की रिपोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि धन और संपत्ति के वितरण में असमानता अब चरम पर पहुंच चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार आज दुनिया की नई बनी संपत्तियों का लगभग तिरेसठ प्रतिशत हिस्सा मात्र एक प्रतिशत अमीर लोगों के पास है जबकि निचले पचास प्रतिशत गरीब लोगों के हिस्से में केवल एक प्रतिशत संपत्ति आई है। यह असमानता केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक, सामाजिक और मानवीय संकट का भी संकेत है। यह स्थिति एक आदर्श विश्व संरचना के लिये भी बड़ी बाधा है। यह ऐसी त्रासद, विद्रोहपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति है जिसमें एक तरफ लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सड़कों पर उतर रहे हैं तो दूसरी ओर अमीर से और अमीर होते लोगों की विलासिता के किस्से तमाम हैं। उदारीकरण व वैश्वीकरण के दौर के बाद पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता रूकने का नाम नहीं ले रही है, इससे एक बड़ी आबादी में विद्रोह एवं क्रांति के स्वर उभर रहे हैं।

सन् 2000 से 2024 के बीच विश्व अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, तकनीकी विकास हुआ, उत्पादन बढ़ा और वैश्वीकरण के नाम पर बाजारों का विस्तार हुआ, लेकिन इस विकास का लाभ समान रूप से नहीं बंटा। अमीर और अमीर होते गए, गरीब और गरीब। सन 2000 में जहां विश्व की कुल संपत्ति का पैंतालीस प्रतिशत हिस्सा शीर्ष एक प्रतिशत लोगों के पास था, वहीं 2024 तक यह बढ़कर तिरेसठ प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। इसी अवधि में आधी से अधिक आबादी के हिस्से की संपत्ति घटकर केवल एक प्रतिशत रह गई। यह आंकड़े केवल संख्या नहीं, मानवता की दिशा के संकेत हैं कि हम प्रगति के नाम पर असंतुलन का साम्राज्य खड़ा कर रहे हैं। जो विद्रोह का कारण बन रहा है, हिंसा एवं अलगाव का भी कारण बन रहा है।

जी-20 पैनल के अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। निस्संदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब अभाव, तंगी एवं जहालत के दलदल से बाहर आने के लिए छटपटा रहे हैं। इस आर्थिक असमानता का ही नतीजा है कि अमीर व गरीब के बीच संसाधनों का असमान वितरण और बदतर स्थिति में पहुंच गया है। ऑक्सफैम इंडिया की रिपोर्ट बताती है कि देश के शीर्ष दस प्रतिशत लोगों के पास कुल संपत्ति का लगभग सतहत्तर प्रतिशत हिस्सा है जबकि निचले साठ प्रतिशत लोगों के हिस्से में मात्र 4.7 प्रतिशत संपत्ति आती है। बीते दशक में अरबपतियों की संख्या दोगुनी हो गई लेकिन मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग की आमदनी स्थिर रही या घटी। एक ओर महानगरों में गगनचुंबी इमारतें, विलासिता और अति उपभोग की चकाचौंध है, तो दूसरी ओर गाँवों और झुग्गियों में रोटी और दवा के लिए संघर्षरत लोग हैं। यही विरोधाभास हमारी विकास यात्रा का सबसे बड़ा प्रश्न बन गया है।

निस्संदेह, पैनल की हालिया रिपोर्ट नीति-निमार्ताओं को असमानता के इस बढ़ते अंतर को पाटने के तरीके तलाशने और नये साधन खोजने के लिये प्रेरित करेगी। पिछले ही हफ्ते, केरल सरकार ने दावा किया था कि राज्य ने अत्यधिक गरीब तबके की गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने इन दावों को लेकर संदेह जताया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गरीबी मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी आश्चर्यकारी सफलता के साथ आगे बढ़ रहा है। करीब 25 करोड़ लोगों को गरीब से बाहर लाया गया है। इस साल की शुरूआत में, विश्व बैंक ने भी बताया था कि भारत 2011-12 और 2022-23 के बीच 17 करोड़ लोगों को गरीबी की दलदल से बाहर निकालने में सफल रहा है। मोदी सरकार के जन-केंद्रित विकास और सामुदायिक भागीदारी के लाभों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निस्संदेह, इस पहल ने करोडों अत्यंत गरीब परिवारों को भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के बेहतर साधनों तक पहुंचने में मदद की है। फिर भी देश में धन-संपत्ति की असमानता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि असंतोष और हिंसा की जड़ है। जब परिश्रमी व्यक्ति को उसका उचित मूल्य नहीं मिलता, जब समाज में अवसर और सम्मान का समान वितरण नहीं होता, तब भीतर आक्रोश और विद्रोह जन्म लेता है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी ने कहा है कि जब पूंजी की आय दर आर्थिक वृद्धि दर से अधिक हो जाती है, तब समाज में असमानता बढ़ती है और लोकतंत्र की जड़ें हिल जाती हैं। आज यही हो रहा है। आर्थिक असंतुलन से सामाजिक असंतुलन उपज रहा है, अविश्वास और द्वेष का वातावरण बन रहा है।

कोरोना महामारी ने इस असमानता को और गहरा किया। जब करोड़ों लोग बेरोजगार और निर्धन हो गए, तब कुछ गिने-चुने उद्योगपतियों और कंपनियों की संपत्ति कई गुना बढ़ गई। इसका अर्थ यह है कि संकट भी अब वर्ग विशेष के लिए अवसर बन गया है। युद्धों, ऊर्जा संकट और बढ़ती महंगाई ने गरीब देशों की स्थिति को और भी कठिन बना दिया। अमीर देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने इन संकटों से भी मुनाफा कमाया जबकि विकासशील देशों में भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की उपलब्धता घटती गई। विकास का अर्थ हमने केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि तक सीमित कर दिया है। समाज में नैतिकता, समानता, सहानुभूति और पर्यावरणीय न्याय जैसे तत्व विकास की परिभाषा से गायब हो गए हैं। अमीर देशों की कंपनियां गरीब देशों के संसाधनों का दोहन करती हैं, और गरीब देशों के श्रमिक उनके उत्पादन का आधार बन जाते हैं। यह एक नया आर्थिक उपनिवेशवाद है, जहां अब सत्ता नहीं, पूंजी शासन करती है।

गरीबी उन्मूलन की तस्वीर को केवल संख्याएं ही पूरी तरह नहीं उकेर सकती हैं। गरीबी कम करने के प्रयासों के दावों के मुताबिक जमीनी स्तर पर गुणात्मक बदलाव भी नजर आना चाहिए, आम जीवनस्तर उन्नत होता हुआ भी दिखना चाहिए। हालांकि, अर्थशास्त्री आमतौर पर संपत्ति कर लगाने के पक्षधर नहीं होते हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अति-धनी लोग सरकारी खजाने में अपना उचित योगदान दें। अब चाहे कोई अमीर हो या गरीब, सबका ध्यान विकास पर केंद्रित किया जाना चाहिए। तभी देश उत्पादकता के क्षेत्र में आगे बढ़कर गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक प्रगति कर सकता है। यह पहल ही नये भारत, विकसित भारत के सपने को साकार करने में मददगार साबित हो सकती है।

गरीबी-अमीरी के असंतुलन की स्थिति से निकलने का एक ही मार्ग है-धन का न्यायपूर्ण पुनर्वितरण, समान अवसर और समाजोपयोगी नीति। कर व्यवस्था ऐसी हो जो अमीरों से अधिक कर लेकर गरीबों की शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर को सुदृढ़ करे। अवसरों की समानता तभी संभव है जब शिक्षा और स्वास्थ्य सभी के लिए समान रूप से सुलभ हों। लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है ताकि नीति पूंजी के लिए नहीं, नागरिक के लिए बने। परंतु केवल नीतियों से नहीं, दृष्टि से परिवर्तन आएगा। स्वामी विवेकानंद ने कहा था-ह्वगरीब पापी नहीं, जीवित देवता हैं। उनकी सेवा ही ईश्वर की सेवा है।ह्व दूसरी बड़ी बात है कि जब कुछ लोग सब कुछ पा लेते हैं, तो बाकी सब कुछ खो देते हैं। इसलिये सरकारें वोट बैंक की राजनीति से इतर ईमानदारी से पहल करें तो गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक, समता एवं सतुलन के दृश्य स्थापित किये जा सकते हैं। चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की तेजी से बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह एक हकीकत है कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं हो सकती। इस तरह की लोकलुभावनी कोशिशों से राज्यों का वित्तीय घाटा ही प्रभावित होता है। जिसकी कीमत लोगों को विकास योजनाओं से दूर रहकर ही चुकानी पड़ती है।



## संपादकीय

### 'सरकार बदलना' अपराध नहीं

यह कैसा न्याय और लोकतंत्र है? राजधानी दिल्ली में 2020 में दंगे हुए थे। उसके पांच आरोपितों में उमर खालिद, शरजील इमाम और तीन अन्य हैं, जो 'राक्षसी कानून' यूएपीए के तहत जेल में हैं। जेल के 5 साल बेहद लंबे और कष्टकारक होते हैं। यूएपीए आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का एक बेहद कड़ा और पेचीदा कानून है। टाडा और पोटा को समाप्त कर यूएपीए बनाया गया था। इन 5 लंबे सालों में दिल्ली पुलिस कैद नौजवानों को न तो आतंकवादी और न ही दंगई साबित कर पाई है। अदालत में आरोप तक तय नहीं हो पाए हैं। दिल्ली पुलिस ने सर्वोच्च अदालत में हलफनामा दाखिल कर इन नौजवान आरोपितों की जमानत का भी विरोध किया है। तर्क दिया गया है कि उन्होंने देश की सरकार बदलने की साजिश रची थी। कमोबेश अदालत के जरिए यह भी देश के सामने आना चाहिए था कि इन नौजवानों ने किस संगठन या आतंकियों के साथ साजिश रची थी? बेहद गंभीर सवाल है कि क्या लोकतंत्र में सरकार बदलना कोई 'अपराध' है अथवा यह 'अवैध' कवायद है? पांच साल काफी लंबा वक्त है। यूएपीए के प्रावधान बेहद कड़े हैं और उनमें जमानत मिलना लगभग असंभव है। यदि इन नौजवानों को, सजायाफ्ता घोषित हुए बिना ही, निरंतर जेल में रखना है, तो फिर मौलिक अधिकार, संविधान, लोकतंत्र की बातें करना या दावे करना फिजूल है। यदि पांच साल जेल काटने के बाद वे बेकसूर साबित हुए, तो इस सजा का हजार्ना कौन भरेगा? देश में ऐसा कोई ठोस कानून नहीं है, जो ऐसी स्थिति में दोषी व्यक्ति या सरकार तय कर सके। सर्वोच्च अदालत ही कई मौकों पर टिप्पणी कर चुकी है कि एक आरोपित को लंबे वक्त तक, महज आरोपों के आधार पर ही, जेल में कैद रखना भी 'अवैध' है। फिर ये शिक्षित नौजवान जमानत पाने से वंचित क्यों हैं? चूंकि वे मुसलमान हैं, लिहाजा आतंकी या दंगई भी होंगे, यह कोई मानदंड नहीं है। वे जेल में बंद रहेंगे, सिर्फ यूएपीए के प्रावधानों के कारणङ्क! दुर्भाग्य और विडंबना है। ऐसा कानून देश के नागरिक से बड़ा और महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। इसे संशोधित किया जाना चाहिए। बहरहाल लोकतंत्र में सरकार बदलना अथवा एक समानांतर जनमत तैयार करना कोई संवैधानिक गुनाह नहीं है। सरकार के साथ संसद सबसे महत्वपूर्ण संस्था है। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' के मुताबिक, करीब 46 फीसदी, यानी 251, सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, लेकिन वे जेल के बजाय संसद में मौजूद हैं और देश के लिए कानून बना रहे हैं। उनमें से 170 सांसद ऐसे हैं, जिनके खिलाफ बलात्कार, हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण, फिरौती और महिला संबंधी गंभीर अपराध दर्ज हैं, अदालत में तारीखें पड़ रही हैं, लेकिन उन्हें तो साल-दर-साल जेल की सजा नहीं सुनाई गई! यह कैसा लोकतंत्र है? क्या देश में दोगली न्यायिक व्यवस्था है?

## चिंतन-मनन

### विचारों की तरंगें

राजा की सवारी निकल रही थी। सर्वत्र जय-जयकार हो रही थी। सवारी बाजार के मध्य से गुजर रही थी। राजा की दृष्टि एक व्यापारी पर पड़ी। वह चन्दन का व्यापार करता था। राजा ने व्यापारी को देखा। मन में घृणा और ग्लानि उभर आई। उसने मन ही मन सोचा, यह व्यापारी बुरा है। इसे मृत्युदंड दे देना चाहिए।

नगर-परिभ्रमण कर राजा महल में पहुंचा। मंत्री को बुलाकर कहा, मंत्रीवर! न जाने क्यों उस व्यापारी को देखकर मेरा मन उद्विग्न हो गया और मन में आया कि उसको मार डाला जाए। मंत्री ने कहा, राजन्! मैं सारी व्यवस्था करता हूं। मंत्री व्यापारी के पास गया। औपचारिक बातें हुई। व्यापारी ने कहा, मंत्रीजी! चन्दन का भाव प्रतिदिन कम होता जा रहा है। मेरे पास चन्दन का बहुत संग्रह है। लाखों रूपयों का घाटा हो रहा है। मन चिन्ता से भरा है। राजा के सिवाय चन्दन को कौन खरीदे? राजा भी क्यों खरीदेगा? यह तो मरणवेला में प्रचुर मात्रा में काम आती है। मैं घाटे से दबा जा रहा हूं। सच कहूं, आज जब राजा की सवारी निकल रही थी, तब राजा को देखकर मेरे मन में आया कि यदि आज राजा की मृत्यु हो जाए तो मेरा सारा चन्दन बिक जाए, अच्छे मूल्य में बिक जाए। मंत्री ने सुना। राजा के उदास होने और व्यापारी को मृत्युदंड देने की भावना के जागने का रहस्य समझ में आ गया। विचार संप्रमणशील होते हैं। वे बिना कहे दूसरे तक पहुंच जाते हैं। विचारों की रश्मियां होती हैं और तरंगें पूरे आकाशमण्डल में फैल जाती हैं और सम्बन्धित व्यक्ति के मस्तिष्क से टकराकर उसे प्रभावित करती हैं।

# भारतीय रेल मानचित्र पर गति और आधुनिकता का नया युग



विनोद कुमार सिंह

8 नवंबर 2025 का दिन भारतीय रेल के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी(बनारस)से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को राष्ट्र को समर्पित किया। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस को उन्होंने स्वयं मंच से हरी झंडी दिखाई,जबकि एनार्कुलम-बेंगलुरु,लखनऊ-सहारनपुर और फिरोजपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रवाना किया।प्रधानमंत्री का यह आयोजन केवल चार नई ट्रेनों के उद्घाटन भर का समारोह नहीं था,बल्कि यह 'नया भारत-तेज भारत' की उस भावना का उत्सव था,जो देश की हर पटरी पर प्रगति की रफ्तार बन चुकी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर कहा -'वंदे भारत ट्रेनें आज आत्मनिर्भर भारत की इंजीनियरिंग क्षमता और नई पीढ़ी के आत्म विश्वास की मिसाल हैं। ये ट्रेनें न सिर्फ शहरों को जोड़ती हैं,बल्कि दिलों को जोड़ती हैं। अब भारत की रफ्तार किसी से कम नहीं,यह नया भारत अब ठहरने वाला नहीं है।' एनार्कुलम-बेंगलुरु : दक्षिण भारत की विकास यात्रा की गाथा चारों नई वंदे भारत ट्रेनों में से सबसे अधिक चर्चा में रही है-एनार्कुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस,जो दक्षिण भारत में आधुनिकता,गति और सुविधा का नया प्रतीक बन चुकी है।यह ट्रेन केरल की सांस्कृतिक राजधानी एनार्कुलम(कोच्चि)को कर्नाटक की तकनीकी राजधानी बेंगलुरु से जोड़ती है। लगभग 575 किलोमीटर की दूरी यह मात्र 8 घंटे 40 मिनट में तय करती है,जो पारंपरिक एक्सप्रेस ट्रेनों से करीब दो घंटे कम है। यह ट्रेन प्रतिदिन दोनों दिशाओं में चलेगी,जिससे यात्रियों को 'वन डे ट्रिप' की सुविधा मिलती है-यानी सुबह रवाना होकर शाम तक वापसी संभव है।व्यावसायिक यात्रियों,आईटी सेक्टर से जुड़े प्रोफेशनलों और पारिवारिक यात्राओं के लिए यह सुविधा क्रांतिकारी है।

ट्रेन सात प्रमुख स्टेशनों पर रुकती है -कोयंबटूर, तिरुपुर, इरोड, सलेम, पालक्काड, थ्रिस्सूर और एनार्कुलम। ये सभी स्टेशन दक्षिण भारत की औद्योगिक, कृषि और सामाजिक धड़कन हैं।इरोड और सलेम अपने लघु उद्योगों और कृषि उत्पादों के लिए प्रसिद्ध हैं,वहीं कोयंबटूर को 'दक्षिण भारत का मैनचेस्टर' कहा जाता है। अब इन शहरों के व्यापारी और उद्योगपति अपने माल को समय पर बड़े बाजारों तक पहुँचा सकेंगे।आधुनिक तकनीक,भारतीय निर्माण का अनुठा संगम- एनार्कुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस पूरी तरह भारतीय तकनीक और इंजीनियरिंग कौशल से निर्मित है। इसका निर्माण चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (क्ळ्रऋ)में हुआ है।यह ट्रेन न केवल 'मेक इन इंडिया' की सफलता का प्रतीक है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' की तकनीकी शक्ति को भी दशार्ती है।

इस ट्रेन की प्रमुख विशेषताएँ हैं –

एरोडायनामिक डिजाइन,जो गति और स्थिरता दोनों बनाए रखता है।

ऊर्जा-सक्षम प्रणालियाँ,जिससे ईंधन की खपत कम होती है।बायो- वैक्यूम शौचालय और स्वचालित दरवाजे, स्वच्छता और सुविधा दोनों का संगम।जीपीएस आधारित सूचना प्रणाली,जिससे यात्रियों को हर स्टेशन और समय की जानकारी रीयल टाइम में मिलती है। रिक्लाइनिंग सीटें,जो लंबी यात्रा को थकानरहित और आरामदायक बनाती हैं। पर्यावरण और अर्थ व्यवस्था दोनों को लाभ -यह वंदे भारत एक्सप्रेस न केवल तेज और आरामदायक है,बल्कि पर्यावरण- अनुकूल भी है।इसके ऊर्जा-कुशल इंजन कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम रखते हैं रेल मंत्रालय के अनुसार,नई पीढ़ी की वंदे भारत ट्रेनों से डीजल खपत में भारी कमी आएगी और देश के ग्रीन मोबिलिटी लक्ष्यों को गति मिलेगी। व्यापारिक दृष्टि से भी यह ट्रेन लाभदायक है। एनार्कुलम का पोर्ट-आधारित व्यापार,बेंगलुरु का आईटी सेक्टर,और कोयंबटूर का टेक्सटाइल उद्योग -इन तीनों के बीच संपर्क मजबूत होने से माल-परिवहन और श्रमिक- आवागमन को नई दिशा मिलेगी। परिवहन की लागत घटेगी और उत्पादकता बढ़ेगी। पर्यटन और संस्कृति का नया सेतु केरल और कर्नाटक न केवल आर्थिक रूप से,बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध राज्य हैं। एनार्कुलम के बैकवाटर्स,कोच्चि का ऐतिहासिक बंदरगाह,तिरुपुर के मंदिर,सलेम की पहाड़ियाँ और बेंगलुरु का तकनीकी आकर्षण -अब एक ही दिन में यात्रियों की पहुँच में होंगे।धार्मिक और सांस्कृतिक यात्राएँ भी सुगम होंगी।मोदी ने अपने संबोधन में विशेष रूप से कहा -'भारत में पर्यटन केवल आर्थिक गतिविधि नहीं,बल्कि भावना है।जब हमारी रेल सुविधाएँ आधुनिक होंगी,तो तीर्थ,पर्यटन और व्यापार -सबको समान रूप से बल मिलेगा।'

चार वंदे भारत,एक उद्देश्य -नया भारत,विकसित भारत एनार्कुलम-बेंगलुरु वंदे भारत के साथ तीन अन्य ट्रेनें भी राष्ट्र को समर्पित की गईं:

1.बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस-उत्तर भारत के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ती है। 2. लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस-उत्तर प्रदेश की औद्योगिक पट्टी को तीव्र कनेक्टिविटी देती है। 3.फिरोजपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस-पंजाब की सीमांत धरती को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ती है।

इन चारों ट्रेनों की शुरूआत के साथ अब देश में 80 से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस परिचालित हैं। दक्षिणभारत में यह नेटवर्क और भी सशक्त हुआ है,जिससे भारतीय रेल मानचित्र पर गति और आधुनिकता का नया युग आरंभ हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में कहा कि 'बीते दस वर्षों में भारत ने जो रेल क्रांति देखी है,वह किसी एक सरकार की नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक शक्ति का परिणाम है। रेल मंत्रालय का उद्देश्य है कि वंदे भारत जैसी हाई-टेक ट्रेनों के माध्यम से देश के सभी प्रमुख शहरों को जोड़ा जाए। इससे यात्रा का समय घटेगा,ऊर्जा की खपत कम होगी और यात्रियों का अनुभव विश्वस्तरीय बनेगा। आधुनिक भारत की प्रगति की पटरियों पर -एनार्कुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस सिर्फ एक ट्रेन नहीं,बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता,आत्म निर्भरता और विकास यात्रा का जीवंत प्रतीक है।यह यात्रा को तेज ही नहीं,बल्कि सुरक्षित और आनंददायक बनाती है।8 नवंबर 2025 को जब यह ट्रेन अपनी पहली यात्रा पर रवाना हुई तो दक्षिण भारत ने देखा 'यह सिर्फ रेल नहीं, विकास की रफ्तार है।' नई वंदे भारत एक्सप्रेस न केवल यात्रियों के लिए सुविधा का प्रतीक है,बल्कि भारत की तकनीकी प्रगति, पर्यावरणीय संतुलन और आधुनिक रेल परिवहन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

(नोट-लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार है। )

# राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस : न्याय की दीपशिखा हर घर - हर दिल



दिलीप कुमार पाठक

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे - किसी भी समाज की असली पहचान इस बात से होती है कि वह अपने सबसे कमजोर सदस्यों के साथ कैसा व्यवहार करता है '

हर साल भारत में 9नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है। इस दिन देश के सभी नागरिकों को उचित, निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जाता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरूआत पहली बार 1995 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए की गई थी। इस दिन को विधिक सेवा के तहत प्राधिकरण अधिनियम और वादिकारियों के अधिकारों को विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराने के लिए मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों के लोगों के लिए निःशुल्क, उच्च-स्तरीय कानूनी सेवाओं की पेशकश करना है। यह कमजोर वर्गों के लोगों को मुफ्त सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास भी करता है। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के इतिहास के बारे में जानने से पहले यह जानना आवश्यक है कि कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 क्या है, क्योंकि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरूआत के पीछे इस अधिनियम की महत्वपूर्ण भूमिका है।

भारत के संविधान के अनुच्छेद39-ए और उसकी समिति की सिफारिशों के अनुसार, केंद्र सरकार ने कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम,1987 को अधिनियमित किया था। इस अधिनियम को 1994 के संशोधन अधिनियम के बाद 9नवंबर 1995 को लागू किया गया, और तब से मुख्य अधिनियम में कई संशोधन किए गए हैं। इस अधिनियम के माध्यम से पिछड़े वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांग व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है। अधिनियम के कारण किसी भी प्रकार से किसी दिव्यांग या आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को न्याय से वंचित नहीं रखा जा सकता। न्याय प्राप्त करने का अधिकार एक अमीर व्यक्ति या सामान्य वर्ग के व्यक्ति को जितना है, उतना ही अधिकार एक आम व्यक्ति को भी है। न्याय प्राप्त करने में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं है; सभी को समान अवसर प्रदान करना इस अधिनियम में निहित है। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर, देश भर के राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता की उपलब्धता के बारे में जागरूक करने के लिए कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा, विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

वर्ष2021 में 2अक्टूबर से 14नवंबर तक छह-सप्ताह का अखिल भारतीय कानूनी जागरूकता एवं आउटरीच अभियान चलाया गया। इस अभियान में घर-घर जाकर प्रचार, कानूनी जागरूकता कार्यक्रम, मोबाइल वैन के माध्यम से जागरूकता और कानूनी सहायता क्लीनिक शामिल थे। इसके अतिरिक्त, 8नवंबर से 14नवंबर2021 तक 'कानूनी सेवा सप्ताह' मनाया गया, जिसमें 38करोड़ से अधिक लोगों का सर्वेक्षण किया गया, उनसे बातचीत की गई और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। कानूनी सेवा दिवस (9नवंबर2021) को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) ने राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें कानूनी सेवा मोबाइल एप्लिकेशन का iOS संस्करण लॉन्च किया गया और कानूनी सहायता आवेदन दाखिल करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल को 10भाषाओं में सुगम बनाया गया । राज्य स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा की जाती है, जो इसके मुख्य संरक्षक भी होते हैं। उच्च न्यायालय के एक सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायाधीश को कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नामांकित किया जाता है। जिला स्तर पर राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण का कार्यकारी अध्यक्ष जिला न्यायाधीश होता है। तालुका स्तर पर तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण का नेतृत्व वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश करते हैं। साथ ही उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण और सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण भी होते हैं।

इस दिवस का महत्व बहुत खास है; यह समाज के कमजोर वर्गों के लिए कानूनी सुरक्षा और प्रावधानों का



वादा करता है। इससे विवादों के निपटारे में मदद मिलती है। जिस दिन यह अधिनियम पारित किया गया था, उसी दिन नागरिकों के बीच कानूनी जागरूकता फैलाने के लिए इसे राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर, आइए हम सभी न्याय की उपलब्धता को सुनिश्चित करने की शपथ लें। समाज के हर वर्ग तक निःशुल्क कानूनी सहायता पहुँचाकर, हम एक अधिक समान और न्यायसंगत भारत का निर्माण कर सकते हैं।

(लेखक पत्रकार हैं )

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संक्षिप्त समाचार

### वेनेजुएला पर हमला करने से रोकने के लिए विधेयक पर मतदान

**काराकास, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण मतदान हुआ, जिसमें ऐसा विधेयक पेश किया गया, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई करने की शक्ति को सीमित करेगा। डेमोक्रेटिक सांसदों ने कांग्रेस से आग्रह किया है कि वह राष्ट्रपति ट्रंप की वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ चल रही अभियान में अधिक सशक्त भूमिका निभाए। शीर्ष रिपब्लिकनों सहित सांसदों ने मांग की है कि ट्रम्प प्रशासन उन्हें कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत महासागर में कथित नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले जहाजों के खिलाफ अमेरिकी सैन्य हमलों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करे। गुरुवार का यह मतदान वास्तव में ट्रंप प्रशासन की वेनेजुएला की जमीन पर संभावित सैन्य कार्रवाई को रोकने का प्रयास है, जिसके लिए पहले कांग्रेस की अनुमति अनिवार्य होगी। यह कदम इस बात की परीक्षा है कि क्या रिपब्लिकन सीनेटर ट्रंप प्रशासन को क्षेत्र में नौसैनिक बलों की तैनाती जारी रखने की अनुमति देंगे या नहीं? हालांकि इस विधेयक के पारित होने की संभावना बहुत कम है, क्योंकि इसे राष्ट्रपति ट्रंप के हस्ताक्षर की आवश्यकता होगी, फिर भी यह सांसदों को ट्रंप के वेनेजुएला पर सार्वजनिक हमले की धमकियों को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का अवसर देता है।

### अमेरिका ने ड्रग तस्करी के आरोप में एक और नाव पर किया हमला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने गुरुवार को बताया कि अमेरिकी सेना ने कैरेबियाई सागर में एक नाव पर घातक हमला किया, जिसे नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल बताया गया है। इस हमले में नाव पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हेगसेथ ने बताया कि यह हमला ट्रंप प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान का 17वां हमला है। इस अभियान में अब तक कम से कम 69 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस हमले का 20 सेकंड का वीडियो साझा किया और लिखा, 'जैसा हमने कहा है, नशा बेचने वाले आतंकियों पर नाव हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक अमेरिकी लोगों को जहर देने का यह सिलसिला खत्म नहीं होता।' रक्षा मंत्री ने दावा किया कि जिस नाव पर हमला किया गया, वह एक नामित आतंकवादी संगठन की तरफ से चलाई जा रही थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन हमलों का बचाव करते हुए कहा है कि अमेरिका ड्रग कार्टेल्स के साथ सशस्त्र संघर्ष में है। हालांकि, प्रशासन ने अब तक इन दावों के समर्थन में कोई सबूत या अतिरिक्त जानकारी जारी नहीं की है।

### बोलीविया की पूर्व राष्ट्रपति जेल से रिहा

**सुक्रे, एजेंसी।** बोलीविया की पूर्व अंतरिम राष्ट्रपति जीनिन एनेज गुरुवार (06 नवंबर) को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जेल से रिहा हो गईं। कोर्ट ने उनकी 10 साल की सजा रद्द कर दी है। ला पाज शहर के मिराफ्लोरेस महिला जेल से बाहर निकलते हुए एनेज ने मुस्कुराए और बोलीविया का झंडा लहराया। इसी के साथ भगे हुए गले से उन्होंने कहा, 'मैंने अपने देश को वह सब कुछ दिया जो मुझे देना था। यह बहुत दर्दनाक रहा है। उन्होंने मेरे साथ एक असली अपराधी जैसा व्यवहार किया।' बता दें कि एनेज चार साल से ज्यादा समय से जेल में थीं। उन्हें मार्च 2021 में गिरफ्तार किया गया था और जून 2022 में दोषी ठहराया गया था। जो कि 2019 के घातक विरोध प्रदर्शनों के बाद एक विवादास्पद नेशनल असेंबली सत्र में राष्ट्रपति पद संभालने में उनकी भूमिका के लिए था, जिसके कारण तत्कालीन राष्ट्रपति इवो मोरालेस (2006-2019) को इस्तीफा देना पड़ा।

### ट्रंप प्रशासन को नवंबर में एसएनएपी खाद्य सहायता पूरी तरह देने का आदेश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रोड आइलैंड राज्य में एक संघीय न्यायाधीश ने गुरुवार को ट्रंप प्रशासन को आदेश दिया कि वह नवंबर महीने के लिए एसएनएपी यानी खाद्य सहायता कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को पूरी राशि मुहैया कराए। अमेरिकी जिला न्यायाधीश जॉन जे. मैककोनेल जूनियर ने अपने फैसले में ट्रंप प्रशासन को शुक्रवार तक इन भुगतानों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि करीब 4.2 करोड़ अमेरिकियों यानी हर 8 में से 1 व्यक्ति को यह राशि अपने डेबिट कार्ड्स पर इतनी जल्दी नहीं मिलेगी, जिनका उपयोग वे किराना खरीदने में करते हैं। यह आदेश उन शहरों और गैर-लाभकारी संगठनों की याचिकाओं के बाद आया जिन्होंने सरकार के इस फैसले को चुनौती दी थी कि वह केवल 65 प्रतिशत लाभ ही देगी। इस निर्णय के कारण कुछ जरूरतमंदों को इस महीने कोई सहायता नहीं मिलती। मैककोनेल उन दो संघीय न्यायाधीशों में से एक हैं जिन्होंने पिछले हफ्ते फैसला दिया था कि संघीय शटडाउन के कारण ट्रंप प्रशासन नवंबर के खाद्य लाभों को पूरी तरह रोक नहीं सकता।

# सूडान में दो साल बाद आरएसएफ-एसएएफ युद्धविराम पर सहमत



**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान में दो साल से जारी खूनी संघर्ष के बीच अब शांति की किरण नजर आ रही है। देश की अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने कहा है कि वह अमेरिका के प्रस्ताव पर सूडानी सेना (एसएएफ) के साथ युद्धविराम के लिए तैयार है। एक समाचार एजेंसी के अनुसार, आरएसएफ ने गुरुवार को कहा कि वह अमेरिका, सऊदी अरब, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात की अगुवाई वाले 'क्वाड' समूह की तरफ से सुझाए गए मानवीय युद्धविराम को स्वीकार करने को तैयार है। इस युद्धविराम का उद्देश्य युद्ध से बिगड़ते मानवीय हालात को संभालना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हालांकि, इस घोषणा पर सूडान की नियमित सेना की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**समझौते के बिंदुओं पर काम जारी :** अमेरिका के अरब और अफ्रीकी मामलों के वरिष्ठ सलाहकार मसाद बुलोस ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिशें चल रही हैं और उन्होंने सिद्धांत रूप में सहमति दे दी है। बुलोस के मुताबिक, 'किसी भी पक्ष ने शुरुआत में आपत्ति नहीं जताई है। अब हम समझौते के अहम बिंदुओं पर काम कर रहे हैं।'

**सेना प्रमुख का तीखा बयान :** इसी बीच, सेना प्रमुख अब्देल फतह अल-बुरहान ने गुरुवार को अपने संबोधन में कहा कि उनकी सेना दुश्मन की हार के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा, 'जल्द ही हम उन लोगों का बदला लेंगे जिन्हें मार दिया गया या जिन पर अत्याचार हुआ... उन सभी इलाकों में जहां विद्रोहियों ने हमला किया।'

**आरएसएफ पर अल-फाशर में जनसंहार के आरोप :** यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब आरएसएफ पर उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी अल-फाशर पर कब्जे के दौरान जनसंहार के आरोप लगे हैं। 26 अक्तूबर को शहर पर नियंत्रण पाने से पहले आरएसएफ ने करीब 18 महीने तक घेराबंदी की थी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, आरएसएफ के कब्जे के बाद से 70000 से अधिक लोग अल-फाशर और उसके आसपास के इलाकों से पलायन कर चुके हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और मानवाधिकार संगठनों ने बताया है कि शहर में सामूहिक हत्याएं, दुष्कर्म और अत्याचार हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी बताया था कि आरएसएफ के कब्जे के दौरान एक बच्चों के अस्पताल में 460 से अधिक मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों की मौत हुई।

**आरएसएफ-एसएएफ पर युद्ध अपराधों के आरोप :** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने सितंबर में जारी अपनी रिपोर्ट में आरएसएफ और एसएएफ दोनों को युद्ध अपराधों का जिम्मेदार ठहराया था। इसमें कहा गया कि दोनों पक्षों ने नागरिकों पर हमले, हत्याएं और यौन हिंसा जैसे गंभीर अपराध किए हैं। वर्तमान में आरएसएफ का नियंत्रण सूडान के पश्चिमी दारफुर और दक्षिणी हिस्सों पर है, जबकि सेना उत्तर, पूर्व और नील नदी व लाल सागर के आसपास के इलाकों में मजबूत है।

## रूस में मेडिकल की पढ़ाई करने गए भारतीय छात्र की मौत, नदी के किनारे मिला शव, जांच की मांग



**मास्को, एजेंसी।** रूस के उफा शहर में 19 दिन पहले लापता हुए भारतीय छात्र अजीत सिंह चौधरी का शव बरामद हुआ है। वह राजस्थान के अलवर जिले में लक्ष्मणगढ़ के कफनवाड़ा गांव का रहने वाला था। अजीत ने 2023 में बैशकिर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस कोर्स में दाखिला लिया था। वह इस साल 19 अक्टूबर को उफा में लापता हो गया था। छात्र सुबह करीब 11 बजे दूध खरीदने की बात कहकर हॉस्टल से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अलवर सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान ने बताया कि अजीत चौधरी का शव व्हाइट नदी के किनारे बने बांध में मिला। रूस में भारतीय दूतावास की ओर से तत्काल कोई बयान नहीं आया है, लेकिन गुरुवार को चौधरी के परिवार को उसकी मौत की सूचना दे दी गई। 22 वर्षीय लड़के के लापता होने की खबर सुनकर परिवार बेहद परेशान था। घरवाले उनकी सुरक्षित वापसी के लिए प्रयास और प्रार्थना कर रहे थे। नदी किनारे कपड़े और मोबाइल मिला पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह अलवर ने कहा कि 19 दिन पहले नदी किनारे पर छात्र के कपड़े, मोबाइल फोन और जूते मिले थे। उन्होंने आरोप लगाया कि लड़के के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में कोई अनहोनी घटना हुई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'अजीत को परिवार ने बड़ी उम्मीदों और अपनी गाढ़ी कमाई जुटाकर मेडिकल पढ़ाई के लिए रूस भेजा था। नदी में उसका शव मिलने की खबर बेहद झकझोर देने वाली है। परिवार के लिए यह अत्यंत दुखद क्षण है। हमने एक होनहार युवा को खो दिया।' शव भारत लाने में मदद करने की अपील कांग्रेस नेता ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से छात्र का शव भारत लाने में मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा, 'लड़के के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में अनहोनी हुई है। इसकी पूरी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। परिवार को अब आपके दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें।' ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट्स एसोसिएशन की फॉरेन मेडिकल स्टूडेंट्स विंग ने भी इस मामले में जयशंकर से संपर्क किया है। कहा गया, 'यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे अजीत के दोस्तों ने शव की पहचान की पुष्टि की है।' यूनिवर्सिटी का अब तक कोई बयान नहीं आया है।

## शंघाई में भारतीय दूत ने स्वर्ण मंदिर के रागी का सम्मान किया

**शंघाई , एजेंसी।** शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के काउंसलर जनरल प्रतीक माथुर ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आए रागी भाई मनिंदर सिंह जी से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। यह मुलाकात गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के शुभ अवसर पर हुई। दूतावास ने बताया कि मुलाकात के दौरान गुरु जी के संदेश एक ओंकार, समानता, ईमानदार जीवन और मानवता की सेवा पर विचार साझा किए गए। रागी भाई मनिंदर सिंह जी गुरु ग्रंथ साहिब के कीर्तन और भक्ति संगीत के प्रसिद्ध प्रस्तुतकर्ता हैं। माथुर ने उनके शंघाई आने के लिए आभार जताया।

### नॉर्थ कैरोलिना की शार्लोट में फिर चुनी गईं डेमोक्रेटिक मेयर लाइल्स, अपराध के बावजूद जनता ने दिखाया भरोसा

**वाशिंगटन , एजेंसी।** नॉर्थ अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य के सबसे बड़े शहर शार्लोट में मतदाताओं ने एक बार फिर डेमोक्रेटिक पार्टी की मेयर वाय लाइल्स को चुना है। शहर में बढ़ती अपराध घटनाओं और सुरक्षा चिंताओं के बावजूद उन्होंने रिपब्लिकन और लिबर्टेरियन उम्मीदवारों को आसानी से हराया। लाइल्स ने जीत के बाद कहा कि मैं उन सभी मतदाताओं की बेहद आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे एक बार फिर शहर की सेवा करने का मौका दिया। बता दें कि शार्लोट में डेमोक्रेट मतदाता रिपब्लिकनों से दो गुना ज्यादा हैं। 9 लाख से अधिक आबादी वाले इस शहर में 12 सदस्यीय सिटी काउंसिल में दस सीटें भी डेमोक्रेट्स के पास हैं, जिससे पार्टी की पकड़ और मजबूत हो गई है। यह चुनाव उस समय हुआ जब अगस्त में 23 वर्षीय यूक्रेनी युवती इरीना जारुत्स्का की ट्रेन में चाकू से हत्या ने पूरे शहर को हिला दिया था।

## पीओके में पाकिस्तान के विरुद्ध सड़कों पर जेन-जी, प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर फायरिंग से बढ़ा बवाल



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक बार फिर शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन भड़क उठा है। नेपाल की तरह ही अब पीओके में भी आंदोलन की कमान जेन-जी ने संभाल ली है। हालांकि, शुरू में छात्रों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन शिक्षा सुधार और फीस कटौती पर केंद्रित था लेकिन उनकी मांगों को सुनने के बजाय सेना-पुलिस की मदद से उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की गई तो हालात बेकाबू हो गए। सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिसमें मुजफ्फराबाद के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सड़कों पर उतरे छात्रों को नारेबाजी, तोड़फोड़ करते और टायर आदि जलाते देखा जा सकता है। शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन में बदले विरोध-प्रदर्शन को पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में युवा पीढ़ी के बीच गहराते असंतोष के तौर पर देखा जा रहा है। कई सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा जा रहा है कि नेपाल के बाद अब पीओके में जेन-जी के आंदोलन ने पाकिस्तान की सरकार और सेना के लिए हालात मुश्किल बना दिए हैं।

**गोलीबारी के बाद आंदोलन ने पकड़ा जोर :** प्रदर्शन मुजफ्फराबाद की एक प्रमुख यूनिवर्सिटी में भारी-भरकम फीस और सुविधाओं के अभाव पर विरोध जताने के लिए शुरू हुआ था। प्रदर्शन शांतिपूर्ण जारी था लेकिन प्रशासन ने यूनिवर्सिटी में सभी राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा दी। स्थिति तब बिगड़ गई जब एक अज्ञात बंदूकधारी ने छात्रों के एक समूह पर गोली चलाई।

**पिछली बार प्रदर्शन के दौरान हिंसा में गई थीं कई जानें :** एक महीने पहले भी पीओके में इसी तरह अशांति हुई थी। कर राहत, आटे और बिजली पर सब्सिडी और विकास परियोजनाओं को पूरा करने सहित 30 मांगों को लेकर शुरू हुए इस आंदोलन के दौरान पुलिस फायरिंग में 12 से ज्यादा नागरिक मारे गए थे।

## ब्रिटेन की जेलों से हर सप्ताह कई कैदियों की गलती से हुई रिहाई

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में हर सप्ताह कई कैदियों को गलती से जेल से रिहा कर दिया जाता है। इस सप्ताह दो और मामले सामने आए हैं। इनमें एक अल्जीरियाई नागरिक भी शामिल है जो यौन ऑफेंडर्स रजिस्टर में है। ब्रिटेन के न्याय विभाग की मंत्री एलेक्स डेविस जोन्स ने कहा कि जेल प्रणाली पूरी तरह अव्यवस्थित है। सरकार पहले से अधिक विदेशी कैदियों को देश से बाहर भेज रही है और अब उन्हें सजा सुनाए जाने के तुरंत बाद ही देश से निकाले जाने की योजना है, बजाय इसके कि वे ब्रिटिश जेलों में सजा काटें। देश में कैदियों की संख्या पिछले 30 वर्षों में दोगुनी हो चुकी है। सरकार के अनुसार मार्च 2025 तक के 12 महीनों में 262 कैदी गलती से रिहा हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं और लगातार चौथे वर्ष बढ़ोतरी दर्ज हुई है। यह मुद्दा तब उजागर हुआ जब हाल ही में एक इथियोपियाई प्रवासी और यौन अपराधी हदुश गेरबरस्लासी केबातु को गलती से रिहा कर दिया गया।

**दक्षिण कोरिया के बंद पड़े बिजली संयंत्र में ढांचा गिरने से 1 व्यक्ति की मौत, 6 अन्य फंसे : उल्सान , एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के उल्सान शहर में बंद पड़े एक ताप विद्युत संयंत्र में तोड़फोड़ के दौरान 60 मीटर ऊंचा एक टावर गिर गया, जिससे कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य मलबे में दब गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अन्य व्यक्ति के भी मारे जाने की आशंका है। गुरुवार दोपहर टावर गिरने की सूचना मिलने के तुरंत बाद बचावकर्मियों ने दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। उल्सान के अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी किम जियोंग-शिक ने बताया कि बाद में बचाए गए एक अन्य कर्मचारी की शुक्रवार तड़के एक अस्पताल में मौत हो गई।

**उत्तर कोरिया ने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर दागी बैलिस्टिक मिसाइल- दक्षिण कोरिया : प्योंगयांग , एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की सेना का कहना है कि उत्तर कोरिया ने उसके पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने शुक्रवार को तुरंत कोई अन्य विवरण जारी नहीं किया। यह स्पष्ट नहीं था कि यह किस प्रकार का बैलिस्टिक हथियार था या इसकी उड़ान कितनी दूर तक गई।

## मेयर चुनाव जीतने के बाद सोमोस में बोले ममदानी- न्यूयॉर्क की कहानी, प्यूर्टो रिको के बिना अधूरी



**सैन जुआन , एजेंसी।** न्यूयॉर्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी ने चुनाव जीतने के बाद गुरुवार को प्यूर्टो रिको का दौरा किया, जहां हर साल न्यूयॉर्क के राजनेता और लॉबिस्ट जमा होते हैं। यह वार्षिक सम्मेलन 'सोमोस' के नाम से जाना जाता है और राजनीतिक रणनीति, चर्चाओं और मेलजोल का केंद्र माना जाता है।

**मैं सोमोस में आकर बहुत खुश हूं- ममदानी :** समुद्र तट पर आयोजित स्वागत समारोह में जोहरान ममदानी का जोरदार स्वागत किया गया। वहां मौजूद भीड़ ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया, और न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने मंच से सबको 'ममदानी, वो-ओ-ओ-ओ' गीत गाने के लिए प्रेरित किया, पुराना मशहूर गीत 'वोलेरे' की धुन पर। जोहरान ममदानी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं सोमोस में आकर बहुत खुश हूं। न्यूयॉर्क सिटी की कहानी आप प्यूर्टो रिको की कहानी के बिना नहीं बता सकते।' उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने यहां का पारंपरिक पकवान 'मोफोंगो' खाया और उसकी तारीफ की।

**सम्मेलन में कई विषयों पर रखे गए कार्यक्रम :** इस सम्मेलन के दौरान 'राइजिंग कम्युनिटीज के जरिए वर्कफोर्स डेवलपमेंट' और 'ह्यूमन सर्विसेज का जश्न' जैसे विषयों पर कार्यक्रम रखे गए हैं। इसके अलावा कई विधायी कार्यशालाएं भी होंगी। आमतौर पर यह सम्मेलन चुनाव के बाद नेताओं के लिए आराम, बातचीत और नेटवर्किंग का मौका होता है। जोहरान ममदानी, जो सिर्फ 34 वर्ष के हैं, ने हाल ही में अपनी ट्रांजिशन टीम की घोषणा की है। इस टीम में अनुभवी अधिकारी शामिल हैं जो उन्हें सिटी हॉल संभालने और उनकी 'अफोर्डेबिलिटी एजेंडा' को लागू करने में मदद करेंगे।

**न्यूयॉर्क के मौजूदा मेयर से ममदानी ने की बातचीत :** प्यूर्टो रिको पहुंचने से पहले जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क के मौजूदा मेयर एरिक एडम्स से फोन पर बात की। एरिक एडम्स ने उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। हालांकि एडम्स खुद इस सम्मेलन में शामिल नहीं हुए। जोहरान ममदानी ने मंगलवार को हुए चुनाव में पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो और रिपब्लिकन प्रत्याशी कर्टिस स्लिवा को हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। जानकारी के अनुसार, ममदानी शनिवार को न्यूयॉर्क लौटेंगे।

## अमेरिका में डेमोक्रेट्स की जीत का ओबामा ने मनाया जश्न, बोले- मतदाता अब ट्रंप का एजेंडा नकार रहे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में हालिया चुनावों को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी में जश्न का माहौल है। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा गुरुवार को वॉशिंगटन में एक कार्यक्रम में अप्रत्याशित रूप से भाग लेते हुए नजर आए। यहां उन्होंने कहा कि अमेरिकी वोटर्स अब ट्रंप के एजेंडे को खारिज कर रहे हैं। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि डेमोक्रेट्स के बीच जारी मतभेदों को दूर किया जा सकता है।

ओबामा ने पॉड सेव अमेरिका नाम के पॉडकास्ट के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'हमारा मंगलवार बहुत अच्छा रहा।' उनके ये बोलते ही भीड़ ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'यह एक अच्छा संकेत है कि अमेरिकी जनता ध्यान दे रही है। वे निर्दयता नहीं चाहते। वे ऐसे लोगों को नहीं देखना चाहते जो सत्ता में बने रहने के लिए हरसंभव कोशिश करते हैं।' न्यूयॉर्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर और खुद को समाजवादी कहने वाले जोहरान ममदानी और वर्जीनिया और न्यू जर्सी के गवर्नर चुनावों में क्रमशः डेमोक्रेट्स एबिगेल स्पैनबर्गर और मिकी शेरिल की जीत हुई थी। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि 2026 के मध्यावधि चुनावों की तैयारी के दौरान पार्टी अपने प्रगतिशील और मध्यमार्गी गुटों के बीच मतभेदों को कैसे सुलझाएगी। एसोसिएटेड प्रेस के वोटर पोल, जिसमें न्यूयॉर्क सिटी, वर्जीनिया, न्यू जर्सी और कैलिफोर्निया के 17,000 से अधिक मतदाताओं से राय ली गई है, के मुताबिक अधिकांश मतदाताओं ने तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रदर्शन को अस्वीकार किया और माना कि उनकी कठोर आव्रजन नीति हद पार कर गई। पॉडकास्ट में क्या बोले ओबामा? ओबामा ने स्वीकार किया कि डेमोक्रेटिक पार्टी में अभी काफी काम किया जाना बाकी है, लेकिन कहा कि पार्टी के अलग-अलग गुट



एक-दूसरे के साथ चल रहे हैं न कि किसी दिखावे या बनावटी तरीके से। डेमोक्रेटिक पार्टी के समाजवादी नेता और ममदानी के समर्थक सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि डेमोक्रेट्स के बीच मतभेद हैं, लेकिन उन्हें दूर किया जा सकता है। ओबामा ने कहा, 'हम स्वीकार करते हैं कि हमारे बीच मतभेद हैं। हां, कुछ लड़ाइयां लड़ी जाएंगी, लेकिन भीतर कहीं हमारे पास एक साझा मूल है जो असाधारण है।

## अमेरिका में उड़ानें रद्द होने की संख्या में आई तेजी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी एयरलाइनों ने गुरुवार को सैकड़ों उड़ानें रद्द करना शुरू कर दिया है। क्योंकि संघीय विमानन प्रशासन ने शुक्रवार से देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों पर यातायात कम करने का आदेश दिया है। उड़ान व्यवधानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, शुक्रवार के लिए निर्धारित करीब 500 उड़ानों में पहले ही कटौती कर दी गई थी, गुरुवार दोपहर तक रद्दीकरण की संख्या में लगातार वृद्धि हुई।

अमेरिका के 40 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों पर उड़ानों में कटौती करने के एफएए के आदेश में न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स और शिकागो शामिल हैं, लेकिन इसका प्रभाव कई छोटे हवाई अड्डों पर भी यात्रा को बाधित करेगा। एफएए यात्रा सुरक्षा बनाए रखने के लिए 'उच्च-मात्रा' वाले बाजारों में सेवाओं में 10 प्रतिशत की कटौती करना चाहता है, क्योंकि हवाई यातायात नियंत्रकों पर शटडाउन के दौरान दबाव के संकेत दिखाई दे रहे हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब ट्रंप प्रशासन कांग्रेस में डेमोक्रेट्स पर शटडाउन समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ा रहा है।

# अपनी डाइट में शामिल करें ये 5 फूड कभी कमजोर नहीं होंगी आपकी आंखें

हमारे खानपान का शरीर के हर अंग पर प्रभाव पड़ता है। भले ही वह छोटी सी आंखें क्यों न हों। अगर आप चाहती हैं कि आपकी आंखों की सेहत यूं ही बनी रहे तो आप इन खाद्य पदार्थों को अपने आहार में जरूर शामिल करें।

आंखें हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। यह देखने में भले ही छोटी हो, लेकिन इन छोटी-छोटी आंखों की मदद से ही हम इतनी बड़ी दुनिया को देख पाते हैं। शरीर के अन्य अंगों की भांति इसे भी सही देख-रेख की जरूरत होती है, हालांकि हम इसकी सेहत को लेकर काफी लापरवाह होते हैं। घंटों स्क्रीन पर बैठना या खानपान पर ध्यान न देना कुछ ऐसी आदतें हैं, जो आपकी आंखों की सेहत को प्रभावित करती हैं। इतना ही नहीं, इसके कारण बेहद कम उम्र में ही लोगों को चश्मा लग जाता है, लेकिन अगर आप चाहते हैं कि आपकी आंखों की सेहत यूं ही बरकरार रहे तो यह जरूरी है कि आप अपने आहार पर भी फोकस करें। ऐसे कई खाद्य पदार्थ होते हैं, जो आपकी आंखों की रोशनी को तेज करते हैं और इनके सेवन से आपको आंखों के संबंधित किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में-

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

आई स्पेशलिस्ट डॉ. रत्नमाला मृणालिनी कहती हैं कि अगर आप अपनी आंखों को हमेशा सेहतमंद बनाए रखना चाहते हैं तो ऐसे फूड्स को अपने आहार में शामिल करें, जिसमें विटामिन ए की मात्रा अधिक से अधिक हो। इसके अलावा आपको येलो कलर फूड एवं हरी पत्तेदार सब्जियां भी आपकी आंखों के लिए बेहद फायदेमंद होती है। इसलिए इन खाद्य पदार्थों को किसी न किसी रूप में अपने आहार में जरूर जगह दें।

**आज से करें शुरू**



### गाजर

गाजर में विटामिन ए और बीटा कैरोटीन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसमें मौजूद बीटा कैरोटीन के कारण ही गाजर का रंग नारंगी होता है। जैसा कि पहले भी बताया गया है कि विटामिन ए आपकी आंखों को हेल्दी बनाने में मदद करता है। यह प्रोटीन का एक काम्पोनेंट है, जिसे रोडोप्सिन कहा जाता है। यह रोडोप्सिन ही रेटिना को प्रकाश को अवशोषित करने में मदद करता है।

### अंडे

अंडे ल्यूटिन और जेक्सैंथिन का एक बेहतरीन स्रोत हैं, यह बढ़ती उम्र में होने वाली आंखों की समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, अंडे में विटामिन सी और ई और जिंक भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है।

### कच्ची लाल शिमला मिर्च

इसमें न सिर्फ विटामिन सी उच्च मात्रा में पाया जाता है, बल्कि यह आंखो में मौजूद ब्लड वेसल्स के लिए भी काफी अच्छी मानी जाती है। इसके सेवन से आपको मोतियाबिंद होने का जोखिम काफी कम हो जाता है। लाल शिमला मिर्च के अलावा अन्य कलरफुल शिमला मिर्च भी आंखों के लिए काफी अच्छी और फायदेमंद होती हैं, क्योंकि इनमें विटामिन ए और विटामिन ई मौजूद होता है।

### हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे मेथी पालक आदि विटामिन सी और ई से भरपूर होती हैं। इनमें कैरोटिनॉयड्स ल्यूटिन और जेक्सैंथिन भी होता है। इतना ही नहीं, इनमें पाया जाने वाला विटामिन ए लंबे समय में आंखों को होने वाली कई तरह की बीमारियों जैसे एएमडी और मोतियाबिंद से बचाता है।

### डेयरी प्रॉडक्ट

डेयरी प्रॉडक्ट जैसे दूध और दही आदि आंखों के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं। इनमें विटामिन ए के साथ-साथ खनिज जिंक भी पाया जाता है। जहां, विटामिन ए कॉर्निया की रक्षा करता है वहीं, जिंक विटामिन ए को लिवर से आंखों तक पहुंचाने में मदद करता है। यह एक महत्वपूर्ण मिनरल है, जो मोतियाबिंद और नाइट विजन जैसी परेशानियों से आंखों की रक्षा करता है। आप डेयरी प्रॉडक्ट्स को कई तरह से सेवन कर सकते हैं। चाहे तो आप दूध को यूं ही पिएं या फिर आप दही को नाश्ते या लंच के समय खाएं।

# काजल लगाते समय अपनाएं ये 5 टिप्स, आप पर ठहर जाएंगी सबकी नजरें

अच्छे आईमेकअप के बगैर आपका लुक कंप्लीट नहीं होगा। आईमेकअप की बात करें तो सबसे पहले बात काजल लगाने की आती है। काजल लगाना भी एक आर्ट है, जो सबके बस की बात नहीं। ज्यादातर महिलाएं काजल को साधारण तरीके से ही लगाती हैं। पर इन टिप्स को अपना कर आपकी आंखों की खूबसूरती और बढ़ जाएगी।



### टोनर से साफ करें चेहरा

काजल लगाने से पहले बहुत जरूरी है कि आप अपना चेहरा टोनर से साफ कर लें। इससे त्वचा पर मौजूद तेल साफ हो जाएगा और काजल नहीं फैलेगा। पसीने से बचने के लिए चेहरे और आंखों के आसपास बर्फ भी रगड़ सकती हैं।

### काजल को करें सेट

काजल को फैलने से बचाने के लिए उसे सेट कर लें। इसके ब्लैक आईशैडो पाउडर का इस्तेमाल करें। काजल का आप रोजाना यूज करती हैं तो आंखों के नीचे ट्रांसलूसेंट पाउडर लगाएं। इससे काजल लंबे समय तक टिका रहेगा।

### बाहरी कोनों पर लगाएं पाउडर

लंबे समय तक काजल टिका रहे इसके लिए अपनी आंखों के बाहरी कोनों पर अच्छी तरह पाउडर लगाएं। इससे आंखों के बाहरी कोने ड्राई हो जाएंगे। अब काजल लगाएं। काजल लगाने के बाद आइलिड पर जरा सा न्यूट्रल कलर का आईशैडो ब्रश से फैला लें। इससे काजल जल्दी सूख जाएगा और टिका रहेगा।

### लॉग स्टे काजल लगाएं

अगर आंखों की खूबसूरती बरकरार रखनी है तो लंबे समय तक टिके रहने वाले काजल लगाएं। इससे आप जो भी आईमेकअप करेंगी, उसमें आपका लुक निखरकर सामने आएगा। काजल हमेशा अच्छी कंपनी का ही लगाएं।

### काजल लगाने के बाद आईशैडो लगाएं

काजल लगाने के बाद वाटर लाइन के बाहर हल्का सा आईशैडो लगाएं। आईशैडो ब्रश से इसे हल्का सा मर्ज कर लें। इससे काजल फैलेगा नहीं और आंखें बहुत खूबसूरत दिखेंगी।

## रेसिपी



### शलजम का भर्ता

**सामग्री**

■ शलजम: 300 ग्राम ■ टमाटर पेस्ट: 200 ग्राम ■ 2 हरी मिर्च का पेस्ट ■ ½ कप मटर के दाने ■ कटा धनिया: 2-3 टेबलस्पून ■ तेल: 2 टेबलस्पून ■ चुटकी भर हींग ■ जीरा: ½ टीस्पून ■ अदरक का पेस्ट: 1 टीस्पून ■ आधा नींबू ■ हल्दी: ½ टीस्पून ■ धनिया पाउडर: 1 टीस्पून ■ लाल मिर्च पाउडर: ½ टीस्पून ■ गरम मसाला: ½ टीस्पून ■ चीनी: 1 टीस्पून ■ नमक-स्वाद के अनुसार

**विधि**

कुकर में 1 टेबलस्पून चम्मच तेल डालकर इसमें जीरा, हींग, अदरक का पेस्ट, हल्दी, धनिया पाउडर, कटी शलजम, लाल मिर्च और नमक डालकर भूनें। इसके बाद पानी डालकर 1 सीटी लगाएं। फ्राइंगपैन में बचा तेल डालें। बचे मसाले और मटर डालें। इसमें उबली शलजम डालकर अच्छी तरह भूनें। ऊपर से धनिया डालकर गार्निश करें।



### मटर कचौरी

**सामग्री**

■ गेहूं का आटा या मैदा: 2 कप ■ तेल: 2 टीस्पून ■ नमक: स्वाद के अनुसार ■ हरी मटर : 1 कप ■ तेल पिट्ठी भूनने के लिए: 2 टीस्पून ■ हींग: चुटकी भर ■ जीरा: 1/2 टीस्पून ■ धनिया पाउडर: 1 टीस्पून ■ सौंफ पाउडर: 1/2 टीस्पून ■ लाल मिर्च पाउडर: 1/2 टीस्पून ■ गरम मसाला: 1 टीस्पून ■ अमचूर पाउडर: 1/4 टीस्पून ■ हरी मिर्च बारीक कटी हुई ■ 1 इंच अदरक ■ तेल तलने के लिए

**विधि**

गूंथे हुए आटे को सेट होने 20 मिनट एक तरफ रख दें। पिट्ठी तैयार करने मटर के दानों को ग्राइंडर में दरदरा पीस लें। पैन में तेल डालकर गर्म करें। फिर उसमें हींग और जीरा डालें। जीरा ब्राउन होने के बाद धनिया पाउडर, सौंफ, हरी मिर्च, अदरक डालकर हलका सा भूनें और मटर का पेस्ट डालें। फिर लाल मिर्च, गर्म मसाला, अमचूर, हरा धनिया और नमक डालकर मटर को 3-4 मिनट तक भूनें। अब पिट्ठी तैयार है। नींबू के आकार का आटा लेकर लोई बनाएं। उसके बीच में एक छोटी चम्मच पिट्ठी भरकर गोल करें। अब भरी हुई लोई का आकार थोड़ा बढ़ा लें, इससे लोई में मटर की पिट्ठी एकसार हो जाती है। भरी हुई लोई को बेल लें। इसी तरह बाकी कचौरियां भी तैयार कर लें। बेली हुई कचौरी को एक-एक करके गर्म तेल में डालें और पलट कर दोनों ओर से सेंकें। तली हुई कचौरियां किसी प्लेट पर पेपर नैपकिन बिछाकर निकाल लें। इसी तरह सारी कचौरियां तल लें। अब कचौरियों को हरे धनिए की चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 2641



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




**काकुरो - 2640 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

एक साहब अपने दोस्त से कहने लगे- ''मेरी घरवाली बहुत झुठी है. वह कल दो घण्टे घर से गायब रही और वापसी पर मुझे बताया कि वह अपनी सहेली गीता के साथ फिल्म देखने गई थी !''

''मगर तुम्हें इस बात का पता कैसे चला कि वह झूठ बोल रही है.''

''उस समय मैं गीता के साथ फिल्म देख रहा था.'' साहब ने जवाब दिया.

इस पर दोस्त खामोश हो गया.

□ □ □

एक महिला एक निमन्त्रण में गई.

वहां उसने हर व्यक्ति को अपनी उम्र अलग-अलग बताई. किसी को बीस, किसी को पच्चीस तो किसी को तीस. यह देख उसकी एकमात्र बेटी उसे खींचकर कोने में ले गई और बोली-''मम्मी ! तुम किसी को कुछ भी आयु बताओ ! मगर इतना ध्यान अवश्य रखना कि मेरी और तुम्हारी उम्र में कम-से-कम नौ महीने का अन्तर रहे.''

□ □ □

एक आदमी ने जज से अपनी घरवाली को तलाक देने का कारण बताते हुए कहा- ''मेरी घरवाली ने शादी के बाद से अब तक केवल एक बेटी को जन्म दिया है. मगर मेरी प्रबल इच्छा है कि मैं एक बेटे का बाप बनूं.''

इस पर पत्नी तमककर बोली-''जज साहब ! अगर मैं इनके भरोसे रहती तो यह बेटी भी नहीं होती !''

## फिल्म वर्ग पहेली- 2641



**बायें से दायें:-**

१. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-३
३. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-३
५. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है तो' गीत वाली फिल्म-२
७. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-३
८. आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
९. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्री पुरस्कार मिला था-३
११. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
१२. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
१३. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-२
१४. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-३
१५.अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-३
१७.गुरूदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
१९. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-२
२३. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-३
२६. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-२
२९.चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-३
३१. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-२,३
३४. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-२
३५. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमुताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१.चंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चीची वाला छल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२. 'चांदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
३. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
६. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
१०. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-३
१२. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-३
१६. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-३
१८. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते है' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-४
२२. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-३
२४. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
२८. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-२
३०. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-२
३२. रितिक, करीना की 'ऐरी रे ऐरी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 2640**



## सूडोकु -2641

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2640 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 2641



**बाएँ से दाएँ**

1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली -2640 का हल**



## छत्तीसगढ़ के बस्तर में 12 स्थानों पर एनआईए की छापेमारी

**एजेंसी**

**जगदलपुर/रायपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में 12 स्थानों पर संदिग्ध और आरोपित व्यक्तियों के परिसरों में एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई साल 2023 में हुए अरनपुर आईईडी विस्फोट और माओवादी हमले की जांच से जुड़ी है। एनआईए ने जानकारी दी है कि जिन आरोपितों के परिसरों में छापे मारे गए वे प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्र कैडरों से जुड़े थे। तलाशी के दौरान एजेंसी ने कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है, जिनमें नकदी, हस्तलिखित पत्र, माओवादियों द्वारा की जाने वाली लेवी वसूली की रसीद बुकें और डिजिटल उपकरण शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि यह घटना दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के पेद्का गांव के पास 26 अप्रैल 2023 को हुई थी जिसमें दरभा डिवीजन कमेटी के माओवादियों ने हमला किया था। एनआईए इस मामले की जांच जारी रखे हुए है और अब तक 27 आरोपितों को गिरफ्तार कर दो आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। गिरफ्तार आरोपितों में धनेंद्र राम ध्रुव उर्फ गुरुजी और रामस्वरूप मरकाम शामिल हैं, जो माओवादियों के सहयोगी बताए गए हैं। ये लोग आईईडी विस्फोट के लिए आवश्यक रसद और सहायता उपलब्ध कराने में शामिल थे। एनआईए के अनुसार, 17 नवंबर 2023 को गरियाबंद जिले के बड़ेगोबरा गांव में हुए एक अन्य विस्फोट में भी इनकी भूमिका सामने आई है। यह विस्फोट उस समय हुआ जब मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मियों का दल मतदान समाप्त कर लौट रहा था।

## बिहार में दूसरे चरण के चुनाव के मद्देनजर नौ से 11 नवंबर तक नेपाल-भारत सीमा रहेगी बंद

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के मद्देनजर नौ नवंबर की सुबह से 11 नवंबर तक भारत-नेपाल सीमा पूरी तरह बंद रहेगी। दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा। इसे लेकर सुरक्षा इंतजाम कड़े किए जा रहे हैं। मधुबनी जिले के जयनगर से नेपाल के जनकपुर तक चलने वाली ट्रेन का परिचालन भी इस दौरान बंद रहेगा। बिहार की सीमा नेपाल से 729 किलोमीटर तक फैली है। बिहार के सीमावर्ती जिलों में पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगज शामिल हैं। यहां 11 नवंब को मतदान होना है। अररिया जिला में बिहार-नेपाल सीमा क्षेत्र में स्थानीय पुलिस और एसएसबी जवान संयुक्त रूप से रात्रि को पहरा दे रहे हैं। अररिया एसपी अंजनी कुमार ने इसकी पुष्टि की है। संयुक्त गश्त का उद्देश्य विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र सीमा क्षेत्र में होने वाली अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखना और क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखना है। जिले में 90 से अधिक नाकों पर रात को विशेष नजर रखी जा रही है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 48 वीं बटालियन जयनगर ने चुनाव शांतिपूर्ण और भयमुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा है। पत्र के अनुसार, नेपाल की ट्रेनों का परिचालन रविवार से मंगलवार तक बंद कराया जाए। चुनाव अवधि में नेपाल की ट्रेनों का परिचालन बंद कराने को लेकर मधुबनी जिला प्रशासन के पत्र के आलोक में पूर्व मध्य रेल (हाजीपुर) द्वारा एक पत्र नेपाल के रेलवे अधीक्षक को दे दिया गया है।

## गुवाहाटी में निर्मला सीतारमण ने किया 'गेटवे ऑफ गुवाहाटी' का उद्घाटन

**गुवाहाटी।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुवाहाटी में 'गेटवे ऑफ गुवाहाटी' (टर्मिनल एवं जेट्टी) का उद्घाटन किया। यह पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा इनलैंड वाटरवेज टर्मिनल है। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री



डॉ. हिमंत बिस्व सरमा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान मंत्री सीतारमण ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र में जल परिवहन को नई दिशा देगी और आर्थिक विकास के नए अवसर खोलेगी।

## एआईआईए की फार्माकोलॉजी प्रयोगशाला को मिले बीआईएस से तीन आईएसओ प्रमाणपत्र

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) की फार्माकोलॉजी प्रयोगशाला को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने तीन आईएसओ प्रमाणपत्र दिए हैं। इसमें गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली ,पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली प्रमाणपत्र शामिल है। यह प्रमाणन बीआईएस के गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन कार्यक्रम के दौरान सीसीआरएच के अधिकारियों को प्रदान किये गए। आयुष मंत्रालय के अनुसार इस पहल के कई लाभ हैं। इसमें गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के तहत सुव्यवस्थित और दोहराने योग्य प्रयोगात्मक प्रक्रियाएँ, पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार प्रथाएं, जिनमें अपशिष्ट न्यूनकरण और ऊर्जा उपयोग का अनुकूलन शामिल है।

# अभाविप के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन स्थल का भूमिपूजन संपन्न

**एजेंसी**

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड में आगामी 28 से 30 नवंबर से तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन के निमित्त परेड ग्राउंड स्थित कार्यक्रम स्थल पर भूमि पूजन किया गया। कुल 71 वेदपाठी पुरोहितों की ओर से वैदिक वेद मंत्रों के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तराखण्ड प्रांत के प्रांत प्रचारक डॉ.शैलेन्द्र ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन उत्तराखंड की पावन धरा पर आयोजित होना अत्यंत हर्ष का विषय है। उत्तराखंड की भूमि को देवभूमि कहा जाता है और इस स्थान का भारतीय संस्कृति एवं इतिहास में



प्रमुख स्थान है। निश्चित ही ऐसी पावन धरा पर राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने वाले संगठन का यह अधिवेशन सफल और ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि अभाविप के इस राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से कुल 1500 विद्यार्थी एवं शिक्षक कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। तीन दिन तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागी होने वाले प्रतिनिधि शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न परिवर्तनों की समसामयिक स्थिति पर चर्चा करेंगे। साथ ही संगठनात्मक, रचनात्मक एवं आंदोलनात्मक विषयों तथा लक्ष्यों का निर्धारण करने पर भी मंथन किया जाएगा। इस अधिवेशन में भारत के समसामयिक मुद्दों और चुनौतियों के समाधान में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। उत्तराखंड में आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन का संदेश पूरे देश में जाएगा। इस प्रकार की तैयारी संगठन की ओर से की जा रही है। कार्यक्रम में पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज नीखरा,क्षेत्रीय सह-संगठन मंत्री विपिन गुप्ता,उत्तराखंड प्रांत के प्रांत अध्यक्ष डॉ.जे.पी.भट्ट,प्रांत मंत्री ऋषभ रावत, प्रांत संगठन मंत्री अंकित सुन्द्रियाल उपस्थिति रहे।

## तमिलनाडु के 7 जिलों में बारिश, 4 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी

**एजेंसी**

**चेन्नई।** दक्षिण भारत में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण आठ नवंबर से 13 नवंबर तक तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में कुछ स्थानों पर गरज और बिजली की चमक के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग की ओर से तमिलनाडु के चार जिलों कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और थूथुकुडी के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विभाग ने आज सुबह 11 बजे से तमिलनाडु के जिन 7 जिलों में बारिश की संभावना जताई थी, उन जिलों में गरज और बिजली की चमक के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के रामनाथपुरम, थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, तेनकासी, तिरुवल्लूर और चेन्नई में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई थी, जबकि चार जिलों



कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और थूथुकुडी के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, बारिश की तीव्रता में विविधता रहेगी, जिसमें आंतरिक और तटीय क्षेत्रों में शाम और रात के समय अधिक वर्षा होने की संभावना है। रविवार को तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी में भी तीव्र बारिश जारी रह सकती है, जिससे क्षेत्र में अगले कुछ दिनों तक नम मौसम बना रहेगा।

## छत्तीसगढ़ में उदंती एरिया कमेटी के 37 लाख रुपये के इनामी 7 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद-धमतरी-नुआपाड़ा डिवीजन में उदंती एरिया कमेटी के 7 नक्सलियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष आज हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। इन पर कुल 37 लाख रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वालों में उदंती एरिया कमांडर सुनील और सचिव एरिना शामिल हैं, जिन पर 8-8 लाख रुपये का इनाम था। रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में हरियाणा का रहने वाला खूंखार माओवादी सुनील शामिल है. सुनील हरियाणा का रहने वाला है। वह उदंती एरिया कमेटी का कमांडर था. अकेले सुनील पर 8 लाख का इनाम था।उदंती एरिया कमेटी बस्तर और ओडिशा को जोड़ने वाली सबसे महत्वपूर्ण कमेटी थी जिसमें मौजूद सभी नक्सलियों ने आज हथियार डाल दिए हैं। उन्होंने बताया कि धमतरी, गरियाबंद और नुआपाड़ा ओडिशा के तहत आने वाले कुल चार एरिया कमेटी में से सुनील के समर्पण के बाद जल्द ही और नक्सली आत्मसमर्पण करेंगे। पुलिस अधिकारी के अनुसार डिवीजनल कमेटी सदस्य 8 लाख रुपये के इनामी सुनील उर्फ जगतार सिंह ने इंसास रायफल के साथ, उदंती



एरिया कमेटी सचिव 8 लाख रुपये की इनामी एरिना टेकाम उर्फ सुगरो ने इंसास रायफल के साथ, उदंती एरिया कमेटी डिप्टी कमाण्डर पांच लाख की इनामी विद्या उर्फ जमलीने इंसास हथियार के साथ , एरिया कमेटी सदस्य पांच लाख का इनामी लुदरो उर्फ अनिल एसएलआर हथियार के साथ आत्मसमर्पण किया है। इसी तरह एरिया कमेटी सदस्य पांच लाख की इनामी नंदनी ने सिंगल शॉट हथियार के साथ ,एरिया कमेटी सदस्य पांच लाख के इनामी कांति ने इंसास हथियार के साथ तथा पार्टी सदस्य एक लाख रुपये के इनामी मल्लेश ने भी इंसास हथियार के साथ आत्मसमर्पण किया है। आईजी अमरेश मिश्रा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की नई नक्सल पुनर्वास नीति हिंसा छोड़ने वालों को रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है, जो मुख्यधारा में लौटने का सशक्त प्रोत्साहन है।उन्होंने बताया कि पिछले नौ महीनों में गरियाबंद में 27 नक्सलियों ने समर्पण किया है।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में खराबी के कारण देरी, मुंबई में 7 घंटे तक फंसे रहे यात्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली/मुंबई।** एयर इंडिया की मुंबई-लंदन उड़ान (AI129) शनिवार को तकनीकी खराबी के कारण करीब 7 घंटे देरी से उड़ान भरेगी। इससे यात्रियों को असुविधा हुई है, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। एयरलाइंस की ये उड़ान, जो पहले मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सुबह 6.30 बजे उड़ान भरने वाली थी, अब दोपहर 1 बजे रवाना होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि परेशान यात्रियों ने मुंबई-लंदन उड़ान के लिए बोर्डिंग सुबह लगभग 6 बजे शुरू हुई, जो सुबह 5:20 बजे के निर्धारित समय से लगभग 40 मिनट देरी से शुरू हुई। हालांकि, विमान में चढ़ने के बाद यात्रियों को विमान के अंदर करीब डेढ़ घंटे तक इंतज़ार करना पड़ा। इससे पहले चालक दल ने घोषणा की कि तकनीकी समस्या का पता चला है। इसके बाद यात्रियों को विमान से उतार दिया गया। इस बीच एयरलाइन ने जारी बयान में कहा, एयर इंडिया की उड़ान संख्या AI129, जो सुबह 6:30 बजे मुंबई से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली थी, देरी से चल रही है। ये फ्लाइट अभी तक उड़ान नहीं भर पाई है। संचालन आंशिक रूप से प्रभावित होने के एक दिन बाद आया है। देश के सबसे व्यस्ततम आईजीआई एयरपोर्ट पर एटीसी की खराबी के




तकनीकी खराबी के कारण उड़ान अब दोपहर 1 बजे उड़ान भरेगी। यात्रियों को जलपान उपलब्ध कराया गया है। उल्लेखनीय है कि यह घटनाक्रम दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर हवाई यातायात नियंत्रण में गड़बड़ी के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर उड़ान कारण 800 से ज़्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं। इसका असर सिर्फ़ मुंबई ही नहीं बल्कि जयपुर और लखनऊ जैसे कई उत्तर भारतीय शहरों में भी महसूस किया गया। हालांकि, शनिवार को कुछ देरी की खबरों के बावजूद विमानों का परिचालन सामान्य हो गया है।

## मध्य प्रदेश पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में मिल रही सफलता

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में लगातार सफलताएं मिल रही हैं। इसी क्रम में गत 03-04 नवंबर की मध्य रात्रि के दौरान बालाघाट जिले के थाना रुपझर क्षेत्र में नक्सलियों की सक्रियता संबंधी गुप्त सूचना प्राप्त होने पर हॉकफोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा तथा स्थानीय पुलिस थानों और चौकियों के बल द्वारा एम.एम.सी.(मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन के जीआरबी (गोंदिया-राजनांदगांव-बालाघाट) डिवीजन के घने जंगलों में सर्च अभियान संचालित किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि सर्चिंग के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी का पता लगने पर सशस्त्र माओवादी समूह ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग प्रारंभ कर दी। सुरक्षा बलों ने आत्मरक्षा में संयमित और प्रभावी जवाबी कार्रवाई की। कुछ समय तक चली मुठभेड़ के उपरांत नक्सली जंगल के भीतर की दिशा में भाग निकले। घटनास्थल पर



की गई सघन सर्चिंग में एक नक्सली रायफल, दैनिक उपयोग की वस्तुओं से भरा पिट्ठू बैग, पाँच बड़े थैले, टेंट बनाने का सामान, खून से सने जूते तथा दवाओं के रूप में उपयोग किए गए इंजेक्शन और मेडिसिन बरामद किए गए। घटनास्थल से प्राप्त खून सनी मिट्टी और अन्य साक्ष्यों से यह संकेत मिलता है कि मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान पहुँचा है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि बरामद सामग्री से यह भी स्पष्ट होता है कि नक्सली समूह लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय था और जंगल में ही अस्थायी ठिकाने बनाकर रह रहा था। घटनास्थल से बरामद सभी वस्तुओं का विधिवत दस्तावेजीकरण कर आवश्यक जांच प्रारंभ कर दी गई है। फरार नक्सलियों की तलाश में हॉकफोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें निरंतर सघन सर्चिंग और कॉम्बिंग ऑपरेशन चला रही हैं। पूरे क्षेत्र में उच्च सतर्कता रखी गई है तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि बालाघाट जिले में गत 01 नवंबर को थाना लांजी के चौरिया कैम्प अंतर्गत महिला नक्सली सुनीता पुत्री बिसरू ओयाम, निवासी गोमवेटा, तहसील भैरमगढ़, जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और भारत के संविधान पर विश्वास जताते हुए जिला पुलिस बालाघाट के समक्ष अपने हथियार इंसास राइफल, 3 मैगज़ीन, 30 जिंदा राउंड एवं शेल के साथ आत्मसमर्पण कर दिया था। नक्सली सुनीता मलाजखंड दर्रेकसा दलम में थी और मध्य प्रदेश, गोंदिया एवं राजनांदगांव (जीआरबी) डिविजन में सक्रिय थी।

## प्रधानमंत्री 9 नवंबर को उत्तराखंड राज्य गठन रजत जयंती समारोह में शामिल होंगे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 नवंबर को उत्तराखंड राज्य गठन की रजत जयंती समारोह में भाग लेने के लिए उत्तराखंड का दौरा करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक स्मारक डाक टिकट जारी तक समारोह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान राज्य में 8,140 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें 930 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 7,210 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इन परियोजनाओं का संबंध पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों से है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वे 28 हजार से अधिक किसानों के खातों में 62 करोड़ रुपये की सहायता राशि सीधे जारी करेंगे। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा, उनमें अमृत योजना के तहत देहरादून में 23 जोन के लिए जलापूर्ति योजना, पिथौरागढ़ जिले में विद्युत उपकेंद्र, सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र और नैनीताल के हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड शामिल हैं। प्रधानमंत्री जिन प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, उनमें देहरादून के लिए 150 एमएलडी पेयजल उपलब्ध कराने वाली सोंग डैम ड्रिंकिंग वाटर परियोजना और नैनीताल जिले की जमरानी डैम मल्टीपरपज परियोजना शामिल हैं, जो पेयजल, सिंचाई और बिजली उत्पादन में सहायक होगी। इसके अलावा महिला खेल कॉलेज (चंपावत) और अत्याधुनिक डेयरी प्लांट (नैनीताल) जैसी परियोजनाओं की भी नींव रखी जाएगी।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने फिजिक्स वाला फाउंडेशन के साथ किया करार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने फिजिक्स वाला फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभार्थी 15,000 अभ्यर्थियों को निःशुल्क संरचित ऑनलाइन कोचिंग प्रदान की जाएगी।

यह हस्ताक्षर समारोह शास्त्री भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अनुसार इस करार के तहत, पीडब्ल्यू फाउंडेशन यूपीएससी, एसएससी और बैंकिंग परीक्षाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल कोचिंग निःशुल्क उपलब्ध कराएगा। इस पहल में लाइव और रिकॉर्डेड लेक्चर, टेस्ट सीरीज़, मेंटरशिप, काउंसलिंग और अध्ययन सामग्री शामिल होंगी, जिससे समाज के वंचित वर्गों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की पहुंच को व्यापक बनाया जा सकेगा। यह साझेदारी गैर-वित्तीय सहयोग है,




जिसके अंतर्गत विभाग पात्र लाभार्थियों के चयन के लिए एक पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया को सुगम बनाएगा, जबकि पीडब्ल्यू फाउंडेशन सरकार या छात्रों से कोई शुल्क लिए बिना अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शैक्षणिक सामग्री प्रदान करेगा। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव ने कहा यह सहयोग वंचित समुदायों के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण कोचिंग सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डिजिटल सशक्तिकरण और समावेशी शिक्षा के माध्यम से हम युवाओं के लिए ऐसे अवसर सृजित करना चाहते हैं जो उन्हें राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में प्रतिस्पर्धा करने और सफलता प्राप्त करने में सक्षम बनाएं।

## अमित शाह का पूर्णिया में शक्ति प्रदर्शन, भव्य रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**पूर्णिया।** भारत के गृह मंत्री अमित शाह ने एनडीए और भाजपा प्रत्याशी विजय खेमका के समर्थन में पूर्णिया शहर के भट्ठा बाजार क्षेत्र में करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा रोड शो किया। रोड शो में भारी जनसमूह उमड़ा और पूरे मार्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों का उत्साह देखने लायक था। यह रोड शो आर. एन. साव चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से शुरू होकर कालीबाड़ी चौक, लखन चौक, खीरू चौक, जिला स्कूल होते हुए आस्था मंदिर के पास समाप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में गृह मंत्री अमित शाह ने वीर कुंवर सिंह स्मारक पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उसके बाद भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के नारे लगवाए। रोड शो में भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक विजय खेमका, भाजपा नेत्री एवं उप महापौर पल्लवी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

# साहित्य से मिलती है आर्थिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक चेतना : रामनाथ कोविंद

**एजेंसी**

**रीवा।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि जो स्वयं को जान लेता है वही विश्व कल्याण कर सकता है। जब आत्मबोध और आत्मशक्ति क्षीण होने लगती है, तब हम पराभव की ओर जाते हैं। ऐसे में राष्ट्र गुलामी की जंजीरों में जकड़ जाता है। देश में सदियों की पराधीनता में भी साहित्य ने बौद्धिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का दीप जलाए रखा। स्वाधीनता संग्राम में साहित्य और साहित्यकारों का अतुलनीय योगदान है। स्वाधीनता के बाद देश में विकास की चेतना के लिए भी साहित्य सशक्त माध्यम बना। साहित्य से ही हमें आर्थिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक चेतना मिलती है। इन्हें साहित्य ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ले जाता है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद मध्य प्रदेश के रीवा के अखिल भारतीय साहित्य परिषद के 17वें राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां कृष्णा राज कपूर आडिटोरियम में आयोजित इस तीन दिवसीय समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी मौजूद




रहे।समारोह में पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि विन्ध्य साहित्य और संगीत के साधकों की भूमि है। यह बीरबल और तानसेन जैसे व्यक्तियों की जन्मभूमि है। विन्ध्य सफेद बाघ के लिए पूरी दुनिया में विख्यात है। विन्ध्य ने हमें सफेद बाघ ही नहीं, वर्तमान में थल सेना अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी और नौ सेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी दिए हैं। यह विन्ध्य ही नहीं पूरे देश के लिए बहुत बड़ा गौरव है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तीन दिवसीय अधिवेशन ने देश भर के साहित्यकारों और विद्वानों को इस पावन भूमि के सानिध्य का अवसर दिया है। अधिवेशन का मूल वाक्य आत्मबोध से विश्वबोध है। अपने आपको जब हम ठीक से जानकर सच्चे अर्थों में आत्मबोध कर लेंगे तभी हमें विश्व का बोध होगा। साहित्य परिषद अधिवेशन के विचार मंथन का अमृत देश को देगा नई दिशाः शुक्लसमारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि साहित्य परिषद के तीन दिवसीय अधिवेशन में विद्वानों द्वारा किए गए विचार मंथन से जो अमृत निकलेगा, वह देश को नई दिशा देगा। रीवा में अधिवेशन का आयोजन होना हम सबके लिए बहुत बड़ा गौरव है। विन्ध्य को महामृत्युंजय भगवान, माँ शारदा, माँ विन्ध्यवासिनी, चिरहुलानाथ स्वामी, रानी तालाब की कालिका देवी का आशीर्वाद प्राप्त है। माँ नर्मदा का उद्गम स्थल अमरकंटक और भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट भी विन्ध्य में ही है। आज का दिन हम वंदे मातरम गीत के 150वें स्मरोणत्सव को मना रहे हैं। आज ही इस अधिवेशन का शुभारंभ हमारे लिए अविस्मरणीय है। समारोह में साहित्य परिषद के वरिष्ठ साहित्यकार विश्वास पाटिल ने रोचक संस्मरणों के साथ अपनी साहित्यिक यात्रा और साहित्य परिषद के कार्यों की जानकारी दी।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की चेनारी में जनसभा, जनता से किए कई वादे, महागठबंधन के लिए मांगा समर्थन

**एजेंसी**

**डेहरी आन सोन।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रोहतास जिला के चेनारी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित किया और लोगों से महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्र सरकार पर निशाना भी साधा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पंचायत का चुनाव हो या जिला स्तर का या फिर हो विधानसभा का चुनाव, मोदी जी फिरते रहते हैं। उनका काम है घूमने का। विदेश में घूमने जाते हैं। फिर हिंदुस्तान में आते हैं, तो चुनाव प्रचार में लग जाते हैं। देश के बारे में एक दो घंटे कभी सोच नहीं सकते, जो कुछ उनका अधिकारी काम करता है, बस उसी पर वे हस्ताक्षर करते हैं।

उन्होंने कहा, मैं इस चुनाव में गरीबों की मदद करने और डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए आया हूं। उन्होने कहा कि मेरा हृदय का ऑपरेशन हुआ है। बावजूद इसके देश में हमको लोकतंत्र बचाना है। इस देश में हमें स्वतंत्रता और बंधु प्रेम कायम रखना है। हम आपकी खुशी के लिए लड़ते हैं। जनता का हित सबसे ऊपर माना जाता है । जनता के लिए हम लड़ रहे हैं, किसानों के लिए लड़ रहे हैं, दलितों के लिए लड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार ऐसा राज्य है, जहां पर सामाजिक न्याय चल रही है, ऐसे में मुझे यह समझ में नहीं आता कि मोदी जी यह बात कैसे बोल रहे हैं कि कांग्रेस के कान पर कट्टा रखकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मुख्यमंत्री का पद छिन लिया। तेजस्वी यादव ने अपने आप को मुख्यमंत्री का पद का उम्मीदवार घोषित करवा लिया। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बिहार में एक बात कही थी कि जो सामाजिक न्याय की प्राथमिकता दें, आप उनको वोट दें। महागठबंधन के उम्मीदवार मंगल राम का मंगल करने का काम आपके हाथ में है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं को 10-10 हजार रुपये का कर्ज दिया और कहा कि माता-बहन आपको 10 हजार रुपया मिला है, इससे बड़ा दुकान खोलें। पर यह तो खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली बात हुई। पढ़े-लिखे लोग आज बेकार हैं। आज एक नौकरी नहीं, लेकिन सरकार में कम से कम 50 लाख पद खाली पड़े हैं उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार नौ बार बिहार के मुख्यमंत्री बने, लेकिन किए क्या? यहां के लोग रोजगार के लिए दिल्ली, गोवा, मुंबई और गुजरात भागकर जाते हैं ।

# बारिश ने रोका रोमांच, भारत ने 2-1 से जीती टी20 सीरीज

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेले गए पांचवें और आखिरी टी20 मुकाबले में बारिश ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही रोमांचक भिड़ंत को अधूरा छोड़ दिया। मुकाबला रद्द होने के साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली और दौरे का समापन विजयी अंदाज में किया। ओपनर अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने भारतीय पारी की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन मौसम ने खेल में खलल डाल दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने तेजी से रन जुटाने शुरू किए। अभिषेक शर्मा ने 13 गेंदों पर नाबाद 23 और शुभमन गिल ने 16 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाए। दोनों ने मात्र 4.5 ओवरों में 52 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। गिल के क्लासिक शॉट्स और अभिषेक के आक्रामक अंदाज ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर दबाव बना दिया।

ऑस्ट्रेलिया की फील्डिंग निराशाजनक रही। ग्लेन मैक्सवेल और बेन ड्वारशुइस ने अभिषेक शर्मा के दो आसान कैच छोड़ दिए, जिनका भारतीय बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया। गिल ने खास तौर पर ड्वारशुइस की गेंदबाजी पर हमला करते हुए लगातार तीन चौके जड़े और पावरप्ले में टीम को तेज शुरुआत दिलाई। लेकिन जैसे ही भारत का स्कोर 4.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 52 रन पहुंचा, मैदान पर बिजली गिरने की चेतावनी मिली और कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बाद हालात खेल के लायक नहीं रहे और अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला लिया।

इस परिणाम के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मैच चार विकेट से जीता था, जबकि भारत ने तीसरे और चौथे मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की थी। सीरीज के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने न केवल संतुलित टीम संयोजन दिखाया बल्कि नई पीढ़ी की बल्लेबाजी ताकत का भी परिचय कराया। बारिश ने भले आखिरी मैच का मजा किरकिरा कर दिया, लेकिन सीरीज जीत के साथ टीम इंडिया ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा।




# सबालेंका ने अनिसिमोवा को हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल में बनाई जगह



**-खिताबी जंग में भिड़ेंगी रयबाकिना से**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका ने दमदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। तीन सेट तक चले इस रोमांचक मैच में शुरुआती दौर में अनिसिमोवा ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन निर्णायक पलों में सबालेंका का अनुभव भारी पड़ा।

पहले सेट में सबालेंका ने अपने पावरफुल सर्व और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक्स की बदौलत 6-3 से जीत दर्ज की। हालांकि, दूसरे सेट में उनकी लय बिगड़ गई और अनिसिमोवा ने शानदार वापसी करते हुए लगातार चार गेम जीतकर 4-0 की बढ़त बना ली। सबालेंका ने कोशिश की, लेकिन यह सेट 6-3 से अनिसिमोवा के नाम रहा। निर्णायक तीसरे सेट में सबालेंका ने एक बार फिर नियंत्रण हासिल किया। उन्होंने ऐस की झड़ी लगाकर स्कोर 3-3 से बराबर किया और फिर एक बेहतरीन बैकहैंड विनर से ब्रेक हासिल करते हुए मैच का पासा पलट दिया। आखिरकार उन्होंने तीसरा सेट भी 6-3 से जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

दूसरी ओर, कजाखस्तान की एलेना रयबाकिना ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका की जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ रयबाकिना का अपराजेय क्रम जारी रहा और वह भी फाइनल में पहुंच गईं। दोनों के बीच अब तक खेले गए 13 मैचों में सबालेंका 8-5 से आगे हैं, जिसमें 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में उनकी यादगार जीत भी शामिल है। मुकाबले से पहले सबालेंका ने कहा, 'यह एक और शानदार जंग होगी। एलेना शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन मैं भी इस खूबसूरत ट्रॉफी के लिए आखिरी मैच में पूरी ताकत झोंकने को तैयार हूं।'

# ऋषभ पंत के मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी, दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ रिटायर हर्ट हुए

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दक्षिण अफ्रीका ए दूसरे अनाधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को चोट लगने के बाद रिटायर हर्ट होकर वापस लौटना पड़ा। आज यहां बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन के पहले सत्र में पंत को तेज गेंदबाज शेपो मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी। यह चोट उनके शरीर और हेलमेट पर लगी, जिसके बाद उन्हें 34वें ओवर में रिटायर हर्ट होना पड़ा।



पंत तीसरे ओवर में नंबर पांच पर बल्लेबाजी के लिए आए थे, जब ओवरनाइट बल्लेबाज केएल राहुल को ओकुहे सेले ने 27 रन पर बोल्ड कर दिया। पंत ने शुरुआत में तेजी से रन बनाए, और उनके पहले तीन शॉट्स 4, 4 और 6 रन थे। लेकिन शॉर्ट गेंदों पर उनके शरीर पर लगे प्रहारों ने उन्हें दर्द महसूस होने लगा।

पंत आगे बल्लेबाजी जारी रखना चाहते थे, लेकिन भारत ए के कोच हृषिकेश कानितकर और फिजियो ने एहतियातन उन्हें रिटायर हर्ट होने को कहा। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में होने वाले पहले टेस्ट में भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसे देखते हुए उन्हें एहतियातन मैदान से वापस बुलाया गया है।

पहली चोट उन्हें तब लगी, जब उन्होंने मोरेकी की शॉर्ट गेंद पर रिवर्स पिक-अप शॉट खेलने का प्रयास किया और गेंद सीधे हेलमेट पर लगी। वह संतुलन खो बैठे और जमीन पर गिर गए। फिजियो ने तुरंत कन्कशन टेस्ट किया और क्लियरेंस मिलने के बाद उन्होंने फिर बल्लेबाजी शुरू की। दूसरी चोट उनके दाहिने कोहनी पर लगी। फिजियो ने इसके बाद उन्हें स्प्रे किया और कोहनी पर टेप भी बांधा। तीसरी चोट उनके पेट पर लगी। इससे उन्हें बेहद तकलीफ हुई, जिसके बाद टीम प्रबंधन ने उन्हें मैदान से बाहर बुला लिया। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से कोलकाता और 22 नवंबर से गुवाहाटी में दो टेस्ट खेले जायेंगे।

# अभिषेक शर्मा ने रचा इतिहास, सबसे कम गेंदों में पूरे किए टी20 इंटरनेशनल के 1000 रन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे पांचवें और आखिरी टी20 मुकाबले में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। उन्होंने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 1000 रन पूरे कर लिए, और यह उपलब्धि उन्होंने सबसे कम गेंदों में हासिल की। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने भारत के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अभिषेक ने 528 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया, जबकि सूर्यकुमार यादव ने 573 गेंदों में 1000 रन पूरे किए थे। इस तरह वह टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। दुनिया के फुल मेंबर देशों में यह उपलब्धि हासिल करने वाले बल्लेबाजों में अभिषेक अब शीर्ष पर हैं। उनके बाद फिल सॉल्ट (599 गेंद), ग्लेन मैक्सवेल (604 गेंद) और आंद्रे रसेल व फिन एलन (609 गेंद) का नाम आता है।

अभिषेक शर्मा ने अब तक 28 पारियों में 189.51 के स्ट्राइक रेट से एक हजार से अधिक रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 6 अर्धशतक और 2 शतक लगाए हैं। वह दुनिया में सबसे कम पारियों में एक हजार रन पूरे करने वाले पांचवें बल्लेबाज बने हैं। इंग्लैंड के डेविड मलान ने केवल 24 पारियों में यह आंकड़ा पार किया था। भारतीय बल्लेबाजों में यह रिकॉर्ड पहले विराट कोहली के नाम था, जिन्होंने 27 पारियों में 1000 रन पूरे किए थे। अभिषेक ने यह उपलब्धि सिर्फ एक पारी पीछे रहकर हासिल की और कोहली के बाद भारत के लिए यह मुकाम छूने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।

गाबा में खेले जा रहे इस मैच में अभिषेक को शुरुआती ओवरों में ही दो जीवनदान मिले, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया और एक बार फिर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए शानदार शुरुआत दिलाई। जारी टी20 सीरीज में वह अब तक के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं, जिससे टीम इंडिया को निर्णायक मुकाबले में मजबूत स्थिति मिली है।

सबसे कम गेंदों में 1000 अंतरराष्ट्रीय टी20 रन बनाने वाले खिलाड़ी

528 अभिषेक शर्मा
573 सूर्यकुमार यादव
599 फिल साल्ट
604 ग्लेन मैक्सवेल
609 आंद्रे रसेल/ फिन एलन



# आईसीसी ने बढ़ाई महिला वनडे विश्व कप की टीमों की संख्या, 2029 में 10 टीमें लेंगी हिस्सा

नई दिल्ली (एजेंसी)। महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बड़ा फैसला लिया है। आईसीसी ने हाल ही में घोषणा की कि महिला वनडे विश्व कप 2029 में अब आठ नहीं, बल्कि 10 टीमें हिस्सा लेंगी। भारत द्वारा 2 नवंबर को नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वर्ल्ड कप जीतने के बाद यह निर्णय लिया गया। इस मैच में स्टेडियम खचाखच भरा था, जिसने महिला क्रिकेट की लोकप्रियता के नए आयाम स्थापित किए।

आईसीसी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 'बोर्ड इस टूर्नामेंट की सफलता को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित है। इसलिए 2029 विश्व कप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या को बढ़ाकर 10 किया गया है।' आईसीसी ने बताया कि इस बार के टूर्नामेंट ने दर्शकों की संख्या के मामले में नया इतिहास रचा करीब 3 लाख लोगों ने मैच स्टेडियम में देखा, जबकि भारत में लगभग 50 करोड़ दर्शकों ने इसे टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखा। यह अब तक किसी भी महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए रिकॉर्ड है। महिला क्रिकेट के समान विकास को बढ़ावा देने के लिए आईसीसी ने अपने सहयोगी सदस्य देशों के लिए वित्तीय सहायता में 10 प्रतिशत वृद्धि की भी मंजूरी दी है। यह कदम खेल के वैश्विक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके अलावा आईसीसी ने 'प्रोजेक्ट यूएसए' पर भी पहली रिपोर्ट पेश की। यह योजना अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड के निलंबन के बाद शुरू की गई थी ताकि खिलाड़ियों के विकास और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में उनकी निरंतर भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। यह प्रोजेक्ट लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को सफलतापूर्वक शामिल करने और अमेरिकी टीमों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने पर केंद्रित है।

# टी20 सीरीज जीत पर सूर्यकुमार यादव बोले – सभी खिलाड़ियों ने निभाई अहम भूमिका

ब्रिस्बेन । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया पांचवां और आखिरी टी20 मुकाबला बारिश की वजह से रद्द हो गया, जिसके साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2–1 से अपने नाम कर ली। मैच रद्द होने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम की जीत का श्रेय अपने सभी खिलाड़ियों को दिया। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पिछड़ने के बाद टीम ने जिस तरह वापसी की, वह काबिले तारीफ है। सूर्यकुमार यादव ने कहा, 'यह जीत हर खिलाड़ी के सामूहिक प्रयास का नतीजा है। हम सीरीज में 0–1 से पीछे थे, लेकिन उसके बाद टीम ने जिस आत्मविश्वास और जज्बे के साथ वापसी की, वह शानदार रही। चाहे बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या फील्डिंग सभी विभागों में हमने शानदार खेल दिखाया।' कप्तान ने अपनी तेज़ गेंदबाज़ी जोड़ी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ' 'बुमराह और अर्शदीप एक घातक जोड़ी बन चुके हैं। वहीं, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने भी अपनी जिम्मेदारी को शानदार ढंग से निभाया। वॉशिंगटन सुंदर ने पिछले मैच में शानदार योगदान दिया। अब ये खिलाड़ी काफी टी20 क्रिकेट खेल चुके हैं और खुद पर भरोसा करना सीख गए हैं।' सूर्यकुमार ने आगे कहा कि भारतीय टीम के लिए आने वाले महीने बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि उसे तीन मजबूत टीमों ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है।

# मिताली और मजूमदार को आईसीसी महिला क्रिकेट समिति में शामिल किया गया




नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट के लिए गौरव का क्षण है। पूर्व कप्तान मिताली राज और मौजूदा टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला क्रिकेट समिति में शामिल किया गया है। यह निर्णय उस समय आया है जब कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार वनडे विश्व कप 2025 का खिताब अपने नाम किया। भारत ने मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर महिला क्रिकेट में अपना पहला वैश्विक खिताब जीता था। इस मुकाबले को लगभग 3 लाख दर्शकों ने स्टेडियम में देखा, जो किसी भी महिला क्रिकेट इवेंट के लिए अब तक की सबसे बड़ी उपस्थिति रही। आईसीसी के आधिकारिक बयान में कहा गया, 'आईसीसी बोर्ड ने महिला क्रिकेट समिति के कई नए सदस्यों की नियुक्ति को मंजूरी दी है, जिनमें एश्ले डी सिल्वा, मिताली राज, अमोल मजूमदार, बेन सॉयर, शार्लोट एडवर्ड्स और साला स्टेला सियाले–वैआ शामिल हैं।' आईसीसी महिला क्रिकेट समिति का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर महिला क्रिकेट के विकास, प्रगति और प्रचार को बढ़ावा देना है। यह समिति महिला क्रिकेट से जुड़े सभी मामलों पर सलाह देती है और खेल की शर्तों, नियमों तथा विनियमों की समीक्षा करके सुधारों की सिफारिश करती है ताकि सभी फॉर्मेट में निष्पक्षता और स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। समिति महिला विश्व कप और टी20 विश्व कप जैसे आईसीसी टूर्नामेंटों की संरचना, योग्यता प्रक्रिया और शेड्यूलिंग पर भी इनपुट प्रदान करती है। इसके अलावा, यह प्रतिभा विकास और खिलाड़ियों के करियर मार्गदर्शन से जुड़ी नीतियां बनाने में मदद करती है तथा समानता, समावेशिता और दृश्यता को बढ़ाने के लिए भी काम करती है।

# सुल्तान अजलान शाह कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, सीनियर खिलाड़ियों को आराम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डिफेंडर संजय 31वें सुल्तान अजलान शाह कप में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह सहित कई सीनियर खिलाड़ियों को 23 से 30 नवंबर तक मलेशिया के इपोह में होने वाले प्रतिष्ठित आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए आराम दिया गया है।

भारत की पहली पसंद के दोनों गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा को आराम दिया गया है। उनकी जगह पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार को टीम में चुना गया है। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर मनदीप सिंह भी टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। संजय, जुगराज सिंह और अमित रोहिदास तीन सीनियर खिलाड़ी हैं जिन्हें रक्षात्मक पंक्ति में रखा गया है।




उनके अलावा पूवन्ना चंदूरा बॉबी, नीलम संजीप जेस और यशदीप सिवाच भी रक्षापंक्ति में शामिल हैं। मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी राजेंद्र सिंह, राजकुमार पाल, नीलकांत शर्मा, रविचंद्रन सिंह, विवेक सागर और मोहम्मद रहीम मोसीन के कंधों पर होगी। सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालगे, दिलप्रीत सिंह और अभिषेक अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे।

टूर्नामेंट के लिए स्टैंडबाय में वरुण कुमार, विष्णु कांत सिंह, हार्दिक सिंह और अंगद बीर सिंह शामिल हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'सुल्तान अजलान शाह कप हमेशा से ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट रहा है और हम एक संतुलित टीम के साथ इसमें भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। हमें इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।'

भारत अपने अभियान की शुरुआत 23 नवंबर को कोरिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह बेल्जियम (24 नवंबर), मेजबान मलेशिया (26 नवंबर), न्यूजीलैंड (27 नवंबर) और कनाडा (29 नवंबर) के खिलाफ मैच खेलेगा। यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें शीर्ष दो टीमें 30 नवंबर को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने आखिरी बार 2010 में सुल्तान अजलान शाह कप का खिताब जीता था और 2019 में उपविजेता रहा था।

**भारतीय टीम इस प्रकार है**

गोलकीपर : पवन, मोहित शशिकुमार

डिफेंडर : चंदूरा बॉबी, नीलम संजीप जेस, यशदीप सिवाच, संजय, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास

मिडफील्डर : राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, मोइरांगथेम सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोहम्मद राहील मौसीन

फॉरवर्ड : सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालगे, दिलप्रीत सिंह, अभिषेक

# स्टीव वॉ, सचिन नहीं विराट को मानते हैं एकदिवसीय का महानतम बल्लेबाज

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ की नजर में सचिन तेंदुलकर नहीं बल्कि विराट एकदिवसीय क्रिकेट के सबसे महान खिलाड़ी हैं। वॉ के अनुसार कोहली को वह सचिन के मुकाबले अधिक नंबर इसलिए देते हैं क्योंकि विराट ने सीमित ओवर के क्रिकेट में बल्लेबाजी की एक नई ही परिभाषा ही विकसित कर दी। उनके जैसा बल्लेबाज कभी–कभी ही होता है। कोहली के अलावा उन्होंने रोहित शर्मा को भी सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल किया है। वॉ ने कहा, 'विराट और रोहित दो महानतम खिलाड़ी हैं। विराट एकदिवसीय का सर्वकालिक महान खिलाड़ी हैं। आप उन्हें हर जगह खेलते देखना चाहते हैं पर हर मैच खेलना संभव नहीं है।' वॉ ने आगे कहा, इन सर्वकालिक महान खिलाड़ियों को खेलते हुए देखना हमेशा ही काफी सुखद होता है। विराट कोहली जैसा खिलाड़ी तो किसी पीढ़ी में एक बार पैदा होने वाला खिलाड़ी है। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें खेलते हुए देखना सभी । विराट एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 2008 में डेब्यू करने वाले कोहली के नाम अब तक 305 एकदिवसीय मैचों में 14,255 रन दर्ज हैं, जिनमें 51 शतक शामिल हैं। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत दिलाने में कोई उनका सानी नहीं है। एकदिवसीय के इतिहास में 8 हजार से लेकर 14 हजार रन तक सबसे तेजी से बनाने के रिकॉर्ड उनके ही नाम हैं। वहीं सचिन टेस्ट ओर एकदिवसीय में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके नाम 18 हजार से अधिक रन हैं।



# ECB ने काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंद का प्रयोग किया समाप्त

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) ने काउंटी निदेशकों और पेशेवर खेल समिति से मिली प्रतिक्रिया के बाद, 2026 सीजन से काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंदों के इस्तेमाल को समाप्त करने का फैसला किया है। काउंटी क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए तीन साल पहले शुरू किया गया यह परीक्षण, अधिकांश मैचों में बिना किसी घटना के होने के कारण असफल माना गया है। इस सीजन में सरे और डरहम के बीच ओवल में खेला गया मैच, जहां मेजबान टीम ने 9 विकेट पर 820 रन बनाकर पारी घोषित की, इसका एक उदाहरण है। कूकाबुरा गेंद का इस्तेमाल पहली बार 2023 सीजन में दो राउंड के मैचों के लिए किया गया था, जिसे 2024 और 2025 में चार–चार राउंड तक बढ़ा दिया गया।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर आजम खान ने माना, भारतीय टीम के सामने कहीं नहीं टिकता पाक




नई दिल्ली । भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव के बाद अब पाकिस्तान के ही एक क्रिकेटर आजम खान ने भी माना है कि पाक टीम भारत के सामने कहीं नहीं ठहरती। सूर्या ने एशिया कप के दौरान पाकिस्तान को चिर–प्रतिद्वंद्वी बताए जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि भारतीय टीम ने हमेश उसे हराया है। ऐसे में वह प्रतिद्वंद्वी कैसे हुई ? इसलिए इस प्रकार की बातें नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि टक्कर जैसी कोई बात भी तो होनी चाहिए। पाकिस्तान अब टक्कर तक नहीं दे पाता। विकेटकीपर बल्लेबाज आजम ने माना है कि भारतीय कप्तान ने सही बात कही है। दोनो टीमों में अब बराबरी का मुकाबला नहीं होता। आजम ने हालांकि जिस प्रकार से से बात स्वीकार की है। उससे उनका करियर तक मुश्किल में पड़ सकता है। इससे पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी उनसे नाराज हो सकते हैं। नकवी एशिया कप के बाद से ही भारतीय टीम से खार खाये बैठे हैं। यहां तक कि एशिया कप ट्रॉफी पर भी उन्होंने कब्जा कर रखा है। आजम ने कहा कि भारत–पाकिस्तान में अब टक्कर जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, अगर आप आईसीसी टूर्नामेंट्स को देखेंगे तो मुझे लगता है कि मुझे नहीं पता कि मुझे ये कहना चाहिए या नहीं, लेकिन यही सही है। आजम ने पाकिस्तान के लिए 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। वह आखिरी बार पाकिस्तान के लिए टी20 वर्ल्ड कप में खेलते हुए दिखे थे। उसके बाद से ही वह राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। अब इस बयान के बाद उनकी पाक टीम में वापसी और भी कठिन हो जाएगा।

# विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ताई जु यिंग ने बैडमिंटन से संन्यास लिया, सिंधू ने दी मार्मिक विदाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और चीनी ताइपे की महिला बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी ताई जु यिंग ने खेल से संन्यास ले लिया है जिसके साथ उनके शानदार करियर का अंत हो गया है, जिसमें उन्होंने 17 BWF विश्व टूर खिताब जीते और 12 टूर्नामेंट में उपविजेता रहीं। अपनी कलात्मकता और कलाई के जादू के लिए मशहूर 31 वर्षीय शटलर ने कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें संन्यास का फैसला करना पड़ा। उन्होंने अपना आखिरी बीडब्ल्यूएफ खिताब 2024 में इंडिया ओपन में जीता था।

ताई जु ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'एक खूबसूरत अध्याय समाप्त हो गया है। बैडमिंटन, आपने मुझे जो कुछ भी दिया है, उसके लिए आभार।' उन्होंने कहा, 'आखिरकार मेरी चोटों ने मुझे कोर्ट छोड़ने पर मजबूर कर दिया। मैं अपने करियर का अंत उस तरह नहीं कर पाई जैसा मैंने सोचा था और मुझे यह बात स्वीकार करने में थोड़ा समय लगा।'

दक्षिणी ताइवान के शहर काऊशुंग में जन्मी ताई जु पिछले साल से चोटों से जूझ रही थी और अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर वापसी नहीं कर पाई। विश्व चैंपियनशिप दो बार की पदक विजेता ने कहा कि फिलहाल उनका ध्यान कुछ समय शांति के साथ बिताने पर है। उन्होंने लिखा, 'मैंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मैं आगे क्या करूंगी, लेकिन फिलहाल मैं अलार्म घड़ियों के बिना जीवन का आनंद लेने जा रही हूं।'

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने ताई जु को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर एक मार्मिक संदेश लिखा। सिंधू ने कहा, 'पंद्रह वर्षों से अधिक समय तक आप मेरी ऐसी प्रतिद्वंद्वी रहीं जिन्होंने मुझे हर बार मेरी सीमा तक धकेला। मेरे जीवन के दो सबसे महत्वपूर्ण पदक रियो 2016 ओलंपिक में रजत और 2019 विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण मैंने आपके साथ उन मैराथन और सांस थाम देने वाले मुकाबलों के बाद हासिल किए।'

उन्होंने कहा, 'रियो में हमारे बीच प्री-क्वार्टर फाइनल में मुकाबला हुआ था और बासेल में क्वार्टर फाइनल में। इन दोनों अवसरों पर मुझे हमेशा की तरह कड़ी मेहनत करनी पड़ी। और हां, आपने 2021 में मुझे सेमीफाइनल में हरा दिया था और यही नहीं मुझे एशियाई खेलों में मुझे स्वर्ण पदक जीतने से रोक दिया था। इन पलों को याद करके मैं आज भी मुस्कुरा जाती हूं।'

सिंधू ने लिखा, 'मैं इस बात नहीं छिपाऊंगी, मुझे आपके साथ खेलना बिल्कुल पसंद नहीं था। आपकी कलाई की कला, आपका चालाकी भरा खेल, आपकी शांत प्रतिभा ने मुझे उससे भी ज़्यादा गहराई तक जाने के लिए प्रेरित किया, जितना मैंने कभी सोचा भी नहीं था। आपका सामना करने से एक खिलाड़ी के रूप में मैं बदल गई।'



भारतीय खिलाड़ी ने कहा, 'लेकिन प्रतिद्वंद्विता से परे हमारे बीच अच्छी दोस्ती और एक दूसरे के प्रति सम्मान था। आपके संन्यास लेने से ऐसा लग रहा है जैसे मैंने अपने सफर का एक हिस्सा को दिया हो। खेल को और मुझे आपके जादू की कमी खलेगी। मुझे अब यह एहसास होने लगा है कि मेरी पीढ़ी के खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल को अलविदा कहने लगे हैं और कोई भी चीज आपको इसके लिए तैयार नहीं करती।'



# फिल्म तेरे इश्क में का हिस्सा बनना मेरे करियर के लिए एक खास अवसर है

**बॉलीवुड में इस साल दर्शकों के लिए रोमांचक खबर है। फिल्मकार आनंद एल राय अपनी नई फिल्म तेरे इश्क में के साथ फिर से बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। इस फिल्म में अभिनेता धनुष और अभिनेत्री कृति सेनन मुख्य भूमिकाओं में हैं, और अब इसमें प्रियांशु पेन्युली भी शामिल हो गए हैं। प्रियांशु अपने अलग अंदाज और दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शकों की उम्मीदें काफी ज्यादा हैं।**

इंटरव्यू में प्रियांशु पेन्युली ने अपने अनुभव के बारे में बात की और कहा, फिल्म तेरे इश्क में का हिस्सा बनना मेरे करियर के लिए एक खास अवसर है। मशहूर निर्देशक आनंद एल राय के साथ काम करना सौभाग्य की बात है। धनुष और कृति से अभिनय की बारीकियां समेत बहुत कुछ सीखने को मिला। वे प्रतिभाशाली कलाकार हैं। इनके साथ स्क्रीन साझा करना बेहद रोमांचक अनुभव रहा। मैं इसे अपने जीवन के एक खास अध्याय के रूप में देख रहा हूं। ऐसे मौके हर किसी को नहीं मिलते और इसे पाने पर मुझे गर्व है। बता दें कि फिल्म तेरे इश्क में आनंद एल राय और धनुष की तीसरी फिल्म है। इससे पहले उन्होंने एक साथ रांझणा और अतरंगी रे में काम किया था।

प्रियांशु ने आगे कहा, तेरे इश्क में का हिस्सा बनना मेरे लिए सिर्फ रोमांचक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी बहुत खास है। फिल्म रांझणा ने दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी थी। अब मुझे उसी तरह की भावनाओं वाली कहानी में काम करने का अवसर मिला है। यह अनुभव रोमांचक लगता है। इस फिल्म में दर्शकों को प्यार, चाहत और भावनाओं की गहराई का एक नया अनुभव मिलेगा। आनंद एल राय और धनुष की यह जोड़ी पिछली फिल्मों में दर्शकों को बहुत पसंद आई थी, और अब नई कहानी के साथ यह जोड़ी फिर से पर्दे पर लौट रही है। फिल्म को आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा और भूषण कुमार ने प्रोड्यूस किया है।



# अनन्या पांडे को रिप्लेस करने पर तान्या मानिकतला ने तोड़ी चुप्पी

## फिल्म में राजकुमार राव संग आएंगी नजर



फिल्म जगत में इन दिनों एक सवाल खूब चर्चा में है- क्या मीरा नायर की मच अवेटेड फिल्म 'अमरी' में तान्या मानिकलता ने अनन्या पांडे की जगह ले ली है? सोशल मीडिया पर खबरें फैलीं कि 'किल' फेम तान्या अब लीजेंडरी पेंटर अमृता शेरगिल की भूमिका निभाने जा रही हैं। लेकिन हाल ही में तान्या ने खुद सामने आकर इन अफवाहों पर रोक लगा दी और साफ कहा कि उन्हें इस प्रोजेक्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं है। तान्या ने कहा, मुझे नहीं पता ये खबर कहां से आई। हमारे पास इस फिल्म को लेकर कोई जानकारी नहीं है। इसलिए इस पर टिप्पणी करना सही नहीं होगा। उनके इस बयान के बाद यह लगभग तय हो गया कि 'अमरी' फिल्म के लिए अभी तक कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। दूसरी ओर तान्या ने अपनी एक और फिल्म में राजकुमार राव संग काम करने की बात पर मुहर लगा दी है। हालांकि उन्होंने खुलकर प्रोजेक्ट पर बात नहीं की लेकिन राजकुमार के साथ काम करने की बात को स्वीकार लिया।

### मीरा नायर का सपना- 'अमरी'

'अ सूटेबल बॉय' के बाद निर्देशक मीरा नायर अब एक ऐसी महिला कलाकार की कहानी पर काम कर रही हैं, जिसने भारतीय कला को नई दिशा दी। 'अमरी' नाम की यह फिल्म अमृता शेरगिल की जिंदगी पर आधारित है- एक ऐसी पेंटर जिनकी कलाकृतियों ने 20वीं सदी के शुरुआती दौर में भारतीय समाज की आत्मा को रंगों में पिरोया। फिल्म में उनकी कला, संघर्ष, और व्यक्तिगत रिश्तों की जटिल परतों को दिखाया जाएगा। मीरा नायर ने इस फिल्म की घोषणा तब की थी जब 'अ सूटेबल बॉय' की अंतरराष्ट्रीय सफलता मिली थी। उन्होंने कहा था कि वह अमृता शेरगिल की कहानी को एक महिला कलाकार की आज़ादी और अस्तित्व के संघर्ष के रूप में पेश करना चाहती हैं।

### अमृता शेरगिल- भारत और यूरोप के बीच सेतु

अमृता शेरगिल न केवल भारतीय आधुनिक कला की अग्रदूत थीं, बल्कि उन्होंने भारतीय और यूरोपीय संस्कृति के बीच एक सेतु का काम किया। उनके ब्रश की हर रेखा में भारत की मिट्टी की सोंधापन और यूरोप की कलात्मक तकनीक का मेल नजर आता था। उन्होंने महिलाओं के जीवन, देहाती भारत, और सामाजिक यथार्थ को अपने कैनवास पर ऐसे उतारा कि उनकी हर पेंटिंग आज भी जीवंत लगती है। मात्र 28 वर्ष की उम्र में 1941 में उनका निधन हो गया, लेकिन उनके काम ने आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों को दिशा दी।

### तीन देशों में शूट होगी कहानी

सूत्रों के मुताबिक, 'अमरी' की शूटिंग भारत, हंगरी और फ्रांस के विभिन्न हिस्सों में की जाएगी। वहीं जगहें जहां अमृता ने अपनी जिंदगी के सबसे अहम पल बिताए थे। कहानी उनके पिता उमराव सिंह शेरगिल, पति विक्टर एगन, मंगेतर यूसुफ अली खान और मित्र जवाहरलाल नेहरू जैसे लोगों से जुड़ी भावनात्मक कड़ियों को भी छुएगी। फिल्म के लिए निर्माता कुछ प्रतिष्ठित कलाकारों जैसे विक्की कौशल, जिम सर्भ और नसीरुद्दीन शाह से भी बातचीत कर चुके हैं।



# तीन घंटे की मेहतन और कई सारे अवतार

## कैसे धन पिशाचनी बनीं सोनाक्षी सिन्हा

सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आगामी बहुचर्चित फिल्म जटाधरा को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में सोनाक्षी एक धन पिशाचनी के किरदार में नजर आएंगी, जो प्राचीन खजाने की रक्षा करती है। जानिए सोनाक्षी का धन पिशाचनी का यह लुक कैसे तैयार हुआ।

### यूट्यूब पर दिखाया कैसे बनीं धन पिशाचनी

सोनाक्षी ने अपने यूट्यूब व्लॉग पर दिखाया कि वह कैसे बनीं धन पिशाचनी। सबसे पहले सोनाक्षी अपनी पूरी टीम से मिली, जिसमें ड्रेस डिजाइनर से लेकर हेयर स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट शामिल हैं। उनका यह किरदार हैवी मेकअप, घने लंबे बाल के साथ तैयार हुआ। मोहित राय हैं, जिन्होंने सोनाक्षी के पूरे लुक को डिजाइन और स्टाइल किया है। सोनाक्षी का मेकअप हेमा दत्तानी और हेयर माधुरी और कविता ने स्टाइल किए हैं।

### यह सोनाक्षी की पहली तेलुगु फिल्म है जटाधरा

सोनाक्षी ने बताया कि वह इस रोल के लिए बेहद उत्साहित हैं। उनके लिए यह रोल करना काफी चैलेंजिंग रहा। जब सोनाक्षी को इस रोल के बारे में बतया गया, तब उन्होंने तुरंत तय कर लिया था कि वह यह किरदार जरूर करेंगी। सोनाक्षी ने धन पिशाचनी के पहले लुक के लिए लाल साड़ी, हैवी ज्वेलरी, हैवी मेकअप और खुले बालों में फोटोशूट कराया। जिसे अपने कैमरे में कशिश खान ने बड़ी ही खूबसूरती के साथ कैद किया। इस लुक में सोनाक्षी बेहद खूबसूरत दिखीं। लेकिन धन पिशाचनी का दूसरा लुक काफी भयानक रहा। दूसरे लुक में सोनक्षी हरे रंग की साड़ी में हैवी मेकअप और ज्वेलरी के साथ हाथ में खोपड़ी का कंकाल और तलवार लिए नजर आईं। उनके दोनों ही लुक एक-दूसरे से अलग, लेकिन शानदार हैं।

### फिल्म जटाधरा के बारे में



जटाधरा फिल्म में धन पिशाचिनी सोनाक्षी सिन्हा द्वारा निभाया गया एक ऐसा किरदार है, जो प्राचीन खजाने की रक्षा करने वाली एक शक्तिशाली आत्मा है, जिसे एक लालची व्यक्ति के लालच के कारण जागृत किया जाता है। यह किरदार पौराणिक पिशाचों से प्रेरित है और यह फिल्म लालच और आस्था के विषयों की पड़ताल करती है। इस फिल्म में सोनाक्षी के अलावा शिल्पा शिरोडकर, वेंकट कल्याण, सुधीर बाबू और अभिषेक ने भी अहम रोल निभाया है।

# रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी में सलमान की एंट्री

रितेश देशमुख के निर्देशन में ऐतिहासिक महाकाव्य फिल्म राजा शिवाजी बन रही है। खबर है कि इस फिल्म में सलमान खान और संजय दत्त भी नजर आएंगे। फिल्म में सलमान खान छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे भरोसेमंद सहयोगी जिवा महाला की भूमिका निभाएंगे, जबकि संजय दत्त अफजल खान के किरदार में दिखाई देंगे। शुक्रवार से सलमान खान फिल्म राजा शिवाजी की शूटिंग शुरू करेंगे। यह सीक्वेंस फिल्म के सबसे शानदार विजुअल अनुभवों में से एक होने वाला है। इतना ही नहीं, कहानी के लिहाज से भी फिल्म में एक्टर की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है। फिल्म में रितेश देशमुख छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं।



# रानी चटर्जी के हाथ लगी एक और फिल्म, पूजा-मुहूर्त के साथ शुरू की शूटिंग

भोजपुरी अदाकारा रानी चटर्जी ने एक नई भोजपुरी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का टाइटल है, यू पी वाली बिहार वाली। अभिनेत्री रानी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है, जो फिल्म के मुहूर्त का है। वीडियो में देखा जा सकता है कि रानी चटर्जी फिल्म की कास्ट और क्रू के साथ पूजा में हिस्सा ले रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, नई फिल्म की शुरूआत मेरी पसंदीदा टीम के साथ। यू पी वाली बिहार वाली, बहुत प्यारी कहानी और किरदार, जिसमें मेरे सह कलाकार संजना प्रशांत आलोक हैं। फिल्म के निर्देशक मंजुल जी हैं और फिल्म के निर्माता है संदीप जी मंजुल जी।

रानी की इस फिल्म का टाइटल काफी दिलचस्प है, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसमें यूपी और बिहार दोनों की संस्कृतियों की झलक देखने को मिलेगी। फिल्म की कहानी भी शायद इसी पर आधारित हो। फिल्म का निर्देशन मंजुल ठाकुर कर रहे हैं। रानी के अलावा इस फिल्म में संजय पांडे, प्रशांत सिंह, आलोक सिंह राजपूत, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, स्वेता वर्मा और गोपाल चौहान नजर आएंगे। फिल्म के एलान पर रानी के फैंस उत्साहित हैं और अभिनेत्री को बधाई दे रहे हैं।





# मैं किसी को गॉडफादर नहीं मानता

**एक समय बेंगलुरू में स्टूडेंट्स को फैशन की पढ़ाई पढ़ाने वाले गुलशन देवैया ने डिजानर बनने के बाद जब अभिनय का रुख किया, तो ये रास्ता उनके लिए कत्तई आसान न था। दैट गर्ल इन येलो बूट्स, शैतान, हंटर, मर्द को दर्द नहीं होता जैसी कई फिल्मों में तारीफें बटोरने के बाद वे कांतारा चैप्टर वन में उनके रोल की काफी सराहना मिली है।**

अपनी हालिया फिल्म कांतारा- चैप्टर 1 की अभूतपूर्व सफलता और अपनी भूमिका को मिली तारीफ पर वे कहते हैं, प्रशंसा और एप्रिसिएशन तो मुझे अपने काम के कारण हमेशा मिलता रहा है। मगर जहां तक बॉक्स ऑफिस की बात है, तो मेरे करियर में ऐसी कमाई करने वाली ब्लॉक बस्टर आज तक हुई नहीं है। तो यकीनन इससे मेरा प्रोफाइल काफी स्ट्रॉन्ग हुआ है और जो आगे खिड़कियां और दरवाजे मेरे करियर के लिए खुलेंगे, वो भी अहम होंगे। हमारी इंडस्ट्री में ये जरूर देखा जाता है कि किसकी फिल्म ने कितनी कमाई की है? मुझे लगता है, अब मेरा रेट बढ़ेगा। हां, व्यक्तिगत रूप से कोई फर्क नहीं पड़ा है। मगर मैं इसे इंजॉय कर रहा हूं।

### हिट एंड रन केस में पिता की कमर टूटना, बहुत बुरा दौर

कला गुलशन को माता-पिता से विरासत में मिली। वे कहते हैं, मेरे माता-पिता दोनों कलाकार हैं। संगीत, नाटक और पेंटिंग की विरासत मुझे उन्हीं से मिली। आज मेरी उलब्धियों पर वे खुश होते हैं, मगर मुझे अफसोस है कि वे कांतारा चैप्टर वन नहीं देख पाए। कुछ दिनों पहले एक सड़क हादसे में मेरे पिता की कमर टूट गई थी। वे बेंगलुरू में हिट एंड रन केस के शिकार हो गए। उनकी सर्जरी और ट्रीटमेंट के दौरान मैं उन्हीं के साथ था। जहां तक मेरी मम्मी की बात है, तो वे थिएटर नहीं जा पातीं, वे हैंडीकैप्ड हैं। कई चीजें वे नहीं कर पातीं, तो मुझे उनको नहलाना पड़ता है, बाल संवारने पड़ते हैं। वे बहुत सालों से बीमार हैं। मम्मी को मैं स्पेशल स्क्रीनर या फिर जब ओटीटी पर फिल्म आती है, तब दिखा पाता हूं। मेरी मां 1984 से बीमार रही हैं। उनकी इम्यूनिटी हमेशा लो रही है। मम्मी की हालात हमेशा से बुरी रही है। बीमारी में भी वे ऑफिस जाती थीं। पापा तब दूसरी चीजें संभाला करते थे। 2019 से तो वे बिस्तर पर ही हैं, इसके बावजूद जब मैं 2008 में अभिनय के लिए घर से निकला, तो मम्मी-पापा ने एक बार नहीं कहा कि उनका क्या होगा? किसी ने भी मुझे नहीं रोका। मेरी मां 77 साल की हैं और पिता 89 के, मगर मेरी मम्मी मुझसे एक रुपया भी नहीं लेतीं। मैं उन्हें जब भी पैसे देता हूं, वे लौटा देती हैं। मुझे अपनी ख्वाहिशें पूरी करने के लिए उन्होंने कभी नहीं रोका, तो आज माता-पिता की सेवा करना मेरा फर्ज है।

### मेरी पहली फिल्म रिलीज ही नहीं हुई

अपने संघर्ष के बारे में वे कहते हैं, मैं अपने स्ट्रगल का रोना नहीं रोना चाहता, क्योंकि यह इस जर्नी का हिस्सा होता है। मैंने रिजेक्शन भी सहा, तो अपनापन भी मिला। मैं गंभीर रूप से चोटिल होकर घुटने की सर्जरी से भी गुजरा। मगर मुझे अच्छे लोग भी मिले। मैं किसी को गॉडफादर नहीं मानता। आपको अपना रास्ता खुद ढूंढना होता है। अपनी पहली फिल्म टीना की चाबी में मेरा महज 3 दिन का काम था और मैंने इम्प्रोवाइज करके तीन लाइनें बोली थीं। उस फिल्म में मेरे कई दोस्त थे और डायरेक्टर भी परिचित ही थे। उस फिल्म के हीरो रणवीर शौरी थे। वो फिल्म रिलीज नहीं हो पाई थी। टेक्निकली रिलीज हुई मेरी पहली फिल्म दैट गर्ल इन येलो बूट थी। बस उस फिल्म के बाद मेरे करियर की गाड़ी चल निकली।

### कांतारा - चैप्टर वन का रोल मुझे ध्यान में रखकर लिखा गया

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वे कहते हैं, साल 2019 में के डी सतीश चंद्र ने मेरी मुलकात रिषभ शेट्टी से करवाई थी। तब रिषभ ने मुझसे कहा था कि वे हंटर के बहुत बड़े फैन हैं। उस वक्त ही मैं समझ गया था कि अपने क्राफ्ट और काम के लिए इनमें अलग तरह का जुनून है। हमने एक साथ एकाध और फिल्म भी अनाउंस की थी, मगर वो वर्कआउट नहीं हो पाई। फिर एक दिन इनका कॉल आया और अपनी राइटर टीम के साथ उन्होंने बताया कि मुझे ध्यान में रखकर एक भूमिका लिखी गई है। हालांकि शूटिंग आसान नहीं थी। मौसम बहुत खराब था, सड़कें और पुल नहीं थे। रिषभ ने पुल बनवाया, जब गाड़ियां जा नहीं पा रही थी। तमाम चुनौतियों के बावजूद मुश्किल हालातों में भी फिल्म को उत्कृष्ट ढंग से पूरा करने का जुनून उत्कृष्ट रहा।



# पब्लिक रिलेशन में बनाना है कॅरियर

**अगर आप पीआर में अपना कॅरियर देख रहे हैं तो 12वीं के बाद, आप मास मीडिया, पत्रकारिता, या यहां तक कि जन संचार में स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। ये आपको कम्युनिकेशन, समाजशास्त्र, डिजिटल विज्ञापन आदि जैसे विषयों में एक मुख्य आधार प्रदान करेंगी।**

आज के समय में युवा कई अलग-अलग क्षेत्रों में अपने भविष्य की तलाश करते हैं। अगर आपको लोगों से मिलना अच्छा लगता है और आप हमेशा कुछ नया करना चाहते हैं तो ऐसे में आप पब्लिक रिलेशन में अपना करियर तलाश कर सकते हैं। यह एक ऐसा करियर ऑप्शन है, जिसे सबसे प्रतिष्ठित और अच्छी तनख्वाह वाली कंपनियों में से एक माना जाता है। हालांकि, पब्लिक रिलेशन में करियर बनाने के लिए आपको कई बातों का ध्यान रखना होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप पीआर में अपना करियर कैसे शुरू कर सकते हैं-

## एजुकेशन पर दें ध्यान

अगर आप पीआर में अपना कॅरियर देख रहे हैं तो 12वीं के बाद, आप मास मीडिया, पत्रकारिता, या यहां तक कि जन संचार में स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। ये आपको कम्युनिकेशन, समाजशास्त्र, डिजिटल विज्ञापन आदि जैसे विषयों में एक मुख्य आधार प्रदान करेंगी। यदि आप किसी विशिष्ट उद्योग क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो यह एक पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा करें। उदाहरण के लिए, यदि आप पीआर के बारे में जानने के लिए सब कुछ सीखना चाहते हैं, तो अपने कौशल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए एमआईसीए और अपग्रेड के जनसंपर्क एमए प्रोग्राम देखें। इस कार्यक्रम के साथ, आप सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, ब्रांडिंग, मार्केटिंग विश्लेषण और उद्योग से संबंधित कई अन्य स्किल्स को सीख सकते हैं।

## लें अनुभव

यह सच है कि किसी भी क्षेत्र अपना कॅरियर स्थापित करने के लिए अनुभव होना बेहद आवश्यक है। इसलिए, जब आप कॉलेज में हों तो इंटर्नशिप करना अच्छा रहेगा। यह न केवल आपको अपने पाठ्यक्रम में सीखी गई बातों को लागू करने में मदद करता है, बल्कि यह आपको उद्योग के कामकाज को समझने में भी सक्षम बनाता है। इस तरह, आपको पता चल जाएगा कि आपको किन स्किल्स को विकसित करने की आवश्यकता है। इतना ही नहीं, इंटर्नशिप करने के बाद आपके लिए एक अच्छी नौकरी प्राप्त करना भी अधिक आसान हो जाएगा।

## प्रोफेशनल नेटवर्क करें बिल्डअप

अगर आप पीआर फील्ड में खुद को स्थापित करना चाहते हैं तो पहले आपको प्रोफेशनल नेटवर्क भी बिल्डअप करना होगा। शुरू में आप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने प्रोफेशनल से संबंधित समूहों में शामिल हों जो आप कर सकते हैं। लिंक्डइन और यहां तक कि फेसबुक पर भी ऐसे कई ग्रुप हैं। आपको बस इतना करना है कि अपने आप को नियमित रूप से अपडेट रखें कि कौन अक्सर पोस्ट कर रहा है। ऐसा करने से, आप नवीनतम समाचारों पर भी अप-टू-डेट रहेंगे, कुछ नया सीखेंगे और उपयोगी व्यावसायिक संबंध विकसित करेंगे।





# रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन की ऐसे करें तैयारी

**परीक्षाओं की तैयारी में लगे जो छात्र अच्छा स्कोर करना चाहते हैं, वे रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन की तैयारी पर ध्यान दे सकते हैं।**

बैंकों व सरकारी संस्थानों में भर्ती का दौर शुरू हो गया है। इसमें रुकी हुई पुरानी भर्तियों के अलावा नई भर्तियां भी शामिल हैं। अब आप में से अधिकतर छात्र इन अवसरों का लाभ उठाने का प्रयास कर रहे होंगे, और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के बारे में योजनायें बना रहे होंगे। परीक्षा के दौरान अधिकतर छात्र असमंजस की स्थिति में होते है कि रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन को हल करने का प्रयास करें या न करें। यह आपका समय नष्ट कर सकता है साथ ही अगर किसी आर्थिक विषय पर आधारित गद्यांश आ जाएं तो यह छात्रों के लिए और मुसीबत वाला हो जाता हैं। हालांकि आपको यह समझना होगा कि रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन ही है जो आपको परीक्षा में अच्छे अंक प्रदान कर सकता है, क्योंकि इसमें व्याकरण से सम्बंधित नियम लागू नहीं होते और आपको उत्तर का अनुमान नहीं लगाना होता, आपको केवल गद्यांश को समझना होता है और आप सभी प्रश्नों का सही उत्तर दे सकते है। आज हम आपको बताएंगे इसे हल करने के कुछ स्ट्रैटेजी व टिप्स।

## पैसेज पर एक सरसरी निगाह डालें

परीक्षा के दौरान सबसे पहले आप पैसेज को सरसरी निगाह से देख लें। यहां पर आपको पूरे पैसेज को पढ़ने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यहां पर आपका हर सेकंड कीमती होता है। देखने के बाद आप उस प्रश्न का उत्तर दे जिसके लिए आप पूरी तरह निश्चित हो।

## पहले प्रश्न पढ़ें, फिर उत्तर दें

परीक्षा के दौरान जब एक एक सेकेंड मायने रखता है, तब एक रणनीति आपको सफल बनाने में सहायता कर सकती है। अपना समय पूरा पैसेज पढ़ने में नष्ट न करें, पैसेज पढ़ने के स्थान पर पहले प्रश्नों को पढ़ने का प्रयास करें और फिर उसी के अनुसार पैसेज को पढ़े। जब आप टए में आवश्यक पंक्ति को देख लेंगे तो प्रश्न के अनुसार उत्तर देना आपके लिए आसान हो जायेगा। यदि आप अब भी उत्तर नहीं जान पा रहे है तो उस प्रश्न को तुरंत छोड़कर अगले प्रश्न की ओर बढ़ जाइये, किसी भी प्रश्न पर समय नष्ट मत कीजिए। इस तरह से प्रयास करने पर आप कम समय में गद्यांश के विषय और झुकाव के बारे में जान पायेंगे।

## शब्दावली आधारित प्रश्नों को हल करें

अगर आप कम समय में ज्यादा अंक अर्जित करना चाहते है, तो आपको शब्दावली आधारित प्रश्नों को हल करने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आपको पुरे पैसेज को भी पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। इन्हें हल करने में भी समय कम लगता है क्योंकि या तो आप शब्द का अर्थ जानते हो या नहीं जानते हो, यहां पर आप सही शब्द चुनने का प्रयास कर सकते हैं।

## लेखक का दृष्टिकोण समझें

रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन में स्कोर करने के लिए लेखक का दृष्टिकोण समझना बहुत जरूरी है। आप यह समझने का प्रयास कीजिए कि लेखक क्या कहना चाहता है जैसे प्रश्नों से दूर रहने का प्रयास कीजिये, चूंकि ये सवाल आम तौर पर विवादास्पद और समय लेने वाले हैं और इसके लिए आपको पूरा पैसेज पढ़ना होगा।

## अपना ध्यान केन्द्रित रखो

रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन में विषय सामग्री पर ध्यान दें। अपने दिमाग को भटकने से बचाए, क्योंकि यह दिन में सपने देखने से शुरू होता है। इसे वास्तविक जीवन पर केन्द्रित करें। अपने आप को समझाएं कि यह सपने आप परीक्षा देने के बाद देख सकते है। जब तक आप दृढ़ता से अध्ययन नहीं करेंगे तब तक आप अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते है।

## पैसेज के मुख्य आइडिया को समझे

सभी पैसेज का एक ऐसा मुख्य आइडिया होता है, जिस पर पूरा पैराग्राफ लिखा जाता है। कभी-कभी ऐसे प्रश्न भी पूछे जाते हैं जिससे पता चल सके कि आप पैराग्राफ में दिए गए मुख्य आइडिया को समझने में सक्षम हैं या नहीं। इसलिए, सबसे पहले पैसेज के आईडिया को समझें तभी आप अन्य प्रश्नों को जवाब दे पाएंगे।

## निरंतर अभ्यास जरूरी

जो छात्र खुद को रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन में कमजोर समझते हैं, वे अभ्यास नहीं करते है। अधिकतर छात्र इसे घर पर हल नहीं करते है और न ही कोशिश करते हैं, इसकी जगह वे बहुत से बहाने बनाते है। परन्तु यह बहाने आपको सफल नहीं बना सकते। सफलता आपको तब तक नहीं प्राप्त होगी जब तक आप अपने डर और कमजोरी को हरा ना दें।

## पढ़ने की स्पीड बढ़ाएं

यह ध्यान रखें कि पैसेज पढ़ने के दौरान अपने होंठों को मत चलाइए, यह आपकी गति को धीमा कर देती है। रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन के लिए आपको स्मार्ट होने की आवश्यकता है और यह आपको अभ्यास से ही प्राप्त हो सकता है। आप मन में पढ़े और अपनी स्पीड बढ़ाएं।





# हर प्रोफेशनल्स के लिए जरूरी है ये फोन एटिकेट्स

आज हम किसी से भी, कभी-भी और कहीं भी बात करने के लिए अपने सेलफोन का यूज करते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हमें जैसा चाहें वैसा फोन का उपयोग कर करें। प्रोफेशनल सेटिंग में फोन के उपयोग को लेकर समय और जगह को ध्यान रखना जरूरी होता है। आज हर प्रोफेशनल्स को इन 8 फोन एटिकेट्स को फॉलो करना जरूरी है :

- पहले अभिनवादन करें और अपना पूरा नाम बताएं। केवल अपना पहला नाम बताना हर प्रोफेशनल कॉल में बहुत अनौपचारिक लगता है, वहीं केवल आखिरी नाम बताना भी असभ्यता है।
- कुछ लोगों को यह अंदाजा नहीं होता है कि वे कितना तेज बोलते है, विशेष रूप से जब उनका पूरा ध्यान फोन पर बात कर रहे व्यक्ति पर होता है। अपने आसपास के माहौल के प्रति जागरूक रहें। आप कभी भी नहीं जानते कि आपकी बातों पर कौन ध्यान दे रहा है।
- सामने बैठे किसी व्यक्ति से आप बात कर रहे हैं, इतने में आपका फोन बज उठता है और फोन पर बात करने लगते हैं। यह एटिकेट्स नहीं है। अगर आप किसी महत्वपूर्ण कॉल के इंतजार में है और इसे रीशेड्यूल करना संभव न हो तो आप जिस शख्स से आप मिल रहे हैं, इसके बारे में उन्हें जानकारी दे दें।
- दूसरों से मीटिंग टेबल पर बात कर रहे हो तो अपना फोन टेबल पर न रखें। भले ही आप मीटिंग के दौरान फोन का जवाब न दें लेकिन यह ध्यान भटकाने के लिए काफी है।
- अगर आप मीटिंग या कॉन्फ्रेंस के बीच में है और ऐसे में आपका फोन बज उठता है तो यह अच्छी बात नहीं है। इसे साइलेंट मोड पर रखें या बंद कर दें।
- प्रोफेशनल सेटिंग में यह बात भी मायने रखती है कि आपने अपने सेल का रिंगटोन क्या रखा है। लाउड और ब्लास्टिंग टोन रखने से पहले सोच लें कि इसे लेकर दूसरे क्या रिएक्ट करेंगे।
- अगर किसी प्रोफेशनल कॉल में आपको अपना फोन स्पीकर मोड पर रखना पड़ा हो तो आपको यह ध्यान रखना होगा कि उन्हें बता दें कि आप किसी के साथ बैठे हैं।
- लंबे वॉइसमेल्स न भेजें। छोटे और स्पष्ट संदेश छोड़ें। साफ बोले और व्यक्ति को यह बताएं कि आपने क्यों कॉल किया था। अगर आप फोन नंबर छोड़ रहे हैं तो इसे ये नंबर्स धीरे-धीरे बोले।



# नौकरीपेशा लोगों के लिए बेहतर विकल्प है डिस्टेंस एजुकेशन

**अगर आप किसी कारणों से नियमित कॉलेज नहीं जा सकें हो तो डिस्टेंस एजुकेशन एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। डिस्टेंस एजुकेशन से मिलने वाली डिग्री भी रेगुलर की तरह ही होती है जिसका इस्तेमाल आप अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए कर सकते हैं।**

भारत जैसे देश में जहां आज भी बहुत सारे जिलों में कॉलेज या यनिवर्सिटीज नहीं हैं, वहां डिस्टेंस एजुकेशन का माध्यम खासा लोकप्रिय है। यह एक लचीला माध्यम है, जो छात्रों को पढ़ाई के दौरान दूसरे शौक को भी पूरा करने की छूट देता है। सबसे बड़ी बात यह कि यह कामकाजी और नौकरीपेशा वाले लोगों को भी उच्च शिक्षा की राह दिखा रहा है। इन डिस्टेंस लर्निंग सेंटर में डिप्लोमा, बैचलर डिग्री और पीजी व मैनेजमेंट कोर्स चलाए जाते हैं। कई डिस्टेंस लर्निंग सेंटर प्रोफेशनल कोर्स भी संचालित करते हैं जो रोजगारोन्मुख होते हैं। इनमें जर्नलिज्म एंड मास निकेशन, लाइब्रेरी साइंस, कम्प्यूटर कोर्सेस आदि शामिल है।

ओपन यूनिवर्सिटी में दाखिला लेना मुश्किल नहीं हैं। ये यूनिवर्सिटीज अपने नियमों के मामले में काफी लचीली होती हैं। यहां कोर्स की फीस भी अमूमन सामान्य संस्थानों के मुकाबले कम होती है। अकादमिक जानकारियों के लिए इन यूनिवर्सिटीज के कोर्स बेस्ट माने जाते हैं। कई यूनिवर्सिटीज में वीकएंड क्लासेज होती हैं, जिससे कामकाजी लोगों को सहूलियत होती है। पढ़ाई और नौकरी के बीच के समय का इस्तेमाल करने वालों के लिए ये यूनिवर्सिटीज ई-क्लास से लेकर छोटी अवधि वाली रेगुलर क्लासेज तक चला रही हैं।

## इग्नू और डिस्टेंस एजुकेशन

जो युवा नियमित कॉलेज नहीं जा सकते हैं, उनके लिए पढ़ाई करने और करियर बनाने के लिए एक बेस्ट यूनिवर्सिटी है। इग्नू की पढ़ाई का तरीका अन्य पारंपरिक यूनिवर्सिटीज से अलग है। इग्नू ने पढ़ाई का एक मल्टीमीडिया नजरिया अपनाया है। विज्ञान, कम्प्यूटर, नर्सिंग, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी में पाठ्यक्रम भी शामिल है। यहां बीए जनरल कोर्स के साथ ही बीएससी जनरल की पढ़ाई भी होती है, जिसमें गणित, भौतिकी, रसायन, बॉटनी और जूलॉजी जैसे विषय भी पढ़ाए जाते हैं। यहां बीकॉम भी है। इसके अलावा बीबीए इन रिटेलिंग, बैचलर ऑफ टूरिज्म स्टडीज, बैचलर ऑफ सोशल वर्क और बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन जैसे कोर्स हैं। इसके अलावा वोकेशनल ट्रेनिंग के रूप में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी है। यहां बीएड और डिप्लोमा इन एजुकेशन यानी डीएड कोर्स भी अब डिस्टेंस एजुकेशन में शामिल हो गया है।

## डिस्टेंस एजुकेशन की विशेषताएं

- डिस्टेंस एजुकेशन में स्टूडेंट को नियमित तौर पर किसी संस्थान में जाकर पढ़ाई करने की जरूरत नहीं होती।
- सूचना क्रांति और इन्टरनेट के कारण डिस्टेंस एजुकेशन और आसान एवं प्रासंगिक हो गयी है।
- विजुअल क्लासरूम लर्निंग, इंटरैक्टिव ऑनसाइट लर्निंग और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्टूडेंट्स देश के किसी भी राज्य में रहकर घर बैठे पढ़ाई कर सकते हैं।
- डिस्टेंस एजुकेशन से पढ़ाई करने की फीस काफी कम है।
- जॉब करने के साथ-साथ पढ़ाई की जा सकती है।
- कम अंक आने पर भी मनपसंद कोर्स में दाखिला मिल जाता है।
- किसी भी कोर्स के लिए उम्र बाधा नहीं होती है।
- साधारण कोर्स के साथ ही वोकेशनल कोर्स तथा प्रोफेशनल कोर्स भी किये जा सकते हैं।

## प्रमुख डिस्टेंस एजुकेशन सेंटर्स

- इग्नू, दिल्ली
- सिम्बायोसिस सेंटर फॉर डिस्टेंट लर्निंग, पुणे
- कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र
- दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली
- अन्नामलाई यूनिवर्सिटी, तमिलनाडु
- पांडिचेरी यूनिवर्सिटी, पुड्डुचेरी
- हिमाचल यूनिवर्सिटी, शिमला
- गुरु जंभेश्वर, हिसार
- एमडीयू, रोहतक
- पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी
- सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी

